बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 2 मई 2024
वर्ष-2, अंक-251, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना 18

अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग 2

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की दर 19 रुपये घटी



**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमत में बुधवार को मामूली 0.7% की वृद्धि के साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.7% बढ़कर 101,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 19 रुपये घटाकर 1,745.50 रुपये कर दी। इस सिलेंडर की कीमत में एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती हुई थी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है।

### डीआरडीओ ने किया 'स्मार्ट' का परीक्षण



**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार सुबह ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार 'स्मार्ट' अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्का टॉरपीडो वितरण प्रणाली है, जिसे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को हल्के टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह प्रणाली नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को बढ़ायेगी।

### शाहजहां के फरार भाई को सीबीआई का समन

**कोलकाता।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में जमीन हथियाने के मामले की जांच में टीएमसी से निलंबित एवं गिरफ्तार शाहजहां शेख के भाई को बुधवार को समन जारी किया। शाहजहां का भाई शेख सिराजुद्दीन फरार है तथा सीबीआई का मानना है कि उसने इस घोटाले में अहम भूमिका निभाई है। अधिकारी ने कहा कि छह मई को कोलकाता कार्यालय में सिराजुद्दीन को पेश होने के लिए समन जारी हुआ है। उसके घर पर न होने के पर टीम ने वहां समन चस्पा कर दिया।

# दुष्कर्म के बाद किशोरी की फंदे से लटकाकर हत्या

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- तिर्वा कन्नौज के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी फरार

**अमृत विचार :** थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर बरामदे में सो रही किशोरी से मारपीट और धमकाकर दुष्कर्म किया गया। शिकायत करने की बात कहने पर आरोपी ने उसे फंदे पर लटका कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी (14) के परिजन मंगलवार की रात शादी समारोह में गए थे। किशोरी घर के बाहर बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान कनकपुर्वा गांव का विवेक पहुंचा और डरा-धमका कर दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने शिकायत करने की धमकी दी तो आरोपी ने उसे फंदे पर लटका कर हत्या कर दी। देर रात परिजन घर पहुंचे तो उन्हें घटना का पता चला। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म व हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

# बना रिकॉर्ड, जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी



- घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये का संग्रह

देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से ऐसा हुआ है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4%) और आयात (8.3%) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया। जीएसटी मार्च में 1.78 लाख करोड़ से अधिक रहा जबकि अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक गत माह केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। अप्रैल में कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये भी हैं। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 50,307 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी के लिए 41,600 करोड़ रुपये का निपटान किया।

डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी होने से प्रणाली में दूसरे दौर के सुधारों की दिशा में बढ़ने का मंच तैयार हो गया है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज में साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में इसका औसत मासिक संग्रह करीब 0.90 लाख करोड़ था लेकिन अब यह 2.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।

### आर्थिक गतिविधियों में तेजी और दक्ष कर संग्रह से यह संभव हुआ : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता के दम पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। सीतारमण ने 'एक्स' पर इस मील के पत्थर को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय और राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गतिविधियां और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। घरेलू लेनदेन और आयात में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बीते साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

# दिल्ली-एनसीआर में 100 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल के जरिए मिली धमकी से छात्रों-अभिभावकों में दहशत, रूस से भेजे जाने का संदेह

नई दिल्ली/नोएडा, एजेंसी

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल से मिली धमकी के बाद बुधवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच में उन्हें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि यह धमकी एक अफवाह प्रतीत होती है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि स्कूलों को जो ईमेल मिला है, वह एक ही स्रोत से भेजा गया है जिसका मकसद दहशत फैलाना था। उन्होंने कहा कि इसके रूस से भेजे जाने का संदेह है। उन्होंने कहा कि यह भी हो सकता है कि दोषियों ने डार्क नेट का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा ली हो।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस आईपीसी के कड़े प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, उसे बुधवार दोपहर 12 बजे तक विभिन्न स्कूलों से ऐसे 97 फोन कॉल आए जिनमें बम रखे होने की धमकी की जानकारी दी गई थी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने सभी स्कूलों की गहन जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।



डीपीएस को बम की धमकी के बाद निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी।

- गृह मंत्रालय ने कहा- सभी स्कूलों को एक ही स्रोत से भेजे गए ईमेल

### पुलिस ने ईमेल के स्रोत का पता लगाया

दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने अनेक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए भेजे गए ईमेल के स्रोत का पता लगा लिया है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। सक्सेना ने मॉडल टाउन के डीएवी स्कूल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बम रखे होने की धमकी वाले ईमेल पर बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ स्कूल परिसरों में सघन तलाशी ली। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने 'एक्स' पर लिखा कि जांच में कुछ नहीं मिला है। नोएडा में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की नोएडा और ग्रेटर नोएडा स्थित शाखाओं और अन्य स्कूलों को भी धमकी भरे ईमेल भेजे गए।

### बिहार राजभवन को भी धमकी, बढ़ी सुरक्षा

**पटना।** बिहार के राजभवन में बम की सूचना वाले ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि राजभवन में जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। मंगलवार सुबह राजभवन और बिहार पुलिस को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें राज्यपाल के आवास में बम की जानकारी है, जो अफवाह रहा।

### लखनऊ के एमिटी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** वृन्दावन योजना सेक्टर आठ स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने धमकी मिली जो जांच में फर्जी निकली। बम स्क्वायड व पुलिस ने बच्चों को बाहर निकालकर सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी पूर्व प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बम से उड़ाने का मेल स्कूल के आइडी पर आया था।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोविशील्ड का मामला

# विशेषज्ञ समिति से कराई जाए दुष्प्रभावों की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार, ब्रिटेन मुख्यालय वाली दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ उसका टीका बहुत दुर्लभ मामलों में कम प्लेटलेट काउंट और रक्त के थक्के बनने का कारण बन सकता है। इस टीके को भारत में कोविशील्ड के रूप में लाइसेंस के तहत बनाया गया था।

वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका में केंद्र को उन लोगों को मुआवजे के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, जो गंभीर रूप से दिव्यांग हैं या जिनकी कोविड के दौरान लगाए गए टीके के किसी भी दुष्प्रभाव के कारण मृत्यु हो गई है। दावा किया गया है कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ संबंध को स्वीकार किया है, जिसमें असामान्य रूप से प्लेटलेट्स का स्तर कम होता है और रक्त के थक्के बनते हैं। याचिका में कहा गया है कि कोविड-19 के बाद दिल का दौरा पड़ने और व्यक्तियों के बेहोश होने से मौत के मामलों में वृद्धि हुई है। युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

### कंपनी से चंदा लेकर हत्या का षड्यंत्र रचा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर एक वैक्सीन निर्माता से राजनीतिक चंदा वसूलने के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की।

### मामले में स्पष्टीकरण दे केंद्र सरकार : राजीव शुक्ला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार कोविशील्ड वैक्सीन प्रकरण पर तत्काल स्पष्टीकरण दे।

# सलमान के घर फायरिंग के आरोपी ने की आत्महत्या

मुंबई, एजेंसी

- हवालात में चादर से फंदा बना लगा ली फांसी
- हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में था गिरफ्तार

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने गोलीबारी करने के एक आरोपी ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के हवालात में बुधवार को आत्महत्या करने की कोशिश और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय अनुज थापन ने हवालात के शौचालय में चादर से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थापन को सरकारी जीटी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में दुर्घटना से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि थापन मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था और उसे सोनू कुमार बिश्नोई के साथ कथित तौर पर शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पाल और गुप्ता को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# स्कूल के छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म, तीन पर केस

भोपाल, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिए एसआईटी से जांच के आदेश

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने के आदेश दिए, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने इस घटना को लेकर उनकी सरकार पर निशाना साधा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना वास्तव में कब हुई। मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में एक शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार रात तीन लोगों के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रद्धा तिवारी ने बताया कि आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि लड़की ठीक से कुछ बता नहीं पा रही है। हम पीड़िता से दोबारा बात कर आरोपी की पहचान करेंगे। हम पहले उसकी मेडिकल जांच कराएंगे और बयान दर्ज करेंगे।

भदौरिया ने कहा कि छात्रावास की सीसीटीवी फुटेज बरामद कर ली गई है क्योंकि घटना की तारीख स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि भोपाल के एक स्कूल में छोटी बच्ची से दरिंदगी की घटना दिल दहला देने वाली है।

### उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म

**आचार्य और सेवादार के खिलाफ रिपोर्ट**

**उज्जैन।** शहर के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों का यौन शोषण का आरोप लगा है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। दोनों के खिलाफ महाकाल थाने में मंगलवार देर रात 12.30 बजे मामला दर्ज किया गया। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया जबकि सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था। दोनों बच्चों को कमरे में बुलाकर घिनौना काम करते थे। शुरू में तीन बच्चों के साथ गलत काम होने की जानकारी सामने आई। अभिभावकों ने मंगलवार को बैठक की तो पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। आश्रम संचालक ने बताया कि कुछ समय पहले अभिभावकों ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। फिर एक के बाद एक बच्चों की शिकायत आने लगी। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- दावा : पंजाबी गायक मूसेवाला हत्याकांड में था मुख्य आरोपी

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की कथित तौर पर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित होटल फेयरमाउंट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक अमेरिकी समाचारपत्र के अनुसार मंगलवार की शाम 5.25 बजे अज्ञात हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में इसकी जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारत सरकार ने बराड़ पर यूएपीए लगा रखा है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है। वह भारत में कई बड़े अपराधों में शामिल है। लंबे समय से बराड़ के कनाडा में होने की बात मानी जा रही थी। साल 2019 में बराड़ स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई करने के लिए कनाडा गया था। वह कनाडा के 25 मोस्टवांटेडों में शामिल था। भारत के कई नेताओं को धमकी भरे फोन कॉल करने, फिरौती और हत्याओं के दावों को पोस्ट करने में भी आरोपी है।

# सीबीआई ने की 10 राज्यों में 30 स्थानों पर छापेमारी, कई अहम चीजें बरामद

चेन्नई, एजेंसी

- एप से आधारित निवेश योजना के सिलसिले में की गई कार्रवाई

सीबीआई ने बुधवार को एप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाले निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच के दौरान 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान सीबीआई टीम ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद कीं।

सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन एप से जुड़ी निवेश योजना के तहत धोखाधड़ी की शिकायत पर दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन एप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी थे। जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करते थे। एचपीजेड एक एप आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं। सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट की भी जानकारी मिली। सीबीआई ने बताया कि आरोपी पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में निवेश पर भारी लाभ मिलने का प्रलोभन देकर एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश कराते थे। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 150 बैंक खातों का प्रयोग निवेशकों से धन एकत्र करने में किया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में निवेशकों को विश्वास में लेने के लिए भुगतान के लिए किया जाता था।

# अब्बास अंसारी को जमानत देने से हाईकोर्ट का इंकार

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने चित्रकूट जेल कांड मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने बुधवार को पारित किया।

इसके पूर्व न्यायालय ने अब्बास अंसारी और राज्य सरकार के वकीलों की बहस सुनने के पश्चात 24 अप्रैल को मामले में निर्णय सुरक्षित कर लिया था। मामले में अब्बास के साथ चित्रकूट जेल के अधिकारी व अब्बास की पत्नी निखत बानो को अभियुक्त बनाया गया था।

# मई में उत्तर भारत में पड़ेगी सामान्य से अधिक गर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और दो से चार दिन लू चल सकती है।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केवल पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उनके मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत में पारा सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। इसी तरह उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, गंगा के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है। महापात्र ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, प. बंगाल, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है।

### आईएमडी का अलर्ट




### देशभर में सामान्य बारिश का अनुमान

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि मई 2024 में देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक और शेष भागों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना और तमिलनाडु में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए बेहतर एकादश बनाने में जुटी सभी टीमें

## जेक फ्रेजर मैकगुर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह

**सिडनी, एजेंसी**

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। आईपीएल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगुर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है।

मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस,

जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंग्लस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा शामिल हैं।

## अफगानिस्तान ने किया टीम का ऐलान

**काबुल, एजेंसी**

अफगानिस्तान ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राशिद खान की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान की टीम में केवल चार बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और बैकअप विकेटकीपर मोहम्मद इशाक को शामिल किया है।

टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत और नांगेयालिया खरोटे के रूप में छह ऑलराउंडर्स को जगह दी गई है। अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुजीब और नूर, राशिद पर होगी। इसके अलावा टीम में नबी और खरोटे भी टीम में हैं। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर नवीन उल हक एकमात्र दाहिने हाथ के गेंदबाज हैं। उनके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज फजलहलक फारूकी और फरीद अहमद भी टीम में हैं। नूर, जनत और इशाक के लिए यह पहला टी-20 विश्वकप होगा। इसके अलावा हजरतउल्लाह जजई भी 15 सदस्यीय टीम में नहीं हैं। उन्हें रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

## न्यूयॉर्क में फ्लोरिडा से लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

**न्यूयॉर्क।** आगामी टी20 विश्व कप के लिये फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी। ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवन के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।

# चेन्नई ने पंजाब को दिया 163 रन का लक्ष्य

## सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज ने खेली 62 रन की शानदार पारी, धोनी ने बनाए 14 रन



अर्धशतक पूरा करने बाद दर्शकों का अभिवादन करते चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़।>>



**चेन्नई, एजेंसी**

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और अजिंक्य रहाणे (29) की शानदार पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने बुधवार को आईपीएल के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। हालांकि इस जोड़ी के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी।

नौवें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने पहले अजिंक्य रहाणे 24 गेंदों में (29) और इसी ओवर में शिवम दूबे (शून्य) पर आउटकर पंजाब को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद रवींद्र जडेजा (2) और समीर रिजवी (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मोईन अली (15), एमएस धोनी(14) रन बनाकर आउट हुए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 48 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (62) रन बनाए। डैरिल मिचेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने दो-दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह एक-एक विकेट मिला।

**64** रनों की साझेदारी कर सलामी जोड़ी ने दिलाई बेहतर शुरुआत के बाद लड़खड़ाया मध्यक्रम

**चेन्नई 162/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 | 24 | 5/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 | 48 | 5/2 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 0 | 1 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 2 | 4 | 0/0 |
| समीर रिजवी का हर्षल बो रबाडा | 21 | 23 | 1/0 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 | 9 | 1/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 | 11 | 1/1 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## खेल डायरी

### घोषणा में देरी का कारण खिलाड़ियों की फिटनेस

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन संबंधी समस्याओं के कारण अपनी विश्व कप टीम की घोषणा को मई के अंत तक टाल दिया है। पीसीबी ने कहा कि पाकिस्तान 23 या 24 मई को अपनी टी20 विश्व कप टीम की घोषणा करेगा जो आईसीसीद्वारा प्रतिस्पर्धी टीमों के लिए विश्व कप तकनीकी समिति से अनुमति के बिना अपनी टीम में बदलाव करने के लिए निर्धारित समय सीमा भी है। प्रबंधन और चयनकर्ता मुहम्मद रिजवान, आजम खान, इरफान खान नियाजी और हारिस राउफ की मामूली चोटों से चिंतित हैं और आयरलैंड तथा इंग्लैंड में उनके प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। चयनकर्ता गुरुवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा करेंगे। टीम प्रबंधन और चयनकर्ता विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले चयनित खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन का आकलन करेंगे। अब तक भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने अपनी विश्व कप टीमों की घोषणा की है।


### मुंबई पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने कहा मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था तो पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। बाकी सदस्यों पर छह छह लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

### महिला हॉकी लीग में हरियाणा-महाराष्ट्र जीते

**रांची।** हरियाणा ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन बुधवार को यहां मणिपुर को 8-0 जबकि महाराष्ट्र ने मिजोरम को 3-0 से हराया। हरियाणा के लिए एकतरफा जीत में शशि खासा (49वें, 50वें और 56वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि रितिका ने दो गोल दागे। टीम के लिए पूजा (दूसरे मिनट), मंजू चौरसिया (20) और भतेरी (37) ने एक-एक गोल किया। महाराष्ट्र को भी मिजोरम के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। तनुश्री दिनेश काडू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके महाराट्र को बढ़त दिलाई जबकि मोनिका टिर्की ने 26वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### सेमीफाइनल में पहुंचे चार भारतीय मुक्केबाज



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। यशवर्धन (63 .5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश: चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। युवा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) बुधवार रात अपने-अपने युवा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में उतरेंगे।

# जीत के ढर्रे पर आना चाहेगी हैदराबाद

**हैदराबाद, एजेंसी**



लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही।

दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है । पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी और कप्तान सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास चहल, बोल्ट का अनुभव और आवेश, संदीप का जोश है।

## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल

# ये यादें साथ रहेंगी : राफेल



**मैड्रिड।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने हराया। हार के बाद नडाल ने कहा यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने कारेन खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। जिन्होंने ओंस जबाउर को हराया।




## राजामौली ने बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का किया ऐलान



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का ऐलान कर दिया है। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है। एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा। वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

## दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के फैंस को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद एक साथ दिखेंगे। बताया जा रहा है कि जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अक्षय और अरशद जल्द ही दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चल सकती है। बताया जा रहा है कि 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी और 2025 में फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे सकती है।

## एमएसके प्रसाद बोले-काफी होंगे तीन तेज गेंदबाज, अमेरिका और वेस्टइंडीज में धीमी पिचों की उम्मीद

# क्या विश्व कप की चुनौती में सफल हो पाएंगे अर्शदीप और सिराज

- आईपीएल के इस सत्र में अब तक महंगे साबित हुए हैं दोनों की भारतीय तेज गेंदबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था।

मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। भारत के लिए सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है।

सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। वहां की पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए वे चार स्पिन विकल्पों के साथ जा रहे हैं। प्रसाद ने टीम को संतुलित बताया, हालांकि उन्हें लगता है कि राहुल इसमें जगह पाने के हकदार थे। बल्लेबाजी के नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल जैसा खिलाड़ी चूक गया है लेकिन मुझे यकीन है कि वह जोरदार वापसी करेगा।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पिता के लापता होने पर दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

**रूरा।** दम्मूपुरवा के नितिन पाल ने बताया कि पिता विश्वनाथ 23 अप्रैल की सुबह अपने मित्र के यहां कानपुर शादी में जाने की बात कहकर निकले थे। तीन दिन बाद भी वापस नहीं आए तो तलाश शुरू की। पता चला कि वह शादी में कानपुर पहुंचे ही नहीं है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि गुमशुदगी पर व्यक्ति की तलाश कराई जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत गंभीर

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गादासपुर गांव निवासी विनय ने बताया कि उसके भाई संतोष (45) ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हुई

**रनियां।** आजमगढ़ निवासी अमन ने बताया कि वह महाराष्ट्र से आजमगढ़ अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह रनियां थाना क्षेत्र के किसरवल मोड़ के समीप पहुंचे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। एसओ महेंद्र पटेल ने कहा कि तहरीर पर कार्रवाई होगी।

# पत्नी की हत्या कर शव फेंकने वाला पति और दोस्त गिरफ्तार

## अमराहट क्षेत्र में प्लास्टिक की बोरी में भरकर फेंका गया था औरैया की महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



पुलिस हिरासत में विवाहिता के हत्यारोपी। अमृत विचार




घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** औरैया की रहने वाली विवाहिता की हत्या कर शव प्लास्टिक की बोरी में भरकर अमराहट डेरा नहर किनारे यूकेलिप्टिस बाग में फेंकने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं शव फेंकने में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली गई है।

अमराहट थाना क्षेत्र के अमराहट डेरा में कैनाल पंप जाने वाले मार्ग पर पूर्व प्रधान बच्चन सिंह के यूकेलिप्टस के बाग में रविवार की सुबह प्लास्टिक की सफेद बोरी में एक महिला का शव मिला था। वहां से निकल रहे एक युवक ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। घटना की जानकारी पर एएसपी राजेश पांडेय, सीओ संजय वर्मा व थाना प्रभारी ने छानबीन की थी। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए थे। पुलिस ने महिला की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर लोगों से शिनाख्त करने की अपील की थी। घंटों बाद उसकी पहचान औरैया के पढ़ीन दरवाजा निवासी पूजा बाथम (30) पुत्री कल्लू बाथम के रूप में हुई थी।

- शव फेंकने में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद हुई

इस मामले में पूजा की मां शांति देवी ने तहरीर देकर दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर दामाद राहुल कुमार, ससुर वीरेंद्र, देवर बादल व सास निवासी पढ़ीन दरवाजा, कोतवाली औरैया के खिलाफ हत्या कर शव अमराहट डेरा नहर किनारे बाग में फेंकने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। अमराहट थाना प्रभारी जीतमल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बुधवार को महटौली पुल के पास नामजद पति राहुल कुमार व उसके साथी रोहित निवासी बनारसी दास औरैया को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक अर्टिगा कार भी बरामद की गई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी पति राहुल कुमार ने बताया कि उसने साथियों के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर शव चादर में लपेटकर प्लास्टिक के बोरे में भरकर अमराहट डेरा जाने वाले रास्ते पर नहर किनारे बाग में फेंका था। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

# यू-डायस नंबर पता कर बच्चों का प्रवेश कराएं

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के पोर्टल पर सैकड़ों निजी स्कूल पंजीकृत हैं, जबकि सैकड़ों स्कूलों की जानकारी विभाग के पास नहीं है। उन निजी स्कूलों के पास मान्यता नहीं है और संचालन किया जा रहा है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। अभिभावक गैर मान्यता वाले स्कूलों को नहीं पहचान पा रहे हैं। ऐसे में स्कूल के यू-डायस नंबर की जानकारी करने के बाद ही प्रवेश कराएं, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है।

जिले में बिना मान्यता के भी तमाम स्कूल चल रहे हैं। स्कूल के फर्जी होने पर बच्चे का भविष्य प्रभावित हो सकता है। स्कूलों के फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए यू-डायस पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूलों का ब्योरा अंकित किया गया है। इस पोर्टल पर पंजीकृत होने वाले स्कूलों को एक यू डायस नंबर भी जारी किया गया है। यह नंबर इस स्कूल की पहचान है। पोर्टल पर पंजीकृत स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का विवरण भी इसी पोर्टल पर अपलोड होता है। जिस बच्चे का विवरण पोर्टल पर अपलोड होता है उसका एक पर्सनल एजूकेशन नंबर जारी होता है। यह नंबर बच्चे की पहचान होती है। यू-डायस नंबर न होने पर बच्चे का दाखिला दूसरे स्कूलों में नहीं हो सकेगा। जिस स्कूल के पास यू-डायस नंबर होगा वह बच्चों को पेन जारी कर सकेंगे। बीएसए रिद्धी पांडेय ने कहा कि अभिभावक मान्यता व बिना मान्यता स्कूल के बावत यू-डायस नंबर की जानकारी कर सकते हैं।

### यू-डायस पर दर्ज होता ब्योरा

- यू-डायस पोर्टल पर सभी स्कूलों व उसमें पढ़ने वाले बच्चों का ब्योरा दर्ज किया जाता है। जब बच्चा स्कूल की पढ़ाई पूरी कर लेता है। उसकी टीसी पर स्कूल का यू-डायस नंबर तथा बच्चे का पेन नंबर अंकित किया जाता है। इसी आधार पर बच्चे का दूसरे स्कूल में प्रवेश होगा। वरना कोई स्कूल बिना पेन नंबर के बच्चे का प्रवेश नहीं लेगा। बच्चे का प्रवेश कराते समय स्कूल का यू-डायस कोड अवश्य पूछे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की छिनी जिंदगी

**रनियां।** मायके से भाभी को लेने जा रहे बाइक सवार युवक को वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां उसकी मौत हो गई।

कानपुर नगर के थाना चौबेपुर के भट्ठा कोठी निवासी अंकित कुमार (22) बुधवार को अपनी भाभी सोनम को लेने अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के निरंजनपुर गांव बाइक से जा रहा था। तभी कानपुर-इटावा हाईवे पर उमरन गांव के समीप कानपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से निकल रहे राहगीरों ने सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेस से घायल को जिला अस्पताल अकबरपुर भेजा। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। डॉक्टर ने शव को मोर्च्यरी में रखवाया और मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी। इस संबध में रनियां एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।





हादसे के बाद क्लीनिक के अंदर बिखरी मौरंग और क्षतिग्रस्त सामान, क्लीनिक को तोड़कर पलटा पड़ा ट्रक। अमृत विचार

# क्लीनिक में पलटा ट्रक, डॉक्टर घायल

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** वाहन को साइड देने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित होकर मकान में संचालित क्लीनिक को तोड़ते हुए पलट गया। हादसे में क्लीनिक का चिकित्सक घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी भेजा।

- सड़क किनारे मौरंग होने और दूसरे वाहन को साइड देने के दौरान हुआ हादसा

डेरापुर नगर पंचायत के प्रतापनगर निवासी ट्रक चालक राजा खां ने बताया कि कुढ़ावल गांव में रोड किनारे जमा मौरंग के कारण दूसरे वाहन को साइड देने के दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर मकान में बने क्लीनिक की दीवार तोड़ते हुए पलट गया। क्लीनिक डेरापुर निवासी डॉक्टर विवेक का बताया जा रहा है। आसपास के लोगों ने किसी तरह घायल हुए चिकित्सक को बाहर निकाला। हादसे में बिजली के दो खंभे भी टूट कर गिर गए।

गांव के लोगों ने बताया कि राजेश पांडेय की रोड किनारे करीब एक पखवारे से मौरंग पड़ी हुई है, जिससे आए दिन कोई न कोई हादसा होता है। कई बार कहने के बावजूद मौरंग नहीं हटवाई गई, जिससे हादसा हो गया। सूचना पर पहुंचे डेरापुर थाना के एसआई केशव देव ने ट्रक को किनारे कराया और घायल चिकित्सक को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। पुलिस ने मौरंग को तत्काल हटाने के भी निर्देश दिए।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चौरा गांव के समीप झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। देर शाम तक पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास में जुटी रही।

अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि स्थानीय लोगों से उन्हें सूचना मिली कि चौरा गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया है। जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही वह पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु नहीं मिली, जिससे शिनाख्त नहीं हुई। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष के आसपास है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर भेजा है।

# त्रिपुरा के बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ जवान की मौत

संवाददाता, रूरा

- सूचना आते ही परिवार वालों में मच गया कोहराम
- परिवार त्रिपुरा रवाना, गांव लाया जाएगा पार्थिव शरीर

**अमृत विचार।** मक्कापुरवा के रहने वाले बीएसएफ जवान की त्रिपुरा बार्डर पर तैनाती के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।



महेश यादव।

रूरा क्षेत्र के मक्कापुरवा के रहने वाले महेश यादव (50) वर्ष 1990 में सीमा सुरक्षा बल में भर्ती हुए थे। उनकी बीते सोमवार की रात को त्रिपुरा में हृदय गति रुकने से अचानक मौत हो गई। महेश यादव बीते 17 अप्रैल को छुट्टी से वापस ड्यूटी पर त्रिपुरा गए थे। हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया और जवान की पत्नी सीमा, बेटा उज्जवल, बेटी सुमति समेत अन्य परिजन बिलखने लगे।

बीएसएफ जवान की पत्नी सीमा ने बताया कि सोमवार रात में उन्हें फोन से अधिकारी ने पति की मौत होने की जानकारी दी। जिसके बाद आनन फानन में परिवारीजन त्रिपुरा के लिए रवाना हो गए। बुधवार देर शाम तक पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की संभावना है। वहीं जवान के निधन पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे।

## सार-संक्षेप



आग से जली फसल देखते किसान। अमृत विचार

### आग से ढाई बीघा गेहूं जला, जूझते रहे किसान

**रूरा।** क्षेत्र के देवकीपुरवा में अज्ञात कारणों से खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे करीब ढाई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। डेरापुर तहसील क्षेत्र के बनीपारा गांव के मजरा देवकीपुरवा में बुधवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे बनीपारा के अजीत सिंह की डेढ़ बीघा व मंजीत सिंह की एक बीघा समेत कुल ढाई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की घटनाओं से कई किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। वहीं आग लगने के बाद सूचना देने पर भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नही पहुंची। जिससे नुकसान अधिक हुआ और ग्रामीणों ने खुद मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे लेखपाल अवधेश कुमार ने बताया कि नुकसान का आकलन कर तहसीलदार को रिपोर्ट भेज दी गई है।

### आग से आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**रसूलाबाद।** बुधवार दोपहर भूसा बनाने वाली मशीन से निकली चिंगारी से आग लग गई। जिससे आठ बीघा खेत में खड़ी फसल व गट्ठर जलकर राख हो गए। लेखपाल ने नुकसान का आंकलन किया है। रसूलाबाद क्षेत्र के चतुर निवादा रतनपुर गांव में प्रदीप कुमार के खेत में कंपाईन मशीन से कटी पड़ी फसल को भूसा बनाने की मशीन से निकली चिंगारी से आग लग गई। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। आग ने धीरे-धीरे खड़ी गेहूं फसल व गट्ठरों को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने सूचना पुलिस व दमकल को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक शिशुपाल, लोकेंद्र सिंह, शोभा गौर, शिवराम सिंह, नरेंद्र पाल सिंह, लाल सिंह, विश्राम सिंह, बलराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, चक्रपाल सिंह व सुखराम सिंह की करीब आठ बीघा गेहूं फसल व गट्ठर जल गए। ग्रामीणों ने सूचना तहसीलदार सुभाष चंद्र को दी। तहसीलदार ने बताया कि लेखपाल सौरभ शुक्ला को क्षति आंकलन के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलते ही आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

### घर-घर पहुंच रहे बीएलओ



मतदाताओं को जागरूक करते बीएलओ।

**कानपुर देहात।** जनपद में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं की सहायता के लिए वोटर गाइडलाइन बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर प्रदान की जा रही है। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। रसूलाबाद की ग्राम पंचायत ताजपुर तरसौली के बीएलओ रामचंद्र ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय आलोक सिंह द्वारा मतदाता गाइड पुस्तिका प्रदान की गई थी। जिसमें मतदाताओं के लिए मतदान से संबंधित सारी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। पुस्तिका में महत्वपूर्ण एप की जानकारी दी गई है। वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता मतदान स्थल आदि की जानकारी कर सकते हैं।



जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के प्रशिक्षण में जानकारी देते डीएम आलोक सिंह।

### जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण डीएम की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में दो पालियों में संपन्न हुआ। बुधवार को प्रशिक्षण में डीएम आलोक सिंह ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए प्रशिक्षण में जो जानकारियां दी जा रही हैं। उसे भली भांति समझ लें। जहां शंका हो उसका समाधान यथा समय कर लिया जाए। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है। ईवीएम-वीवीपैट के संबंध में जो भी जानकारी दी जा रही है। उसे गंभीरता से समझ लें, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आर्दश आचार संहिता का पूर्ण पालन करेंगे। प्रशिक्षण में एडीएम प्रशासन अमित कुमार, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डीआईओएस अचल मिश्रा, डीआईओ एनआईसी विकास गुप्ता, सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय सहित सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### युवक के पास से सट्टा पर्ची बरामद, रिपोर्ट दर्ज

**पुखरायां।** भोगनीपुर पुलिस ने चौरा गांव के समीप एक युवक के पास से पैसे व सट्टा पर्ची बरामद की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मो. इरशाद उर्फ बब्लू निवासी बील्हापुर बताया। पुलिस ने उस पर केस दर्ज किया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# बेसिक स्कूलों में पढ़ाने से पहले खुद पढ़ेंगे 'गुरुजी'

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद कक्षा एक व दो के पाठ्यक्रमों में बदलाव करते हुए नई पुस्तकों से पढ़ाई इसी सत्र से कराने जा रहा है। बदले पाठ्यक्रम की पुस्तकें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के मानकों पर प्रदेश के अनुकूल कस्टमाइज कर राज्य शिक्षा संस्थान ने तैयार की हैं। इस बदले पाठ्यक्रम के अनुरूप विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं को पढ़ाने के लिए पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

- एनसीईआरटी के मानकों पर पाठयक्रमों में हुआ बदलाव

बेसिक शिक्षा विभाग की कक्षा एक की पाठ्य पुस्तकों में सबसे बड़ा बदलाव किया गया है। इसमें हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषय को अलग कर दिया गया है। अभी यह सभी विषय कलरव नाम की पुस्तक में समाहित थे और इसी पुस्तक से विद्यार्थियों को सभी विषय पढ़ाए जाते थे। इसके अलावा कक्षा दो के विषयों की पुस्तकें भी बदली गई हैं। इस तरह अब नए सत्र में नई पुस्तकों से नए ढंग से पढ़ाई कराई जानी है। इसके लिए शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम से पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। मास्टर ट्रेनर के रूप में उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि शिक्षकों को नए पाठयक्रम के अनुरूप प्रशिक्षण देने के लिए जल्द तिथि तय की जाएगी।

# तलाक देने में पति समेत चार पर केस

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली में एक महिला ने दहेज की मांग पूरी न करने पर मारपीट करते हुये तलाक देने का मामला दर्ज कराया है।

राजस्थान के कोटा के मकबूल मंजिल निवासी अफसाना ने भोगनीपुर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 12 जनवरी को पुखरायां के जवाहर नगर के मो. अरशद के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति अरशद 29 अप्रैल को उसे भोपाल ले जाने के लिए ट्रेन में बैठ गया। फिर अरशद उसके साथ मारपीट करते हुए तलाक देकर ट्रेन में छोड़कर भाग निकला। आरपीएफ ने उसे झांसी से पुखरायां पहुंचाया। पुलिस ने अफसाना की तहरीर पर पति मो. अरशद, ससुर नफीसुल हसन, सास कामिनी व ममिया ससुर अकील अहमद पर केस लिखा है।

# ट्रक में फंसी बाइक, युवक की मौत

संवाददाता, रसूलाबाद



युवक की मौत के बारे में जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भट्ठी पर खोया बनाने जा रहे बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक ट्रक में फंसकर करीब सौ मीटर घिसटते चली गई और सवार युवक की मौत हो गई। आगे जाकर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।



दिनेश कुमार।

मूल रूप से रूरा थाना क्षेत्र के निजामतपुर गहलों निवासी दिनेश (40) अपने बहनोई अरविंद कुमार के कठारा गांव स्थित घर पर लगभग 20 वर्ष से रह रहा था। बुधवार की सुबह वह बाइक से पांडेय निवादा खोया बनाने भट्ठी पर जा रहा था, तभी रसूलाबाद-कानपुर मार्ग छुहिया नाला के निकट रसूलाबाद की तरफ से जा रहे ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक ट्रक में फंस गई और लगभग सौ मीटर तक घिसटते हुए चली गई, जिससे बाइक सवार दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई।

- खोवा बनाने जा रहा था युवक रसूलाबाद-कानपुर मार्ग पर छुहिया नाला के पास हादसा

वहीं ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। राहगीरों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी दी, जिस पर कोहराम मच गया। भाई पिंटू, मनोज, भांजे संदीप, ऋषि, सुधीर आदि बिलखते रहे। परिजनों ने बताया कि उसके पास चार बीघा खेत थे और वह अविवाहित था। उपनिरीक्षक देवनारायण द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। तहरीर का इंतजार है।

**अनदेखी** | तालाब में उगीं झाड़ियां, पानी की जगह कीचड़, आसपास फेंका जा रहा गोबर-कूड़ा

# सरगांव के सरोवर को 'अमृत' की दरकार

संवाददाता, संदलपुर



सरगांव खुर्द के अमृत सरोवर की तली में पानी और उगीं झाड़ियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन ने जल संचयन को बढ़ावा देने के साथ ही बारिश के पानी को संचित करने के लिए गांव-गांव तालाब एवं अमृत सरोवर निर्माण के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद गांवों में सरोवरों का निर्माण कर बड़े पैमाने पर पौधारोपण व तिरंगा फहराकर अमर शहीदों को नमन भी किया गया, लेकिन गर्मी में सरोवरों में पानी न होने से बेमसद साबित हो रहे हैं।

डेरापुर ब्लाक की ग्राम पंचायत सरगांव खुर्द में अमृत सरोवर का निर्माण हुआ है। तालाब की खुदाई के साथ चारों तरफ मेड़बंदी भी कराई गई, लेकिन सचिव की अनदेखी से अमृत सरोवर में झाड़ियां उग आई हैं। मौजूदा समय में तालाब की तली में नाम मात्र का पानी है। जबकि गर्मी की शुरूआत से पहले की कार्ययोजना बनाकर गांव के कम से कम एक तालाब में पानी भराने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन धरातल पर जल संचयन अभियान के तहत बनने वाले सरोवर बेमकसद साबित हो रहे हैं। ऐसे में गांव के लोगों ने तालाब के चारों तरफ गोबर, कूड़ा आदि डालते हैं। जिससे तालाब के अंदर पानी आने के रास्ते भी बंद हो गए हैं। लोगों का कहना है कि तालाब में पानी न होने से सबसे ज्यादा समस्या पशु-पक्षियों को हो रही है। उन्हें प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ता है। वहीं पालतू मवेशियों को भी हैंडपंप से पानी पिलाने पर मजबूर हैं। डीपीआरओ विकास पटेल ने बताया कि जल्द ही तालाब की साफ-सफाई कराकर पानी भराया जाएगा।

# मुगल रोड पर झाड़ियों से अक्सर होते हादसे

संवाददाता, मूसानगर



भोगनीपुर-चौडगरा मुगल रोड तक घिरीं कटीली झाड़ियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भोगनीपुर-चौडगरा मुगल रोड पर मूसानगर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी कटीली झाड़ियां हादसों को दावत दे रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार झाड़ियों की छटाई नहीं करा रहे हैं।

मूसानगर से भोगनीपुर जाने वाले मुगल रोड पर अकबराबाद तक बड़ी-बड़ी झाड़ियां राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। रोड के किनारे फुटपाथ पर पूरी तरह कटीली झाड़ियों का फैलाव है। कई जगहों पर तो फुटपाथ के बाद रोड तक कटीली झाड़ियां फैली हुई हैं, इससे राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रोड तक फैली कटीली झाड़ियों से साइकिल व मोटरसाइकिल सवार लोग अक्सर चुटहिल हो जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मूसानगर के पास स्थित ढाबा के सामने और हलिया मोड़ से नयापुरवा गांव के सामने समेत अन्य स्थानों पर बड़ी-बड़ी झाड़ियों ने फुटपाथ से लेकर सड़क तक कब्जा कर रखा है। इस बाबत लोक निर्माण विभाग के जेई वेद प्रकाश ने बताया कि लोकसभा चुनावों के बाद टेंडर कराकर कार्य कराए जाएंगे।

## एक नजर

### सीएचसी में वार्ड ब्यॉय का सिर फोड़ा, रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में तीमारदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर वार्ड ब्यॉय के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। मरीजों में अफरातफरी मच गई। चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर के अनुसार 27 अप्रैल को कल्याणपुर कश्यप नगर निवासी कन्हैया उर्फ कृष्णकांत तिवारी अस्पताल में दिखाने आए थे। उनकी वार्ड ब्यॉय नफीस से किसी बात को लेकर बहस हो गई। इस पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए उसका सिर फोड़ दिया। कल्याणपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मालगाड़ी के नीचे शव मिला

**कानपुर।** जीएमसी गोविंदपुरी में अधेड़ का शव मालगाड़ी के नीचे मिला। शिनाख्त नहीं हो सकी। जीएमसी में 10 नंबर खंभा के पास शव मिला। यहां देर रात करीब एक बजे मालगाड़ी आकर खड़ी हुई थी। बुधवार दोपहर मालगाड़ी के नीचे शव देखा गया। जीआरपी ने शव बाहर निकलवाया।

# भैरोघाट पर डेढ़ फीट घटा पानी, बढ़ेगा जलसंकट

## पंपिंग स्टेशन पर कच्चा पानी न मिलने से शहर में जलापूर्ति की समस्या बढ़ गई है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, गंगा नदी में पानी का जलस्तर भी कम होता जा रहा है। दो दिनों में भैरोघाट पर डेढ़ फीट जलस्तर घट गया है। जिससे रॉ-वाटर पंपिंग स्टेशन भैरोघाट पर कच्चा पानी मिलने में समस्या खड़ी हो गई है। अगर यही स्थिति रही तो शहर के 100 मोहल्लों में जलापूर्ति की चाल बिगड़ जायेगी।

जलकल के अनुसार रॉ-वाटर पंपिंग स्टेशन भैरोघाट पर गंगा का जलस्तर कम से कम 358 फीट बनाये रखने की जरूरत होती है। लेकिन, गर्मी बढ़ने की वजह से पीछे से पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया है। इससे इन्टेक प्वाइंट पर जलस्तर 356.5 फीट ही रह गया है। इससे भैरोघाट इन्टेक पर रॉ-वाटर लेने में दिक्कत आने लगी है। कच्चा पानी कम लिया जा पा रहा है। इससे शहर की ज्यादातर आबादी को जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है। जलकल महाप्रबंधक आनंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर न्यूनतम जलस्तर बनाये रखने को कहा है। जानकारी महापौर, नगर आयुक्त, मंडलायुक्त समेत सभी अधिकारियों को दी है।




रॉ-वाटर पंपिंग स्टेशन भैरोघाट पर कच्चा पानी एकत्र करने में समस्या हो रही है।

- गंगा का जलस्तर कम होने की वजह से जलकल को आया पसीना

> सिंचाई विभाग से गंगा का जलस्तर बनाये रखने को पत्र लिखा है। केस्को को भी कहा है कि भैरोघाट के ट्रांसफार्मर को भी जल्द दुरुस्त करा दें।
> – आनंद कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक जलकल

**358** फीट गंगा का जलस्तर जरूरी

**356.5** फीट ही रह गया है जलस्तर

**200** एमएलडी लिया जाता है रॉ-वाटर



साउथ सिटी के जूही मोहल्ले में हैंडपंप पर पानी भरते बच्चे। अमृत विचार

### गंगा बैराज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रांसफार्मर भी जला

रॉ-वाटर पंपिंग स्टेशन भैरोघाट का ट्रांसफार्मर भी जला हुआ है। यहां से पानी लिया जा सके इसके लिये जलकल ने बीते दिनों गंगा बैराज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रांसफार्मर उठाकर भैरोघाट पर लगा दिया है। जलकल महाप्रबंधक ने कहा कि यदि 200 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट गंगा बैराज का ट्रांसफार्मर खराब हुआ तो कई क्षेत्रों में पानी सप्लाई फिर से बाधित हो जायेगी।

## पानी पर पाबंदी...



एक ओर जहां जनता पानी के संकट से पीड़ित है तो वहीं जूही ढाल पुल के निकट खराब पड़े हैंडपम्प के बगल में लगे सरकारी नल में मोटर पम्प लगा कर पानी का दोहन किया जा रहा है। जब आवश्यकतानुसार पानी की आपूर्ति हो जाती है तब सरकारी नल को लोहे की जंजीर से ढक्कन लगाकर बंद कर दिया जाता है। जल ही जीवन है जल पर सभी का समान अधिकार है तो फिर यहां पाबंदी क्यों। फोटो– मनोज तिवारी

# रेप व धर्म परिवर्तन के प्रयास में रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**अमृत विचार।** महोबा की रहने वाली महिला का अपहरण कर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चकेरी थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

महोबा निवासी महिला ने पुलिस ऑफिस पहुंचकर बताया था कि करीब पांच वर्ष पहले उनके मोहल्ले के हाशिम मोहम्मद ने नहाते समय वीडियो बना लिया था। फिर ब्लैकमेल करके संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने 14 जनवरी 2022 को उनके पति की बाइक जलाकर परिवार को जान से मार देने की धमकी दी थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी हाशिम डरा धमकाकर 2 अप्रैल 2022 को उन्हें तीन बच्चों के साथ श्याम नगर ले आया था। जहां पर आरोपित उनके पति के नाम से फर्जी आधार कार्ड बनवाकर किराये पर रहने लगा था। कई बार दुष्कर्म किया और धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। मना करने पर उन्हें और बच्चों को मारा पीटा। आरोपी हाशिम के साथ उसकी पत्नी परवीन रोजी और साथी सलमान शूटर भी पीटते थे। महिला किसी तरह से बच्चों के साथ आरोपी के चंगुल से छूटकर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के पास पहुंची थी। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, हत्या के प्रयास, जबरन धर्म परिवर्तन कराने की धारा समेत 13 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## प्लेटफार्म पर जख्मी मिला दिल्ली का युवक

**कानपुर।** पनकीधाम स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर दिल्ली का युवक देर रात जख्मी हालत में मिला। आरपीएफ ने युवक का उपचार कराने के बाद परिजनों को सूचना दी। युवक के घरवाले स्टेशन पहुंचे और उसे अपने साथ ले गए।

प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात पनकीधाम रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक आरके मीणा गश्त पर थे, तभी प्लेटफार्म एक पर युवक को जख्मी अवस्था में पड़ा देखा। उसके हाथ और पैर में चोटें थी।

युवक ने अपना नाम अर्पित (18) पुत्र गणेश, निवासी पंजाबी बस्ती बलजीतनगर, थाना आनंद पर्वत, करोल बाग दिल्ली बताया। अर्पित ने बताया वह घर से नाराज होकर भाग आया था। ट्रेन से उतरते समय प्लेटफार्म पर गिर जाने के कारण चोट लगी है।

## बाइक रोकने के विरोध पर मारपीट

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में मैच खेलने के दौरान वहां से गुजर रहे बाइक सवार को युवकों ने जबरन रोक लिया और विरोध पर मारपीट करते हुए पथराव कर दिया। जिसमें युवक और महिला समेत मोहल्ले के चार लोग घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

विजय नगर भीम का हाता निवासी शंकर ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार शाम बाइक से घर लौट रहे थे। तभी मैच खेल रहे दूसरे समुदाय के युवकों ने रास्ता घेरकर जबरन बाइक रोक ली। विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट और पथराव कर दिया। जिसमें शंकर, लवकुश, महिला व एक अन्य युवक समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों ने शास्त्री नगर चौकी पहुंचकर पुलिस को आपबीती बताई तो पुलिस ने आरोपियों को मेडिकल के लिए भेज दिया। इस संबंध में काकादेव इंस्पेक्टर कालीशंकर गौड़ ने बताया कि युवक ने तहरीर दी है, आरोपियों की तलाश की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# हिस्ट्रीशीटर ने व्यापारी से मांगे 50 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जेल में बंद विधायक का मददगार होने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** बेकनगंज थानाक्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर ने व्यापारी के घर भेजकर 50 हजार की वसूली मांगी। विरोध किया तो उन पर जेल में बंद विधायक के मददगार होने का आरोप लगाया। आरोपी ने एक यू ट्यूब चैनल पर खबर चलवाकर उसे रोकने के लिए दोबारा दोगुनी वसूली मांगी। पीड़ित ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

पेंचबाग निवासी व्यापारी कलीम खान ने पुलिस को बताया कि 24 अप्रैल को शाम छह बजे एक व्यक्ति घर आया और बोला कि उसे कमर आलम निवासी जाजमऊ ने भेजा है। उन्होंने 25,000 रुपये की वसूली मांगी है। विरोध किया तो उस व्यक्ति ने कमर आलम के बारे में बताया कि वह यूट्यूब चैनल पर खबर चलाकर उसे बर्बाद कर देंगे। पीड़ित के अनुसार दूसरे दिन वह घर पर मौजूद थे, तभी कई लोगों ने फोन कर यूटयूब में खबर चलने की बात बताकर जेल में बंद विधायक के मददगार होने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि उसी दिन शाम लगभग सात बजे वही अज्ञात व्यक्ति दोबारा घर आया और कहा कि खबर रुकवानी है तो अब उसे 50 हजार रुपये देने पड़ेंगे। अज्ञात व्यक्ति ने चुन्नीगंज ऑफिस में आकर मिलने के लिए कहा। इस पर वह बेकनगंज थाने गया और जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कमर आलम थाना अनवरगंज से हिस्ट्रीशीटर है। बेकनगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि कमर आलम व एक अज्ञात पर रिपोर्ट लिखी है।

# बछाटी गांव को मूलभूत सुविधाओं की दरकार

संवाददाता, राजपुर

- इलाज के लिए 20 किमी की लगाते दौड़
- चंदा कर बस्ती में लगवाया विद्युत पोल

**अमृत विचार।** यमुना नदी किनारे बसा बछाटी गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा और सिचाई व्यवस्था की दरकार है। बीहड़ पटटी के वाशिंदों की समस्याओं को लेकर बुधवार को गांव में चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया तो लोगों ने सुविधाओं का दुखड़ा रोया और नेताओं पर तंज कसे।

राजपुर ब्लाक क्षेत्र की सिहुरा ग्राम पंचायत के मजरा गौहानी बछाटी यमुना नदी किनारे बसा है। गांव के ज्यादातर लोग खेती पर आधारित है। यमुना नदी किनारे गांव बसा होने से गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। विकास के नाम पर गांव केवल पक्की सड़क तक ही सीमित है। वर्ष 2003 में राजपुर के तत्कालीन विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री रहे महेश त्रिवेदी ने गांव में विद्युतीकरण व भुपैइय्या व बछाटी के मध्य राजकीय नलकूप लगवाया था। लेकिन तकनीकी खराबी के चलते राजकीय नलकूप पिछले कई वर्षो से खराब पड़ा है।



गौहानी बछाटी गांव में चुनावी चौपाल में चर्चा करते लोग। अमृत विचार



ग्राम सचिवालय में लटकता ताला। अमृत विचार

लोगों का कहना है कि समस्या समाधान का वायदा करने वाले प्रत्याशी को ही मतदान किया जाएगा। गांव के रामशंकर, हरिओम, श्यामजी, शिव प्रकाश पांडेय, विवेक पांडेय, लल्ला बाबू, रामअवतार पांडेय, अंकुश पाल आदि ने बताया कि गांव में सरकारी अस्पताल न होने से ग्रामीणों को बीस किलोमीटर दूर सिकंदरा या औरैया जाना पड़ता है। गांव में लाखों की लागत से मिनी सचिवालय बनाया गया है, लेकिन उसमे हमेशा ताला लटकता रहता है।

पंचायत सहायक, प्रधान व सचिव सचिवालय में नहीं बैठते हैं। जिससे ग्रामीणों को 23 किलोमीटर आय, जाति, निवास, खसरा-खतौनी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आदि के लिए सिकंदरा व राजपुर ब्लाक के चक्कर काटने पड़ते हैं। वर्ष 2003 में गांव में विद्युतीकरण तो कराया गया, लेकिन बस्ती तक तार नहीं डाले गए। जिसपर गांव बाहर लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से ग्रामीणों को चंदा कर बस्ती में पोल लगवाकर बिजली की व्यवस्था की। गांव में प्राइमरी विद्यालय तक ही शिक्षा का साधन है। उच्च शिक्षा के लिए तीन से चार किलोमीटर दूर सिहुरा या महटौली जाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि गांव में मूलभूत सुविधाएं न होने से आसपास क्षेत्र के लोग यहां शादी करने से भी कतराते हैं।

**हेल्थ अलर्ट** कॉर्डियोलॉजी संस्थान में एक सप्ताह में भर्ती हुए दिल के 65 रोगी

# सर्दी की बीपी वाली दवा गर्मी में मत खाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सर्दी वाली दवा में बदलाव करवाकर गर्मी में सेवन करने वाली डोज लें

**अमृत विचार।** जिन लोगों को ब्लड प्रेशर की समस्या है और वह अभी भी सर्दी के मौसम में निर्धारित की गई खुराक का सेवन कर रहे हैं तो उनको विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। सर्दी वाली बीपी की दवा गर्मी में खाने से दिल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं और मल्टी ऑर्गन फेल्योर की स्थिति भी हो सकती है। जिन रोगियों ने अभी तक दवा की डोज में बदलाव नहीं किया है, उनको तत्काल डॉक्टर से संपर्क कर दवा में बदलाव कर लेना चाहिए।

हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को डॉक्टरों ने जो खुराक दिसंबर में तय की थी, उसे रोगी अप्रैल माह की गर्मी में भी खा रहे हैं। इस वजह से उनका ब्लड प्रेशर तेजी से नीचे गिर रहा है और वह गश खाकर बेहोश हो जा रहे हैं। कॉर्डियोलॉजी संस्थान में एक सप्ताह में करीब 65 हृदय रोगी भर्ती हुए, जिनका बीपी काफी कम होने से समस्या हुई। साथ ही उनके किडनी और लिवर में भी खराबी पाई गई। इन रोगियों का सीरम क्रेटेनिन बढ़ा हुआ पाया गया। कॉर्डियोलॉजी संस्थान के निदेशक प्रो. राकेश वर्मा ने बताया कि बीपी के रोगियों को दवा का सेवन नियमित व सीमित मात्रा में करना चाहिए। रोगियों को जांच कराकर दवा की डोज समायोजित करा लेना चाहिए।



### ब्लड प्रेशर 90 से कम होना घातक

- वरिष्ठ कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि सिस्टोलिक यानी ऊपर का बीपी 90 के नीचे आने पर शरीर के दूसरे अंग फेल होने लगते हैं। सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 100 से कम नहीं होना चाहिए। नीचे का डायस्टोलिक बीपी 80 के नीचे जाने पर दिक्कत होती है। इस बीपी के नीचे आने पर नसों में खून नहीं पहुंचता। प्रेशर कम होने से नसें सिकुड़ने लगती हैं। सलाह है कि होली और दीपावली के बाद ब्लड प्रेशर जरूर चेक करा लेना चाहिए। दीपावली से सर्दी और होली के बाद गर्मी शुरू होती है।

### पुराने पर्चे देखने पर हो सकी जानकारी

- कार्डियोलॉजी के विशेषज्ञों के मुताबिक संस्थान में फजलगंज के दिनेश (47), बिरहाना रोड के पुष्पेंद्र (45), नौबस्ता के अरविंद (50), चमनगंज के नफीस (55), जनरलगंज के नरेश गुप्ता 49), नौबस्ता निवासी रामआसरे (65) व नवाबगंज के गिरिजेश (51) समेत 65 रोगी हृदय संबंधी समस्या से ग्रस्त होकर आए। चक्कर आना उसके बाद बेहद कमजोरी व उल्टी होना समेत आदि लक्षण मरीज व उनके तीमारदारों ने बताए। जब तीमारदार इनको कार्डियोलॉजी लाए तो ब्लड प्रेशर काफी कम था। जांच में रोगियों का ब्लडप्रेशर 50/90 पाया गया। जब विशेषज्ञों ने पुराने पर्चे देखे तो तब पता चला कि रोगी सर्दी वाली दवा अप्रैल में भी खा रहे हैं।

# 30 बोतल शराब समेत किशोर को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गाजियाबाद से किशोर जा रहा था बिहार

**अमृत विचार।** गाजियाबाद से बिहार जा रहा किशोर सेंट्रल स्टेशन पर 30 बोतल शराब सहित जीआरपी के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी ने दो बैग में भरी बोतलें बरामद कर युवक के खिलाफ कार्रवाई की है।

बिहार के नवादा नाजीगंज, भदौरा जग्गूपुर निवासी रघुनाथ कुमार (17) पुत्र सियाशरण बुधवार को हल्दिया एक्सप्रेस से बिहार जा रहा था। ट्रेन दोपहर में प्लेटफार्म चार पर पहुंची तो संदेह होने पर जीआरपी ने रघुनाथ का बैग चेक किया। पुलिस को दोनों बैगों से 30 बोतल हरियाणा ब्रांड की शराब मिली। जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बिहार में शराब बंदी के कारण मांग को देखते हुए ले जाई जा रही थी। वहीं मौजूदा समय में लोकसभा चुनाव है, इसलिए रघुनाथ पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई हुई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा की शराब बरामद होने पर धारा 63 के तहत कार्रवाई की जाती है। जबकि दूसरे प्रदेश की शराब बरामद होने अन्य धाराएं लगती हैं। इस समय शराब की दोगुनी से अधिक कीमत मिल जाती है।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम मूलचन्द्र से बदलकर मूलचन्द्र लोधी रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **पुत्र श्री हरीशंकर ग्राम करियामऊ थरियाँव फतेहपुर – 212622**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बीटेक तृतीय वर्ष 2017 इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (AKTU) अनु.1313821019 व इनरोलमेंट नं. 13182110417 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **पवन सिंह पुत्र वृजभूषण सिंह नि. ग्राम नेवादा कनू तह. अमेठी, जनपद अमेठी।**

**तलाश गस्ती–गुमशुदा**


**थाना बछरावां जनपद रायबरेली**

1. नाम पता गुमशुदा **– मनोज कुमार गौतम** (उम्र 45 वर्ष) **2. पिता का नाम** – छोटेलाल गौतम, **जाति**– गौतम **3. पता**– ग्राम जोहवा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली **4. सूचनाकर्ता** – श्री छोटेलाल पुत्र स्व0 बैजनाथ निवासी ग्राम जोहबा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली मो0नं0 8009630418 **हुलिया एवं पहनावा** – रंग–गोरा, आंख, नाक, कान कद औसत, **लम्बाई करीब**–05 फिट 3 इंच, **पहनावां**– नीली शर्ट चौखाना, पैन्ट नीली, काली चप्पल पहने हुए है। निवेदन है कि उक्त गुमशुदा मनोज कुमार के बारे में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो कृपया नीचे लिखे नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृपा करें।



(सय्यैद नियाजी हुसैन) उपनिरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0–7985873571
प्रभारी निरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0 9454404126

**गुमशुदा**



**श्री राम आसरे** पुत्र गंगा आयु 90 वर्ष लगभग, ग्राम– गदाईपुर, थाना– जहाँगीराबाद के निवासी हैं। यह 14 वर्षो से लापता हैं, इसकी सूचना F.I.R. दर्ज कराई जा चुकी है। अभी तक लापता हैं। **विजय कुमार पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम– गदाईपुर, परगना व तहसील नवाबगंज, जनपद– बाराबंकी।**

# दो जिलों को जोड़ रहा पीपा पुल, आज तक पक्का नहीं बना

**बड़ा मुद्दा**

संवाददाता, जाफरगंज-फतेहपुर

- सैकड़ों गांवों की बढ़ीं दूरियां, बारिश के दिनों में पीपे का पुल भी हो जाता ध्वस्त
- यमुना के बारा-गगौली घाट पर 30 सालों से हो रही पुल बनवाने की मांग

**अमृत विचार।** यमुना के इस पार से उस पार के सैकडों गांव को जोड़ने के लिए पुल न होने से दूरी बढ़ा रही है। बांदा व फतेहपुर जिले के लोग 30 सालों से नदी में पुल बनवाये जाने की मांग करते आ रहे हैं। बारिश के दिनों में कुछ महीनों के लिए आवागमन ठिठक जाता है। बारा गगौली में बनाया गया पीपा का पुल भी टूट जाता है।

इस अस्थाई पुल से वाहनों का गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। नाव हादसे के मामले सामने आ चुकें लेकिन शासन स्तर की अनदेखी के चलते लोगों की परेशानी कम नहीं हुई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भरोसा दिया लेकिन आज तक उनकी मांग अधर में लटकी है।



इसी पीपे के पुल के स्थान पर स्थाई पुल की हो रही मांग। अमृत विचार

क्षेत्र के बारा गगौली घाट स्थित यमुना नदी में फतेहपुर के साथ ही बांदा के ग्रामीण पक्के पुल की मांग तीन दशकों से करते चले आ रहे हैं।

दोनों जिलों के जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों द्वारा हर बार चुनाव के दौरान पक्का पुल बनवाए जाने का आश्वासन भी दिया जाता है। लेकिन अब तक पुल न बन पाने के कारण दोनों जिले के लोगो को राहत नहीं मिल पा रही। लोगों को कहना है कि इस पुल के निर्माण से बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट तथा कानपुर की दूरी कम होने के साथ ही क्षेत्र के विकास को भी पंख लग सकेंगे।

### व्यापार को गति मिलेगी

नदी में पुल बनने से जहां आवागमन की दूरी कम होगी, वहीं व्यापार को भी गति मिलेगी। जनप्रतिनिधियों के तमाम दावों व वादों के बावजूद लोगों को महज निराशा ही हाथ लग सकी है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस पुल के न बन पाने से यह क्षेत्र देश, प्रदेश से विकास के मामले में कदम से कदम मिलाकर नहीं चल पा रहा है। यदि पुल बन जाए तो यहां का विकास काफी तेजी से हो सकता है।

### नदी पार करना जोखिम भरा

बारा गगौली यमुना घाट में पक्का पुल न होने से लोग नाव में इस पार से उस पार को आते जाते हैं। पुल बनने से बारिश के समय होने वाली परेशानियों से तो निजात मिलेगी ही वहीं लंबा चक्कर काटने से भी छुटकारा मिल सकेगा। नाव में नदी पार करना किसी बड़े जोखिम से कम नहीं है। बारिश के दिनों में नदी की हिलोरे किसी भी समय नाव को अपनी चपेट में ले सकती है।

### ग्रामीणों की जुबानी



यमुना नदी में पक्का पुल बनवाये जाने पर जहां लोगों को समस्या से निजात मिलेगी, वहीं तिरहर क्षेत्र में विकास के पंख लगेंगे। हर बार चुनाव में यह समस्या उठाई जाती है लेकिन कोई सुनता नहीं है।

–पिंटू सोनी, गौरा



जनप्रतिनिधि महज दावों व वादों तक सीमित रहे, पुल का निर्माण न होने के कारण दोनों जिलों के लोगों को अब भी विकास का इंतजार है। यदि पक्का पुल बनता है तो दोनों ओर के सैकड़ों गावं का चहुंमुखी विकास हो सकेगा।

–हितेश, रेउना



जिले को पिछड़े पन से उबारने के लिए विकास के लिए पुल का होना आवश्यक है। दोआबा से यमुना उस पार के जिले के लोग भी यहीं मांग कर रहे हैं। स्थाई पुल बन जाने से व्यापार बढ़ जाएगा।

–चित्रांश पटेल, बरवा



पुल बनने की आस दोनों जिलों में यमुना किनारे की जमीन के दाम भी बढ़ेंगे। व्यापार को भी गति मिलेगी। हालांकि पुल के दोनों जिले की ओर सड़क का काम हुआ लेकिन की कमी लोगों को अखर रही है।

–सचिन शुक्ला, बरवा

# रेडियोलॉजिस्ट को गोली मारने की धमकी दी

संवाददाता फतेहपुर

- जिला अस्पताल में तैनात हैं प्रयागराज के रहने वाले डॉक्टर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राजेश कुमार को शाम कार से घर जाते समय रास्ते में पहले बाइक और उसके बाद सफारी सवारों ने ओवरटेक कर रोक लिया। कार से घसीटकर कट्टे से गोली मारने की धमकी दी। घटना से रेडियोलॉजिस्ट दहशत में हैं।

प्रयागराज के डॉ. राजेश कुमार जिला अस्पताल में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकोलीगल, एक्सरे और अल्ट्रासाउंड करते हैं। वह सोमवार शाम इमरजेंसी ड्यूटी के बाद आवास प्रयागराज जा रहे थे। लोधीगंज हाईवे पर बाइक सवार युवकों ने कार ओवरटेक की। गाली गलौज और धमकी देने लगे। डॉक्टर ने अपने को सरकारी कर्मचारी बताया। इस दौरान आसपास के लोग पहुंचे और बीच-बचाव किया। वह जैसे-तैसे आगे बढ़कर हाईवे पर पहुंचने वाले थे कि सफेद रंग की सफारी ने ओवरटेक कर कार रुकवाई। कुछ लोग सफारी से उतरे, उन्हें कार से बाहर खींचने का प्रयास किया। उनमें शामिल एक युवक ने कट्टा निकाल गोली मारने की धमकी दी। वह किसी तरह से जान बचाकर भागे। उन्होंने अधीनस्थ कर्मी विनय त्रिपाठी को सूचना दी। आशंका जताई कि वह कोई अतिसंवेदनशील मेडिकोलीगल कर रहे हैं। किसी का मेडिकोलीगल रिपोर्ट उनके मन मुताबिक नहीं है। इसी नाराजगी में धमकी दी गई है। पुलिस ने सफारी नंबर की जांच शुरू की है। सफारी थरियांव थाने के दनियालपुर की है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

# घर जा रहे सर्राफ के साथ बदमाशों ने की लूटपाट

## चार लाख की नकदी-आभूषण ले गए, चेहरा ढंके थे बदमाश

संवाददाता फतेहपुर



- शहर के उधन्नापुर नहर पुलिया के पास का मामला, पहले बाइक की टक्कर से किया था घायल

**अमृत विचार।** बाइक सवार सर्राफ को मंगलवार रात बाइक सवार बदमाशों ने टक्कर मारकर गिराने के बाद लूट लिया। करीब चार लाख का माल बदमाश लूट ले गए। पुलिस सराफ को मेडिकल परीक्षण के लिए ले गई। मामले की जांच चल रही है।

खागा कोतवाली के नीम टोला निवासी मुन्ना सोनी खखरेरू थाने के आलमपुर गेरिया गांव में सराफा की दुकान चलाते हैं। सर्राफ ने बताया कि वह बाइक से देर रात खागा लौट रहे थे। खखरेरू थाना क्षेत्र के ऐराना और बिछियावां के बीच दो बाइक सवारों बदमाशों ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गए।

सर्राफ ने बताया कि बाइक में 25 ग्राम सोने, तीन किलो चांदी के जेवरात, 38 हजार नकद बदमाश लूट ले गए। बदमाश गमछे से चेहरा छुपाए थे। इसलिए पहचान नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद राव ने बताया कि सर्राफ को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है। खागा सीएचसी में डॉक्टर ने सर्राफ के दोनों हाथ और एक पैर में चोट आने पर जिला अस्पताल रेफर किया है।

### घर का लॉकर तोड़कर नकदी व जेवर चोरी

**फतेहपुर।** परिवार के लोग छत पर सोते रहे और चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर 50 हजार रुपये नगद व करीब ढाई लाख कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सरायं डडीरा निवासी अरविंद कुमार यादव की पत्नी पप्पी देवी ने बताया कि सदर कोतवाली के उधन्नापुर नहर पुलिया निवासी भइयालाल के घर में किराये पर रहती है। परिवार के साथ रात को छत पर सो रही थी। चोर छत के रास्ते महिला के कमरे तक पहुंचे। कमरे व अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने का हार, सोने की चेन, चार अंगूठी, मंगल सूत्र, लाकेट, दो पायल और 50 हजार रुपये चोर चुरा ले गए। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द आरोपी पकड़े जाएंगे।



लोकसभा चुनाव के तहत अधिकारियों ने की वाहनों की जांच। अमृत विचार

# चुनाव के चलते वाहनों की जगह-जगह चेकिंग

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अफसरों ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। बुधवार सुबह सेक्टर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में शहर के अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। चार पहिया वाहनों की डिग्गी खोल कर तलाशी ली गई।

लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार सुबह से जनपद में जगह जगह पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग लगाई गई। फतेहपुर में लोक सभा चुनाव को लेकर जय राम नगर चौराहे से ओवर ब्रिज के पास एस्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग लगाई गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट अजय सिंह यादव, अर्जुन कुमार, सब इंस्पेक्टर राधेश्याम, हेड कांस्टेबल लाल केसर, कांस्टेबल राज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। चेकिंग अभियान सुबह करीब दस बजे से शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस ने चार पहिया और दो पहिया वाहनों को चेक किया। चार पहिया वाहनों में रखे सामान को भी पुलिस ने चेक किया। जिससे उसमें कोई आपत्तिजनक वस्तु के साथ नकदी तो नहीं है। चेकिंग के दौरान भले ही पुलिस को नकदी और आपत्तिजनक वस्तु न मिली हो, लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बताया कि चेकिंग अभियान चलाया गया।

# कड़ी धूप व गर्म हवाओं से लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सुबह से शाम तक तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों के कदमों पर ब्रेक लगा रही हैं। रात में उमस लोगों की नींद में खलल की मुख्य वजह बनी है। अब मई का महीना शुरु होने से मौसम से राहत की उम्मीदें और भी धूमिल हो रही हैं।

इन दिनों दोपहर का सफर करने वालों को ट्रैफिक विहीन सड़कें मिल रही हैं। वजह साफ है, लोग तेज धूप में सफर करने से बच रहे हैं और जरुरी काम वाले ही गमछा या स्टॉल लपेटे सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं। गर्मी बढ़ने से सेहत में तेजी से गिरावट आ रही है। खासकर डायरिया व हीट स्ट्रोक के मरीजों में इजाफा हो रहा है। गर्मी की वजह से सभी वर्ग परेशान हैं।

सुबह, दोपहर, शाम व रात चारों पहर लोग गर्मी से आजिज आ रहे हैं। वहीं इस मौसम से गरीबों का हाल बेहाल है। लोग बस अच्छे मौसम की दुआएं मांग रहे हैं। पूरे अप्रैल लोगों ने तेज धूप के साथ लू के थपेड़े झेले हैं। अब मई के महीने में मौसम लोगों को पहले से ज्यादा परेशान कर सकता है। गर्मी और तेज धूप से पेट संबधी बामीरियां बढ़ रही हैं डॉक्टर का कहना है कि गर्मी में पेट संबंधी रोगों का खतरा रहता है। आठ से दस गिलास पानी जरूर पिएं, घर का खाना ही खाएं। पेट भर खाना जरूरी नहीं है। बाजार का खाना, कटा हुआ फल खाने से परहेज करें।



इस तरह धूप से बचाव करतीं लड़कियां। अमृत विचार

### अधिकतम तापमान दो डिग्री गिरा

मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं बुधवार को अधिकतम तापमान 40 व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में 2 डिग्री व न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।

### एसी और कूलर मरम्मत का काम तेज

दुकानों पर नए एसी, कूलर व पंखों की खूब बिक्री हो रही है। घरों से लेकर कार्यालयों तक लगी एसी व कूलर की सर्विसिंग के लिए मैकेनिक को बुलाया जा रहा है। दुकान के मालिक फैयाज ने बताया कि पंखे व कूलर की बिक्री बढ़ रही है।

### तरबूज व खरबूजा की बिक्री तेज

गर्मी में राहत देने वाले फलों की भी बिक्री तेज हो गई है। शहर के शादीपुर, राधागर समेत अन्य स्थानों में जमीन में तरबूजों के ढेर लगे हुए हैं। जहां लोग रुक कर खरीद रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि गर्मी में तरबूज खाने से शीतलता मिली हैं। वहीं बाजारों में खरबूजा की बिक्री भी हो रही है।

# युवक की हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

संवाददाता, फतेहपुर

- आठ वर्ष पूर्व किशनपुर थाना क्षेत्र मे हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र मे आठ वर्ष पहले हुई युवक की हत्या के दो दोषियों को न्यायाधीश अजय सिंह की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई हैं। कोर्ट ने 50 हजार के अर्थदंड से भी दण्डित किया है।

अभियोजक महेन्द्र सिंह ने बताया कि किशनपुर थाना क्षेत्र के कुम्हारन डेरा रायपुर भसरौर राज बहादुर का 40 वर्षीय पुत्र कल्लू निषाद 31 मई 2016 को खागा तारीख मे गया था। कल्लू रात तक घर नहीं पहुंचा। दूसरे दिन एक जून कि सुबह कल्लू का शव राम किशन के खेत मे पड़ा मिला था। मामले मे पुलिस ने राज बहादुर की तहरीर पर प्रकाश निवासी कुआंपुर थाना गाजीपुर, श्री चंद्र निवासी थूरियानी रायपुर भसरौर और छिद्दू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने प्रकाश और श्री चंद्र के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट मे दाखिल किया था। मामले मे अभियोजक की तरफ से आठ गवाह पेश हुए थे।

# थरियांव-मलांव संपर्क मार्ग का डामरीकरण शुरू

**खबर का असर...**

संवाददाता, थरियांव

**अमृत विचार।** वर्षों से ध्वस्त पड़े थरियांव-मलांव मार्ग की सुधि अधिकारियों ने ले ही ली। दो माह पूर्व अमृत विचार ने मामले को काफी गहनता से उठाया था, जिसके बाद अधिकारियों ने मार्ग निर्माण के लिए प्रस्ताव पास किया। अंततः मार्ग का डामरीकरण शुरू करा दिया गया है।

हसवा विकास खंड के थरियांव-मलांव मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त पड़ा था। जिस पर किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि की नजर नही पड़ रही थी न ही मरम्मत कार्य हो रहा था। मामले को आपके अपने दैनिक अखबार अमृत विचार ने संज्ञान में लेते में हुए ग्रामीणों क्षेत्रों के आम जनमानस, राहगीरों की समस्या को मुद्दा बनाकर इस संपर्क मार्ग की खबर को फरवरी माह में प्रकाशित किया थ। जिसको जिले के आला अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए सालों से ध्वस्त पड़े मार्ग जिसमें किसी तरह की कोई मरम्मत नहीं हुई थी। उसमें डामरीकरण का कार्य शुरू करा दिया है। बता दें कि इस मार्ग की दूरी पांच किलो मीटर है जो कि यह मार्ग आगे जाकर प्रयागराज कानपुर हाईवे में जुड़ता है। यह मार्ग के चलते सैकड़ों राहगीर गुजरते हैं जिनको दर्द दे रहा था। इस मार्ग के निर्माण से राहगीर व क्षेत्रीय ग्रामीण काफी खुशी व्यक्त कर रहे हैं। यह मार्ग ब्रह्मभपुर, शिवपुर, लक्ष्मणपुर, मंडासराय, खरसोला, चकजैनुद्दीनपुर, भैरमपुर आदि को जोड़ता है। इसका निर्माण 2003 में हुआ था।



थरियांव-मलांव संपर्क मार्ग ध्वस्त, निकलन

फरवरी माह में छपी खबर।



मार्ग का हो रहा डामरीकरण

# महीने भर में बने 52 हजार गोल्डन कार्ड

संवाददाता, फतेहपुर

- अप्रैल में बने ज्यादा कार्ड लाभार्थियों को वितरित किए

**अमृत विचार।** आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब असहाय लोगों के लिए पांच लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की सुविधा है। जिसके तहत दोआबा में पिछले एक माह में रिकार्ड 52 हजार से अधिक गोल्डन कार्ड बनाकर स्वास्थ्य विभाग ने लाभाथियों को वितरित किए हैं।

एक माह के भीतर इतनी बड़ी संख्या में गोल्डन कार्ड बनाकर विभाग ने लाभार्थियों को राहत देने का काम किया है। डेढ़ माह पूर्व शासन की सख्ती और डीएम के निर्देशों के बाद विभाग ने काफी तेजी पकड़ी और अप्रैल में बड़ी संख्यामें कार्ड बनाए गए।

**श्रमिक दिवस** — अधिसंख्य श्रमिकों को यही नहीं पता कि उनका भी कोई दिन होता है

# मजदूरी न मिले तो दो वक्त पेट भरना भी हो जाता मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक मई यानि बुधवार को मजदूर दिवस पर कड़ी धूप में श्रमिकों की मशक्कत जारी रही। 90 फीसदी मजदूरों को यही नहीं पता कि मजदूर दिवस क्या है और कब होता है। यह दिवस मेरी जिंदगी में क्या बदलाव लाएगा। बस उन्हें शहर में काम मिलेगा या नहीं मिलेगा, अड्डे से खाली हाथ लौटना तो नहीं होगा। दवाई, खाने और कपड़े की चिंता सताए रहती है।

श्रमिक दिवस पर मजदूरों से उनके अड्डों, कार्यस्थलों पर उनका हाल जाना तो उनका गुबार फूट पड़ा। बोले, महंगाई के इस दौर में तीन सौ-चार सौ क्या मायने रखते हैं। बुखार हो जाए तो 200 दवा के चले जाते हैं। ऐसा भी नहीं है कि मजदूरी रोजाना मिलती रहेगी। कभी मिली तो कभी नहीं मिली। साल के छह महीने या तो बैठें या शहर छोड़कर दूसरे जगहों पर मजदूरी की तलाश में जाएं। बच्चों को पढ़ा लिखा नहीं पा रहे। घर में खाने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में ही पूरी ताकत लग जाती है। क्या बचेगा जो घर मकान और परिवार की परवरिश कर सकेंगे। मजदूरों का कहना है कि जिंदगी मुश्किल में फंसी है। कुछ मजदूरों के ई- श्रम कार्ड बने हैं। कुछ मजदूरों ने बताया कि 500 रुपए महीने उनके खाते में आ रहे थे वह बंद हो गए। कुछ मजदूरों के पास ही आयुष्मान कार्ड हैं।

### क्या बोले श्रमिक



कंधई रैदास निवासी असोथर का कहना है कि जॉब कार्ड बना हुआ है। सालों से काम नहीं मिला। परिवार के पालन पोषण के लिए परिवार सहित भट्ठे में ईंट पथाई का काम कर जीवन यापन करते हैं।



मुन्ना निवासी कठौता का कहना है कि जॉब कार्ड बना हुआ है। समय से काम नहीं मिलता था। साल में एक आध महीनों में दो चार दिन ही काम मिलता था। इसलिए चाट का ठेला लगाते हैं।



मुकेश राजगीर निवासी मुराइन मोहल्ला ने बताया कि नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों में काम न मिलने से शहर में रह कर घर बनाने का काम करते हैं। जॉब कार्ड में काम के साथ साथ मजदूरी भी कम मिलती है।



महेश निवासी लक्ष्मणपुर सरकंडी ने बताया कि मनरेगा में रोजनदारी पौने तीन सौ रुपए मिलती है। काम न मिलने पर ईंटा गारा करते हैं। चार सौ तक कमा लेते हैं। इतनी महंगाई में परिवार की दाल रोटी की व्यवस्था हो जाती है।



विश्व श्रमिक दिवस पर काम कर रहे मजदूर। अमृत विचार

### अब खर्च नहीं चल रहा

मजदूरों का कहना है कि मनरेगा ठीक था। पहले उससे जो मिलता था उससे घर का खर्च चल जाता था। घर में दो तीन सदस्य रोजगार में लग रहे थे लेकिन अब उतनी मजदूरी से काम नहीं चल पा रहा है। भला 200-225 रुपए में घर कैसे चल सकता है। इसलिए बाहर शहर में मजदूरी कर रहे। यहां तीन सौ से चार सौ और यदि कुशल कारीगर हैं तो 600 रुपए तक दिहाड़ी बन जाता हैं। लेकिन एक सप्ताह में चार से पांच दिन ही काम मिलता है।

### मजदूरों पर चुनाव का असर नहीं

शहर के पीएसी मोड, बाकरगंज समेत अन्य स्थानों में मजदूरों की मंडी सुबह 11 बजे तक गुलजार रहती है। यहां अभी तक एक भी उम्मीदवार मजदूरों से मिलने नहीं आए। मजदूर कहते हैं भला वह क्यूं आएंगे। उनके पास मजदूरों के सवाल का जवाब नहीं है और मजदूर भी उनके एजेंडे में नहीं है। वह कुछ करेंगे भी नहीं। क्योंकि उन्हें अपनी देखनी है। मजदूरों का कहना है कि वोट डालेंगे।

### मनरेगा से परे की जाने वाली मजूदरी ज्यादा ठीक

मनरेगा में कम मेहनताना ज्यादातर को रास नहीं आ रहा है। 230 रुपये मजदूरी में जरूरतें पूरी नहीं हो रही है। हालांकि अब अप्रैल से 7 रुपये बढ़ाए गए हैं पर वह भी समय से नहीं मिलता। इसलिए ज्यादातर मजदूर बाहर जाकर कमाने में दिलचस्पी दिखाते हैं। मजदूरों का कहना है कि चार से साढ़े चार सौ रुपए मिलते हैं। क्योंकि हर रोज काम नहीं मिलता है तो कम से कम बाहर की इतनी मजदूरी से दो चार दिन तक दाल रोटी चल जाती है।

### मजदूरों की मंडी में सुविधाओं का टोटा

मजदूरों की मंडी तो लगती है पर वहां छांव व प्यास बुझाने की भी सुविधाएं नहीं है। पीएसी मोड पर खुले में मजदूर धूप, बारिश और कड़ाके की ठंड में खड़े होते हैं। यहां न तो शौचालय है और न ही पीने के पानी की व्यवस्था है। ठंडा पानी तो उन्हें नसीब नहीं। मजदूरों का कहना है कि कुछ लोग रात में ही यहीं सड़क किनारे सो जाते हैं। रैन बसेरा बन जाए तो बेहतर रहेगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# भाजपा से साध्वी तो बसपा से मनीष ने भरा पर्चा

## कई दूसरे प्रत्याशियों ने भी कड़ी सुरक्षा के बीच दाखिल किया नामांकन पत्र

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



नामांकन करातीं भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति।



पर्चा दाखिल करते बसपा प्रत्याशी डा. मनीष सचान।

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति एवं बसपा प्रत्याशी डा. मनीष सचान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी सी. इंदुमती के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व विधायक आदि शामिल रहे। भाजपा समेत कुल आधा दर्जन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया तो वहीं छह लोगों ने नामांकन पत्र भी खरीदा।

शहर के शादीपुर स्थित एक गार्डेन में भाजपा उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति के नामांकन के लिए सुबह दस बजे से जिले भर से पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केबिनेट मंत्री राकेश सचान के अलावा तमाम विधायक पहुंचे थे। दोपहर 12 बजे साध्वी निरंजन ज्योति ने अपना नामांकन कराया। नामांकन से पूर्व भाजपा प्रत्याशी ताम्बेश्वर मंदिर में जाकर मत्था भी टेका और पूजा अर्चना किया। वहीं बसपा प्रत्याशी डा. मनीष सचान भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ डीएम कोर्ट में जाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा एवं बसपा प्रत्याशियों ने एक-एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है। बुधवार को कुल छह प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं आधा दर्जन लोगों ने नामांकन पत्र भी प्राप्त किया।

### अन्य दावेदारों ने भी दाखिल किए पर्चे

बुधवार को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवार रामबिहारी निवासी बाजार दक्षिणी बिंदकी, ने एक सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म दाखिल किया। वहीं निर्दलीय वीरेंद्र सिंह निवासी आवास विकास कालोनी एक सेट, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के उम्मीदवार राजेश कुमार पटेल निवासी नेवादा प्रतापगढ़ ने एक सेट, परिवर्तन समाज पार्टी के उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह निवासी कंधईपुर धूमनगंज प्रयागराज ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।

### यह भाजपाई रहे मौजूद

सांसद के समर्थन में जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, बिन्दकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी, खागा विधायक कृष्णा पासवान, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, महामंत्री उदयवीर लोधी, महामंत्री पुष्पराज पटेल, महामंत्री नीरज सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, जिलामंत्री कुलदीप भदौरिया सहित अन्य समर्थकों के साथ नामांकन जूलूस कलक्ट्रेट की निर्धारित सीमा तक पहुंचा था।

- भाजपा प्रत्याशी के साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व प्रभारी मंत्री राकेश सचान भी रहे

### माननीयों के साथ पुलिस की हुई झड़प

भाजपा प्रत्याशी के साथ कई विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आदि कलेक्ट्रेट के सीमा पर पहुंचे तो पटेल नगर से कचहरी रोड पर पुलिस द्वारा लगाए गए बैरियर पर प्रत्याशी के निकलने बाद अंदर जाने से रोक दिया गया तो माननीयों का पारा चढ़ गया। एसडीएम एवं पुलिस अधिकारियों के साथ तीखी नोकझोंक हुई। बाद में माननीयों को अंदर जाने दिया गया और शेष लोगों को वहीं रोक दिया गया।

### 'मुख्तार व अतीक को आदर्श बताने वाला विपक्ष डिरेल्ड'

**फतेहपुर।** भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के नामांकन दाखिला में शामिल होने आए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में फतेहपुर की सीट पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने नारा दिया कि 100 वोटों में 75 प्रतिशत वोट हमारा है, शेष बचे 25 प्रतिशत में भी बंटवारा है। बंटवारे में भी हमारा है। उन्होंने कहा कि मुख्तार और अतीक को आदर्श बताने वाला विपक्ष डिरेल्ड है। देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। शादीपुर मोहल्ले में स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि फतेहपुर में सपा की साइकिल पंचर हो गई है। वह उड़कर सैफई चली गई है। 4 जून को 4 बजे 400 सीटें भाजपा के खाते में गिरेंगी। ब्रजेश पाठक ने मंच से 'यूपी में सीटें जीतेंगे अस्सी, विपक्षियों की जली रस्सी' का नारा भी दिया। पाठक ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि हर घर नल से जल के लिए हमें 400 पार सीटों पर विजय हासिल करना जरूरी है। इस समय भाजपा की आंधी चल रही है। यह चुनाव देश को 100 साल आगे ले जाने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि रामलला को काल्पनिक बताने वाले एवं राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले इंडी गठबंधन को सबक सिखाना होगा। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर पिछली बार मिले वोटों से 370 वोट अधिक लाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि साध्वी तीसरी दफा यहां से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं और जीत कर संसद पहुंचेगी। उपमुख्यमंत्री ने पार्टी की नीतियों व संकल्प पत्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को मतदाताओं में प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया।



नामांकन से पूर्व सभा को संबोधित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

# प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम सपा प्रत्याशी, आज करेंगे नामांकन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने फतेहपुर लोकसभा सीट पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है। 2 मई यानि आज 11 बजे समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में नरेश उत्तम पटेल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।



प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल

नामांकन से एक दिन पहले सपा सपा ने ये फैसला तब लिया है जब फतेहपुर सीट पर नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर केवल दो दिन बचा है। यानी इस सीट पर तीन मई तक ही नामांकन दाखिल किया जा सकता है और सपा ने इस सीट पर नामांकन से एक दिन पहले अपने उम्मीदवार के नाम पर फाइनल मुहर लगाया है। पांचवे चरण में फतेहपुर संसदीय सीट के होने वाले चुनाव की तस्वीर से धीरे-धीरे ही सही, पर्दा उठना शुरू हो चुका है। पहले भाजपा फिर बसपा के बाद अब सपा के उम्मीदवार का भी नाम नरेश उत्तम पटेल का नाम फाइनल हुआ है। यहां 20 मई को चुनाव होना है। इस लिहाज से वक्त कम है। नामांकन प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

### 1985 में लड़े थे विधानसभा का चुनाव

सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल मूलत: जिले के अमौली क्षेत्र के लहुरी सरायं के निवासी हैं। उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा स्थानीय विद्यालयों से पूरी कर कानपुर स्थित डीएवी लॉ कालेज में पढ़ाई करते हुए अध्यक्ष बने थे। उसके बाद 1985 में उन्होंने सपा से जिले में विधान सभा से चुनाव लड़े। हालांकि उन्हें मामूली वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद 1989 में चुनाव जीत कर प्रदेश में उप वनमंत्री रहे। वर्तमान में एमएलसी एवं सपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हैं।

### कम मिल रहा समय

छह विधान सभा वाले फ़तेहपुर संसदीय क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होकर तीन मई तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच चार और पांच मई को होगी। छह मई को नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख़ होगी। तो वहीं सात मई को चुनाव चिह्नों का आवंटन होगा। इसके बाद राजनीतिक पार्टियों को चुनाव प्रचार करने को दस दिन का समय मिलेगा। 18 मई से चुनाव प्रचार को बंद कर दिया जाएगा और 20 मई को वोट डाले जाएंगे।

# मुफ्त शिक्षा की जगह 'फीस' ले रहे स्कूल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) 2009 के तहत अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक या फिर पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिलाने के दो चरण पूरे हो गए हैं। पहले चरण में 303 और दूसरे चरण में 186 समेत कुल 489 को स्कूल आवंटित कर दिया गया है। हालांकि दूसरे चरण के सफल बच्चों के प्रवेश को पत्र अभी जारी नहीं किए गए हैं। आवेदन का तीसरा चरण शुरू हो गया है। निःशुल्क होने के बाद भी कई स्कूल संचालक बहाने बनाकर बच्चों के अभिभावकों से फीस वसूल रहे हैं।

आरटीई के तहत गरीब बच्चों को भी निजी स्कूलों में पढ़ाई कराने के गरज से शासन छात्र-छात्राओं का इन विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश दिलाती है। जिनकी फीस शासन अदा करती है। बावजूद इसके शहर क्षेत्र के ऐसे कई विद्यालय आरटीई के बच्चों से कभी परीक्षा फीस के नाम पर तो कभी टाई-बेल्ट के नाम पर रकम वसूल रहे हैं। यूं कहें कि शासन द्वारा इन बच्चों की फीस अदा करने के बाद भी स्कूल बच्चों की पढ़ाई पर दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

### चार चरणों में पूरी होती है आरटीई की प्रक्रिया

बेसिक शिक्षा विभाग अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के तहत प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराती है। नए शिक्षा सत्र में प्रवेश के लिए दो चरण पूरे हो चुके हैं। जिसमें लाटरी के माध्यम बच्चों को स्कूल आवंटन किया जाता है। दो चरणों में अभी तक 489 बच्चों को स्कूल आवंटित किए जा चुके हैं। तीसरे चरण की प्रक्रिया गतिमान है। योजना के तहत आवेदक के पाल्य के उसके घर के नजदीक ही स्थित किसी भी पब्लिक स्कूल में प्रवेश दिलाने की व्यवस्था है।

### अभिभावकों को मिलता पांच हजार रुपये

योजना के तहत आरटीई के तहत वाले बच्चों के अभिभावकों का शासन की ओर से पांच हजार रुपये कापी किताब एवं यूनीफार्म आदि के लिए देने की व्यवस्था है। हालांकि नए बीते वर्ष को छोड़कर तीन वर्षो से अभिभावकों का इसका लाभ नहीं मिल सका है। जिससे अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि विद्यालयों को शासन की ओर से भुगतान किया जा चुका है।

> आरटीई के तहत स्कूल में दाखिला किए जाने वाले बच्चों से स्कूल फीस कतई नहीं वसूल सकते हैं। अभी तक किसी भी अभिभावक द्वारा ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलती है तो मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही हो सकती है।
>
> -अखिलेश सिंह, जिला समन्वयक

# घरेलू विवाद में खा लिया कांच का पाउडर

**बिंदकी।** घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने कांच का पाउडर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

मलवां थाना क्षेत्र की उमरगहना गांव में घरेलू विवाद के चलते गोरे पुत्र स्व. रामसनेही ने कांच पीसकर उसका पाउडर खा लिया। कांच का पाउडर खाने के बाद गोरे की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया।

आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए गोरे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया। इस मामले में परिजनों ने बताया कि गोरे ने घर के अंदर कांच पीसकर पी लिया है। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# नहर में मिला शव ललौली क्षेत्र के युवक का निकला

फॉलोअप

संवाददाता फतेहपुर

- कुछ दिन पहले गांव के कुछ युवकों से हुआ था विवाद
- पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने की शिनाख्त

**अमृत विचार।** एक अज्ञात युवक का हत्यायुक्त शव मंगलवार सुबह सूखी नहर में पड़ा मिला था। ग्रामीण के सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजकर पहचान कराने का प्रयास किया था। इधर बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे कुछ लोगों ने शव की शिनाख्त की। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि शव ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव निवासी युवक का है। उसका कुछ दिन पहले कुछ युवकों से विवाद हुआ था।

ज्ञात हो कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक काजीपुर इंद्रों नहर में एक युवक का हत्यायुक्त शव मंगलवार सुबह खून से लथपथ झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला था। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया था लेकिन सफलता नहीं मिली थी। बता दें कि सोशल मीडिया में वायरल हुई शव की फोटो देखने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे कुछ लोगों ने शव की पहचान ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव निवासी सत्यम शुक्ला पुत्र राजकिशोर के रूप में की। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा। मृतक की एक बहन शालू और छोटा भाई शिवम शुक्ला है। परिजनों ने बताया कि सत्यम ई-रिक्शा चलाता था। सोमवार की रात करीब नौ बजे खाना खाकर दुकान से सामान लेने के लिए घर से निकला था, उसके बाद वह नहीं लौटा।

## सार-संक्षेप

### पति की मौत के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**बिंदकी।** चार महीने पहले पति की मौत के मामले में न्यायालय के आदेश पर महिला ने चार लोगों के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि चारों लोगों ने मिलकर उसके पति की गले में रस्सी कस कर हत्या कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली बिंदकी कस्बे के मोहल्ला पैगंबरपुर में 17 जनवरी 2024 को पप्पू उर्फ गेंदालाल की मौत हो गई थी। मामले में मृतक की पत्नी गुड़िया निवासी नेवलापुर थाना राधानगर ने न्यायालय के आदेश पर अंजू पुत्री नन्ही उर्फ मुंशीलाल, मनी पुत्री नन्ही उर्फ मुंशीलाल, गीता पत्नी नन्ही उर्फ मुंशीलाल और नन्ही उर्फ मुंशीलाल पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। महिला गुड़िया देवी ने आरोप लगाया है कि अंजू मनी गीत व नन्ही और मुंशीलाल ने मिलकर उसके पति पप्पू उर्फ गेंदालाल की गले में रस्सी से कस कर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सेंध काटकर चोरी का प्रयास

**किशनपुर।** कस्बे में बड़ी मस्जिद के पास मंगलवार देर रात बेखौफ चोरों ने सूने पड़े एक मकान में सेंध काट चोरी का प्रयास किया। सेंध काटने के बाद चोर घटना को अंजाम देने में सफल नहीं हुए। सुबह लोगों ने दीवार में सेंध कटा देखा तो हड़कंप मच गया। कस्बे के वार्ड नंबर दस छिपहटी मोहल्ले में मस्जिद के पास में सरौली गांव निवासी अबू अहमद सिलाई का काम करता है। मंगलवार को वह अपने परिवार के साथ अपने गांव सरौली गया हुआ था। उसी दौरान अज्ञात चोरों ने चोरी के इरादे से घर के बाहर की दीवार की ईंट तोड़ डाली। बुधवार की सुबह जब पड़ोसियों ने घर की दीवार टूटी देखी तो फोन कर मामले की जानकारी अबू अहमद को दी। कुछ देर बाद पुलिस की मौजूदगी में घर का ताला खोला गया। जिसमें घर का कोई भी सामान गायब नहीं था। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस की रात्रि गशत पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर पुलिस की गस्ती के बाद भी चोर चोरी जैसी घटना को अंजाम देने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरे दिखवाए जा रहे हैं।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के दरवेसाबाद गांव में पुरानी रंजिश के चलते अजय पुत्र राजकरण के साथ मारपीट कर दी गई। इस मामले में पीड़ित अजय कोतवाली पहुंचा और पुलिस को एक तहरीर दी है। आरोप लगाया की पुरानी रंजीत के चलते गांव के गजब, मीना, निरोज और दीपू ने मारपीट की है। शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** हथगाम पुलिस ने गहरू का पुरवा मजरे चकहसनपुर गांव निवासी वीरेन्द्र लोधी पुत्र मिश्री लाल लोधी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### बलवा का आरोपी दबोचा

**फतेहपुर।** असोथर पुलिस ने सुसवन बुजुर्ग निवासी वीरेन्द्र पुत्र रतीभान के खिलाफ बलवा, मारपीट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायालय के लिए रवाना किया है।

### दहेज प्रताड़ना में महिला गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जहानाबाद पुलिस ने बन्थरा गांव निवासी दयावती पत्नी प्रेमचन्द्र के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया था। तबसे आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस भी आरोपी की तलाश में थी। बुधवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया।

# फायर अलार्म बिना स्कूली बसों को न मिलेगी फिटनेस

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** स्कूल वाहनों संग निजी व सरकारी बसों में फायर अलार्म की अनिवार्यता को घोषणा की गई है। हालांकि अब तक कोई शासनादेश नहीं जारी हुआ। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा आदेश आते ही इसको अमलीजामा पहनाए जाने की तैयारियां शुरू की जा चुकी हैं। यदि वाहनों में फायर अलार्म नहीं लगा पाया जाता तो सम्बंधित विभागीय कार्य रोकने पर मंथन किया जा रहा है।

अब तक विभिन्न वाहनों में फायर सिलेंडर को अनिवार्यता प्रदान किए जाने के बाद बसों में इसकी मौजूदगी तो देखी जा रही है। लेकिन कार्रवाई के अभाव में समय से सिलेंडरों को भरवाए जाने में हीलाहवाली की जाती है।

पीटीओ ने बताया कि वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर या मिलकर फायर अलार्म लगवाए जाने का समय दिया जाएगा। समय सीमा समाप्त होने के बाद कार्रवाई किए जाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

# बाबा निजामी के उर्स में कव्वालों ने जमाई महफिल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बाबा निज़ामी रहमतुल्लाह अलैह के तीन दिवसीय 43 वें सालाना उर्स एवं मेले में हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा की मिसाल देखने को मिली। सभी लोगों ने बाबा के अस्थाने में गुलपोशी कर मुरादें मांगी। वहीं कव्वाली में कव्वालों ने पूरी रात अपनी फनकार से समां बांध रखी और महिलाओं व बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी की।

हर वर्ष की तरह इस बार भी खागा नगर के पक्का तालाब स्थित निज़ामी नगर आसताना आलिया में बाबा निज़ामी रहमतउल्लाह अलैह का तीन दिवसीय 43वां सालाना उर्स एवं मेले का आयोजन किया गया। उर्स का आयोजन मो. शब्बीर वारसी ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में जायरीनों ने अकीदत के साथ बाबा के आसताने में गुलपोशी कर मुरादें मांगी और आसताने की ओर से उर्स में आने वाले जायरीनों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़े ही एतराम के साथ लोगों ने बैठकर लंगर खाया। साथ ही उर्स में हिन्दू-मुस्लिम वर्ग के लोगों ने बड़ी तादाद में शामिल होकर भाईचारे की मिसाल कायम की। दोनों ही वर्ग के लोगों ने उर्स को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में तीन दिन तक अपना सहयोग दिया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा। कव्वाली में टीवी सिंगर एजाज जानी नागपुर ने अपनी टीम के साथ एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। मो. शमीम चिश्ती निज़ामी नूरी ने बताया कि वह हर साल उर्स का आयोजन करते हैं।



सालाना उर्स में कलाम पेश करते कव्वाल। अमृत विचार

व्यवस्था धड़ाम | महंगी दवा खरीदने को मजबूर एमडीआर टीबी के मरीज

# दवा नहीं तो अधर में 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का केंद्र सरकार का लक्ष्य है लेकिन जिले में टीबी के मरीजों को पूरी दवा नहीं मिल पा रही है । सबसे ज्यादा संवेदनशील माने जाने वाली एमडीआर टीबी के मरीजों को दवा के लिए भटकना पड़ रहा है। मजबूरी में सामर्थ्यवान लोग बाजारों से महंगी दवा खरीद रहे है और गरीब तबके के लोग टीवी अस्पताल के चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं। मरीजों का कहना है कि उन्हें समय से पूरी दवा मिल नहीं पा रही है ऐसे तो देश टीवी मुक्त हो गया।

ड्रग सेंसटिविटी (औशधि संवेदनशीलता) टीबी के मरीजों की संख्या इस समय जिले में 35 सौ हैं। जबकि एमडीआर टीवी के मरीजों की संख्या करीब 125 है। ड्रग सेंसटिविटी टीबी के मरीजों को तो दवा का लाभ कहीं हद तक मिल रहा है लेकिन एमडीआर टीवी के मरीज दवा के लिए भटकने को मजबूर हो रहे हैं। दो महीने से एमडीआर टीवी के मरीजों को दस दिन की दवा भी पूरी तरह से नहीं मिल पा रही है जब कि टीबी के मरीजों को दवा का कोर्स पूरा करना होता है।

मरीजों को बताया जाता है कि किसी भी कीमत पर दवा खाने में गैप न करें लेकिन दवा के अभाव में अपने आप ही मरीजों का लंबा गैप हो रहा है। क्षय रोग अस्पताल से ड्रग्स सेंसटिविटी टीवी के साथ एमडीआर टीबी के मरीजों को निशुल्क दवा दी जाती है। करीब दो महीने से एमडीआर टीबी के मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का टोटा है जिसके कारण मरीज भटकने को मजबूर हो रहे हैं। किसी को दस दिन तो किसी को सात दिन की ही दवा दी जा रही है। अगर जल्द ही मरीज के लिए दवाओं की व्यवस्था नहीं की गई तो टीबी मरीजों की और भी ज्यादा मुसीबत बढ़ सकती है।

### पखवारे भर के लिए बची है टीबी की दवा

जहां एक ओर एमडीआर टीबी के मरीजों के लिए दवा का टोटा चल रहा है वही ड्रग सेंसटिविटी टीबी के मरीजों के लिए भी मात्र एक पखवारे की दवा विभाग के पास बची हुई है। अगर ड्रग सेंसटिविटी टीवी के मरीजों के लिए जल्द दवा की व्यवस्था नहीं हुई तो इन मरीजों को भी दवा के लिए भटकने को मजबूर होना पड़ेगा। इस समय जिले में ड्रग सेंसटिविटी टीवी के 35 सौ मरीजों का इलाज चल रहा है।

### दो महीने नहीं, दस दिन की मिल रही दवा

शहर के कलक्टरगंज निवासी 57 वर्षीय राम बिहारी एमडीआर टीबी से पीड़ित हैं, बुधवार को वह क्षय रोग अस्पताल पर दवा लेने आए थे लेकिन दवा नहीं मिली। उन्होंने बताया कि दो महीने में उन्हें दस दिन की भी दवा नहीं मिली है मजबूरी में वह मेडिकल स्टोर से महंगी दवा खरीद कर खाने को मजबूर हैं। शहर की ही सुनीता सक्सेना ने बताया कि उन्हें अस्पताल से सिर्फ सात दिन की ही दवा मिल सकी है।

### जिले में टीबी के मरीजों की स्थिति

- जनपद में एमडीआर मरीजों की संख्या 125
- शहर में एमडीआर मरीजों की संख्या कुल 60
- जिले में औषधि संवेदनशीलता के 3500 रोगी

> एमडीआर टीबी की दवा शॉर्ट चल रही है मरीजों को सात से दस दिन की दवा दी जा रही है। अभी तक सरकार के द्वारा दवाए क्षय रोग नियंत्रण केंद्र पर भेजी जाती थी लेकिन अब नया नियम कर दिया गया है। सीएमओ, संयुक्त जिला अस्पताल के दोनों सीएमएस टीबी की दवाई खरीद कर उपलब्ध कराएंगे।
>
> -डा. शहाबुद्दीन, जिला क्षय रोग अधिकारी

### क्या होती है एमडीआर टीबी

मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट ट्यूबर कुलोसिस को एमडीआर टीबी कहा जाता है। अंग्रेजी शब्द मल्टी का आशय है कई या अनेक, ड्रग का आशय दवाओं से और रेजिस्टेंट का यहा अर्थ रोगी के सदर्भ में दवाओं का बेअसर होना है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु से उत्पन्न होती है। टीबी के रोगी के खासने या छींकने से इस रोग के जीवाणु हवा द्वारा फैलते हैं। टीबी का रोग खासतौर पर फेफड़ों पर असर डालता है लेकिन इसका दुष्प्रभाव शरीर के अन्य भागों जैसे हड्डियों, मस्तिष्क और विभिन्न ग्रंथियों पर भी पड़ सकता है। जिले में एमडीआर टीबी के करीब 125 मरीज है, जिसमें 60 मरीज शहर के है।

# प्रशिक्षित किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बुधवार को सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी कार्मिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से माइक्रो ऑब्जर्वरों को मतदान के दौरान किए जाने वाले कार्य को बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार माइक्रो ऑब्जर्वर की क्रिटिकल बूथों पर महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक, गंभीरता से लें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के नियंत्रण में रहकर आप लोगों को कार्य करना होगा। प्रेक्षक को 18 निर्धारित बिंदुओं पर रिपोर्ट भी करेंगे। माइक्रो आब्जर्वर का कार्य हो रहे मतदान प्रक्रिया को अब्जर्व करना है। वहीं माइक्रो आब्जर्वर के बनाए गए व्हाट्स एप ग्रुप में जोड़ने के निर्देश दिए गए।



प्रेक्षागृह में आयोजित प्रशिक्षण में बताए गए टिप्स। अमृत विचार

### मॉकपोल कराने की प्रक्रिया बताई

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने माइक्रो आब्जर्वर को उनके जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। माकपोल कराने की प्रक्रिया तथा मॉकपोल समाप्त होने के बाद में कंट्रोल यूनिट को क्लीयर तथा वीवी पैट के ड्रॉप बॉक्स में गिरी पर्चियों को निकाल कर पीछे मोहर लगाकर काले लिफाफे में सीलकर रखा जाएगा। यह प्रक्रिया मतदान शुरू होने के पूर्व की जाएगी। उन्होंने चैलेंज वोट, टेंडर वोट, प्रॉक्सी वोट, पीठासीन डायरी, मतदान अभिकर्ता फार्म, मतदाता रजिस्टर आदि पर विस्तार से जानकारी दी।

### 344 के सापेक्ष दो रहे अनुपस्थित

जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल ने बताया कि माइक्रो आब्जर्वर के प्रथम प्रशिक्षण में 344 के सापेक्ष 342 उपस्थित रहे और 02 अनुपस्थित रहे हैं। उन्हें निर्देशित किया गया कि द्वितीय प्रशिक्षण में उपस्थित रहे, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# बच्चों के लिए कक्षा में बनाया तालाब

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो बना चर्चा का विषय
- बच्चे गर्मी के कारण नहीं आ रहे थे, तो निकाला रास्ता

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते स्कूल में बच्चों की संख्या घटने लगी तो प्रधानाचार्य ने अनोखा तरीका निकाल लिया। हर शनिवार को नो बैग डे घोषित करते हुए कक्षा में पानी भरवाकर उसे स्वीमिंग पूल का रूप दे दिया। फिर क्य था बच्चे भी स्कूल पहुंचने लगे और इस कृत्रिम तालाब में लोटने पोटने लगे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो चर्चा का विषय बन गया।

महसौनापुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य वैभव राजपूत ने बताया कि करीब 143 छात्र पंजीकृत हैं। गर्मी के कारण बच्चों की संख्या कम हो रही थी। जब उन्हें घर से बुलाने गए तो अभिभावको ने गेहूं कटाई तो किसी ने गर्मी का हवाला दिया। इस पर उन्होंने बच्चों की स्कूल आने में रुचि बढ़ाने के लिए एक कक्षा कक्ष में पानी भरवा स्वीमिंग पूल जैसा



कक्षा में भरे पानी में तैरते बच्चे। अमृत विचार

बना दिया। अब शनिवार को 'नो बैग डे' के दिन बच्चे यहां मस्ती कर रहे हैं।

प्रधानाचार्य का यह क्रिएटिव आइडिया देखकर लोग सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ कर रहे। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब बच्चे पढ़ने भी आ रहे हैं और कक्षा में भरे पानी में खेलकर गर्मी से निजात भी पा रहे हैं। बता दें कि प्रधानाचार्य कुछ न कुछ ऐसा करते रहते हैं जिससे चर्चा में रहते हैं।

# असलहा लिए युवक का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने सोशल साइट पर असलहे के साथ रील बनाई और अपलोड कर दी। जिसे कुछ लोगों ने वायरल कर दिया। वायरल होते ही जिले के आलाधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया और युवक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये। जिस पर पुलिस युवक का पता लगाने में जुट गयी है। हालांकि ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

बता दें कि बुधवार को सोशल साइट पर एक 14 मिनट का वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें एक युवक हाथ में अवैध असलहा के साथ रील बनाता दिख रहा है। रील में बैकग्राउंड म्यूजिक बज रही है और उसमें असलहा खोलते हुये कह रहा है कि उम्र देख कर


असलहा के साथ युवक।

अंदाजा मत लगाइयों, क्या कह रहे हो छोरे तेरे यार के चर्चे बहुत दूर दूर तक हैं। रील का वीडियो वॉयरल होने पर उन्नाव के पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और वीडियो की जांच पड़ताल कर युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

## आंगनबाड़ी पर मिले दो बच्चे अतिकुपोषित

**जलालाबाद, कन्नौज।** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ब्लाक जलालाबाद के ग्राम नेकपुर खत्री के आंगनबाड़ी केंद्र पर आरबीएसके टीम-ए जलालाबाद ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें दो बच्चे अतिकुपोषित श्रेणी में मिले।

डॉ. वरुण सिंह कटियार आरबीएसके टीम-ए जलालाबाद ने बताया कि एक 3 माह की बच्ची का वजन 3.6 किलो, लंबाई 56 सेंटीमीटर मिली। जबकि 1.6 वर्ष की बच्ची का वजन 6.8 किलो व लंबाई 75 सेंटीमीटर मिली। यह डब्लूएचओ के मानक से अतिकुपोषित की श्रेणी में है। दोनों बच्चों को आंगनवाड़ी के सहयोग से पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां इन बच्चों का 14 दिन तक उपचार किया जाएगा। इस दौरान सुपरवाइजर शिव प्रभा मौजूद रही। इसी प्रकार आंगनवाड़ी केंद्र फिरोजपुर तारन में एक बच्चा अतिकुपोषित मिला।

# स्कूली बच्चों को बताए गए यातायात के नियम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा पखबाड़ा के तहत यातायात प्रभारी ने क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में रामनारायण इंटर कॉलेज मौसमपुर मौरारा कनपटियापुर रोड मकरंद नगर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बच्चों से प्रश्न पूछे गये, सही जवाब देने पर पुरस्कार दिया गया।

यातायात प्रभारी आफाक खां ने छात्र -छात्राओं को पैदल चलते हुए सड़क को क्रॉस करने की जानकारी दी। इसी तरह कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने से लाभबताये। सीट बेल्ट लगाने से किस तरह से एयरबैग दुर्घटना के समय मदद करता है। सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद किस


स्कूली बच्चों को पुरस्कार देते यातायात प्रभारी व कालेज प्रबंधक।

तरह से की जा सकती है। गोल्डन आवर किसे कहते हैं। हमारे देश में सड़क कितने प्रकार की होती हैं। उनकी गति सीमाएं क्या होती हैं। आपातकालीन वाहन कौन-कौन से होते हैं। इस मौके पर रामनारायण इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं अध्यापक गण व मुख्य आरक्षी विजय बाबू एवं आरक्षी धनीराम और मुख्य आरक्षी चालक मुबीन खां मौजूद रहे।

# ईशन नदी में डूबने से किशोर की मौत, दूसरे दिन मिल सका शव

## दोस्तों के साथ गया था नहाने, शव मिलने में देरी होने पर परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता,सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** दो दिन पहले दोस्तों के साथ ईशन नदी में नहाने गया किशोर डूब गया। दूसरे दिन एनडीआरएफ की टीम ने उसका शव निकाला तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


आनंद।

इससे पहले उसके मिलने पर देरी होने पर परिजनों ने हंगामा करते हुए जाम लगा दिया।

मंगलवार की दोपहर थाना क्षेत्र के नगला समद गांव निवासी रमेश चंद्र जाटव का 12 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार गांव के छह दोस्तों के साथ सरदापुर गांव के पास ईशन नदी में नहाने गया था। तभी नदी में डूब गया। घटना के बाद दोस्तों ने उसके कपड़े झाड़ियों में छिपा दिए और किसी को इस बारे में नहीं बताया। शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने दोस्तों से पूछताछ करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर खोज शुरू कराई। उसके न मिलने से नाराज परिजन समेत सैकड़ो महिलाओं एवं ग्रामीणों ने छिबरामऊ-बिधूना मार्ग जाम कर प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने किसी तरह समझाकर जाम खुलवाकर एनडीआरएफ टीम के सहयोग से नगला बीरभान गांव के पास स्थित नदी से शव बरामद कर लिया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से मां समेत बहन काजल, बेबी, दिव्या, एवं श्रद्धा, का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।


किशोर की तलाश करती एनडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

### फर्रुखाबाद के युवक का था रेलवे ट्रैक पर मिला शव

कन्नौज। कैलाश कोल्ड स्टोरेज के सामने रेलबे ट्रैक पर मिला शव फर्रुखाबाद जनपद निवासी युवक का था। सदर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के निकट रेलवे ट्रैक पर 29 अप्रैल को अज्ञात युवक का शव मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवा दिया था। मंगलवार को मृतक के भाई रविराज को इस बात की जानकारी मिली तो उसने मृतक की पत्नी के साथ पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में पहुंच कर शव की शिनाख्त की। मृतक की पत्नी ने बताया कि शव उसके पति धनीराम निवासी उसरीखेरा सुलतानपुर जिला फर्रुखाबाद का है। पुलिस ने शिनाख्त हो जाने के बाद शव परिजनों को सौप दिया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली से लकड़ियां गिरीं, युवक की दबकर मौत

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला शेखाना निवासी सुहेल( 35 ) पुत्र सैफुल्ला लकड़ी ठेकेदार था। बुधवार को वह एक गांव से लकड़ी कटवाने के बाद ट्रैक्टर पर लाद कर कन्नौज आ रहा था। जैसे ही वह ट्रैक्टर को लेकर असलम लंबरदार के बाद के निकट मोड़ पर पहुंचा तभी ट्रैक्टर पर लदी कुछ लकड़ियां गिरने लगीं। इस पर उसने ट्रैक्टर को रोक दिया और नीचे उतर कर लकड़ी देखने लगा। इसी बीच इसके बाद तमाम लकड़ियां गिर गईं जिससे वह दब गया। पास में कोई न होने से वह काफी देर तक लकड़ी के ढेर में दबा रहा। जब कुछ देर के बाद लोग उधर से निकले तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी। इस पर मृतक का भाई इमरोज कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और सुहेल को निकाल कर जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम न कराने की बात जिला अस्पताल में लिख कर शव लेकर घर चले गये।

# ईवीएम में कल से लगाए जाएंगे बैलेट पेपर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कल से कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू हो जाएगा फीडिंग का कार्य
- सभी प्रत्याशियों व तहसील क्षेत्र के अधिकारियों को भेजी गई सूचना

**अमृत विचार।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बैलेट पेपर लगाने के लिए अधिकारियों की टीम प्रयागराज रवाना हो गई है। आज यानि दो मई को बैलेट पेपर आ जाएंगे। तीन तारीख से ईवीएम में बैलेट पेपर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। इसकी सूचना लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों व तहसीलों के अधिकारियों को भेज दी गई है।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि जो 15 प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ रहे हैं, उनके नाम व चुनाव चिह्न वाले बैलेट पेपर ईवीएम में लगेंगे। उसे देखकर ही मतदाता 13 मई को बूथों पर मतदान करेंगे। ईवीएम में बैलेट पेपर लगाने का काम विधानसभा वार कलेक्ट्रेट परिसर में ही होगा। बताया कि तीन मई से प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल की ओर से जारी हुए पत्र में जिक्र है कि छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम कमीशिनिंग ( बैलेट पेपर लगाने का काम) वीवीपैट वेयर हाउस में किया जाएगा। तिर्वा विधानसभा क्षेत्र का स्थल न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी कमरा नंबर 17 व कन्नौज क्षेत्र के लिए न्यायालय एडीएम कमरा नंबर 10 के निकट किया गया है। बिधूना का कार्य नवीन मंडी स्थल औरैया व रसूलाबाद के लिए वेयर हाउस कानपुर देहात जिला मुख्यालय पर होगा। जिला निर्वाचन अधिकारियों ने सभी 15 प्रत्याशियों को पत्र भेजकर स्वयं या निर्वाचन अभिकर्ता को मौजूद रहने के लिए पत्र लिखा है।



### कल से कर सकते हैं मतदान

मतदान कार्मिक प्रशिक्षण स्थल पर तीन से आठ मई के बीच डाक मत पत्र से वोट कर सकते हैं। यह मतपत्र भी छ्पकर आ गए हैं। निर्वाचन विभाग की ओर से बूथों पर होने वाले लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की तैयारियां जोरों से की जा रहीं हैं।

## सार-संक्षेप


बैटिंग कर क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते उमर फारूक बंटी। अमृत विचार

### एसके ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में कमालगंज विजयी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नगला महुआ में शुरू हुए एसके ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सपा नेता उमर फारूक उर्फ बंटी ने फीता काटने के बाद बैटिंग कर किया। उद्घाटन मैच में कमालगंज की टीम विजयी रही। बुधवार से ग्राम खुबरियापुर के मजरा नगला महुआ में शुरू हुए टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजीत यादव, अजमेर राजपूत, अजीत राजपूत, सुधीर सक्सेना, पुष्पेंद्र राजपूत व शिशुपाल सिंह ने बताया कि उद्घाटन मैच कमालगंज और ग्राम महुआ नगला की टीम के बीच कराया गया। महुआ नगला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 139 रनों का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कमालगंज की टीम ने 11 ओवरों में लक्ष्य को हासिल करके मैच जीत लिया। कमालगंज की टीम की तरफ से तीन विकेट तथा 54 रन बनाने वाले सनी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### सार्थक ने जेईई मेंस में पाए 98.5 प्रतिशत अंक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला कानूनगोयान निवासी सार्थक सक्सेना ने पहले प्रयास में ही जेईई मेंस परीक्षा में 98 .5 प्रतिशत अंक पाकर जिले का नाम रोशन कर दिया। नगर में सीबीएसई से संबद्ध संस्था जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र सार्थक ने बताया कि बाबा स्व . रामभरोसे सक्सेना तथा दादी स्वर्गीय विनोदिनी ने सदैव उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। आज वह नहीं है परंतु यह सफलता उन्हीं की देन है। माता मीतू सक्सेना एक गृहणी हैं तथा वह उन्हें कड़े अनुशासन में रखती रही हैं। सार्थक ने कक्षा 10 तथा कक्षा 12 में अध्यनरत छात्रों को सलाह दी कि नियमित दिनचर्या तथा निरंतर अभ्यास ही सफलता की एकमात्र कुंजी है। संस्था के निदेशक डॉक्टर आत्माराम शर्मा ने तिलक लगाकर सार्थक को जेईई एडवांस्ड के लिए शुभकामनाएं दी। प्रिंसिपल डॉ . शैलेंद्र मिश्रा, कोऑर्डिनेटर श्री संदीप प्रताप वर्मा तथा संस्था के मैनेजर हिमांशु सक्सेना द्वारा माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।


छात्र को सम्मानित करते संस्था के निर्देशक ।

### सीओ ने अंतर्जनपदीय सीमा पर जांची पुलिस ड्यूटी

**कन्नौज।** क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने सामान्य लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए सदर कोतवाली क्षेत्र के क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव के लोगों के जानकारी ली। इस के बाद उन्होंने अंतर्जनपदीय बैरियर पर लगी एसएसटी और अन्य ड्यूटी को चेक किया गया। पुलिस के साथ उन्होंने दूसरे जनपद से आने वाले वाहनों को चेक किया। इस दौरान सीओ ने कहा कि बाहर से आने वाले संदिग्ध वाहनों को चेक किया जाये। इस तरह का कार्य नियमित किया जाये। उन्होंने कुसुमखोर गांव में लोगों से मतदान के लिये प्रेरित किया साथ ही कहा कि वनह वे खौफ होकर मतदान करें। यदि किसी तरह की दिक्कत हो तो इस की जानकारी पुलिस व प्रशासन को दें।

### महिला सहित पांच वारंटियों को पकड़ा

**गुरसहायगंज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाल प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राहुल पाल, ओम सिंह, नीरज कुमार शर्मा आदि ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमार अभियान चलाया। इसमें ग्राम रौतामई निवासी सामोद कुमार, ग्राम सराय प्रयाग निवासी संजय कुमार, ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी अयूब, ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी सुनील कुमार, मोहल्ला गांधी नगर निवासी सबरीन बेगम को हिरासत में ले लिया।

### पिता के हत्यारोपी पुत्र को पुलिस ने दबोचा

**तिर्वा, कन्नौज।** पिता की ईंट से कुचलकर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को 12 दिन बाद पकड़ लिया। कोतवाली के वंशीपुर्वा गाव निवासी सोनू उर्फ दयाराम पुत्र जसवंत 18 अप्रैल की रात में शराब के नशे में घर पर पहुंचा था। वह छोटे भाई सचिन से लड़ रहा था। पिता जसंवत दोनों को रोकने लगा तभी सोनू ने मारपीट करते हुए पास पडी ईंट से कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने दूसरे पुत्र मोनू की तहरीर पर गैरइरादन हत्या व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने बुधवार की सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे अंडर पास से आरोपी को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर खेत के किनारे खड़ी झाड़ियों से रक्तरंजित ईंट बरामद कर उसे जेल भेज दिया। आरोपी ने कबूला कि वह नशे में था। भाई सचिन से मारपीट हो रही थी। पिता ने मना किया तो उनको धक्का देकर गिरा दिया।

# मजदूर दिवस पर बताए गए अधिकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कन्नौज सदर व छिबरामऊ तहसीलों में श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

बुधवार को शिविर में श्रमिकों को श्रम कानून, सरकार की योजनाओं, श्रमिकों के अधिकार संबंधी जानकारी दी गई। पराविधिकों ने बताया कि नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं नालसा एप से कई लाभ मिलते हैं। विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केंद्र में सचिव लवली जायसवाल और अधिवक्ता प्रेम चंद्र शर्मा के प्रयास से करीब एक वर्ष पुराने वैवाहिक वाद का निस्तारण किया गया।

मामला ठठिया थाना में पंजीकृत हुआ था। दोनों पक्ष साथ रहने को राजी हो गए। इस मौके पर पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो, जगदीश यादव, अनेश कनौजिया एवं नितिन सक्सेना मौजूद रहे।

# तय हो गया कौन सी ईवीएम किस बूथ पर जाएगी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को हुआ मशीनों का दूसरा रेंडमाइजेशन
- प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में चली प्रक्रिया

**अमृत विचार।** कौन सी ईवीएम व वीवीपैट किस बूथ पर जाएगी इसका फैसला बुधवार को हो गया। कलेक्ट्रेट परिसर में मशीनों का दूसरा रेंडमाइजेशन हुआ। इसमें अधिकारियों के अलावा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जिले में 1519 व लोकसभा क्षेत्र में 2307 बूथ हैं। सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार व जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों को बुलाकर ईवीएम व वीवीपैट का दूसरा रेंडमाइजेशन कराया। पहले रेंडमाइजेशन में विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का वितरण हुआ था। दूसरे रेंडमाइजेशन में वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस मौके पर सदर कन्नौज, छिबरामऊ, तिर्वा, रसूलाबाद व बिधूना विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम भी मौजूद रहे जो एआरओ की भूमिका में हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने भी सहयोग किया।



### तैयार हो रही वोटरलिस्ट

बताया गया है कि बूथों पर भेजी जाने वाली मतदाता सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही सूची छपकर आ जाएगी। उसका वितरण पोलिंग पार्टियों को किया जाएगा। प्रत्याशियों को भी इसकी जरूरत पड़ती है।

### छपकर आ गई मतदाता पर्ची

डोर-टू-डोर मतदाता पर्ची भी बांटी जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि मतदाता पर्ची व वोटर गाइड लाइन छपकर आ गई है। मतदान से पांच दिन पहले तक उसे बांटना होता है। बीएलओ से कहा गया है कि तीन मई से उसका वितरण शुरू कर दें।

**चुनावी पैंतरेबाजी** | राजनीतिक दलों के साइबर योद्धाओं ने बनाया चुनावी हथियार, बाबा साहेब को लेकर भाजपा-सपा में जंग हुई और तेज

# डिजिटल 'प्लेटफार्म' पर चल रही प्रत्याशियों की गाड़ी

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी जहां गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं करने और घर-घर जाकर वोटरों की परिक्रमा में जुटे हैं वहीं, चुनाव में सोशल मीडिया पर प्रचार वार चल रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर प्रचार करने की छूट दे दी है, केवल आपत्तिजनक पोस्ट पर निगाह रखी जा रही है। राजनीतिक दलों के साइबर योद्धाओं ने डिजिटल प्लेटफार्म को सबसे बड़ा चुनावी हथियार बनाया है। या यूं कह सकते हैं कि डिजिटल प्लेटफार्म पर ही प्रत्याशियों की गाड़ी चल रही है।

**अखिलेश ने दिया 'कन्नौज क्रांति' का नाम:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नामांकन करने के बाद इस चुनाव को 'कन्नौज क्रांति' का नाम दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा है कि सकारात्मक राजनीति का दौर शुरू हुआ है और भाजपा की नफरत भरी राजनीति का जाना ही 'कन्नौज क्रांति' है। अखिलेश यादव लगातार सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और विभिन्न प्लेटफार्म फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर सक्रिय रहकर भाजपा सरकार की विफलताओं को गिना रहे हैं। मतदान की तारीख नजदीक आते ही वह सपा शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों को भी फोटो व वीडियो समेत शेयर कर रहे हैं, जिसके प्रतिदिन हजारों व्यूज आ रहे हैं।



अखिलेश ने फेसबुक पर डाली पोस्ट।


समाजकल्याण मंत्री द्वारा फेसबुक पर डाली गई पोस्ट।

### 'प्रखर' को लेकर राज्यमंत्री हुए मुखर

भाजपा से सदर विधायक और समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण भी लगातार सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ रोड शो में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के वेश में शामिल छात्र प्रखर गौतम को लेकर उन्होंने फेसबुक पर एक लेख लिखा है, जिसमें उस बच्चे को बताया गया कि किस तरह सपा बाबा साहब के नाम धोखा कर रही है। बाबा साहब के नाम पर लगा मेडिकल कॉलेज का बोर्ड सपाइयों ने उखाड़कर फेंक दिया और अपमान किया था। इसका नाम राजकीय मेडिकल कॉलेज कर दिया। याद दिलाया कि सपा सरकार ने बाबा साहेब के नाम पर सभी योजनाओं को बंद कर दिया था। भाजपा सरकार ने पुन: मेडिकल कॉलेज बाबा साहेब के नाम पर कर दिया है। उन्होंने प्रखर को सही गलत का फर्क करने की नसीहत भी दी है।

### जातीय ध्रुवीकरण को लेकर भी चलने लगे बाण

एक तरफ सोशल मीडिया पर प्रचार हावी है तो फर्जी आईडी बनाकर जातीय ध्रुवीकरण करने की कोशिश की जा रही है। अभी दो दिन पहले फेसबुक पर किसी अजय तिवारी नाम की आईडी में सांसद सुब्रत पाठक का फोटो लगाकर लोधी-राजपूत समाज के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इसको लेकर जब लोधी समाज के लोगों ने आपत्ति जताई तो भाजपा सोशल मीडिया सेल के जिला संयोजक हिमांशु सक्सेना ने तिर्वा कोतवाली में तहरीर दी। इसी तरह वॉट्सएप पर भी ग्रुप, ब्रॉडकास्ट चैनल बनाकर जातीय गोलबंदी की जा रही है। राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी लगातार सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं।

## दो स्थानों पर मारपीट में चार लोग घायल

**गुरसहायगंज।** मोहल्ला सुभाष नगर निवासी रामू ठाकुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 29 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे भाइयों राजू सिंह व सोनू सिंह के साथ बोलेरो कार से तिर्वा की ओर जा रहा था। तभी ग्राम पाल नगर निवासी अमित व सुमित ने दो अज्ञात लोगों के साथ उन्हें रोक लिया और गालीगलौज की। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। ग्राम धनीधरपुर्वा निवासी हरीओम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 29 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे गांव के नरायन पाल, रामपाल, मिथलेश व देवेन्द्र ने मोबाइल के विवाद में गाली गलौज की। मना करने पर उसे पीटा। बीच बचाव करने पर उसकी मां माया देवी, पिता रामसरन को भी पीटा।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज**

पत्रांक: च-1/2024 दिनांक: अप्रैल, 30, 2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सामान्य लोक सभा निर्वाचन-2024 में ड्यूटी पर लगे केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल/राज्य पुलिस बल/पीएसी/होमगार्डस हेतु तम्बू, कनात, शामियाना, लाउड स्पीकर, बैट्री जनरेटर तथा प्रकाश/पानी व्यवस्था की सामग्री किराए पर लेने हेतु दिनांक: 01.05.2024 को अपरान्ह: 14:00 बजे से निविदाएँ आमंत्रित की जानी है। उक्त निविदायें दिनांक: 05.05.2024 को अपरान्ह: 13:00 बजे निविदा दाताओं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा नामित राजपत्रित अधिकारी के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र/निविदा से संबंधित समस्त जानकारी/शर्तें/सामग्री से संबंधित दरें आदि अद्योहस्ताक्षरी के प्रधान लिपिक कार्यालय से नगद रूपये 500/- देकर प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी निविदा प्रपत्र को अद्योहस्ताक्षरी पूर्ण या आंशिक रूप से अस्वीकृत करने में सक्षम होंगे। किराए पर ली जाने वाली वस्तुओं की संख्या/मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढायी जा सकती है। निविदा निश्चित दिनांक को डाली जाएगी और खोली जाएगी, निविदा न्यूनतम रेट के आधार पर स्वीकृत की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक,
कन्नौज



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद प्रधानाचार्य व अन्य लोग। अमृत विचार

# शिक्षण संस्थानों समेत 58 जगह ठहरेंगे सुरक्षा में लगे जवान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आठ मई तक सभी कमियां दूर करने के दिए गए निर्देश
- प्रधानाचार्य व प्राचार्य के साथ अधिकारियों ने की बैठक

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव कराने के लिए जिले में बाहर से सुरक्षा बल आएगा। उसको ठहराने के लिए 58 शिक्षण संस्थानों समेत अन्य जगहों का चयन कर लिया गया है। आठ मई तक सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

बुधवार को दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के 58 स्कूल, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य व प्राचार्यों की बैठक हुई। किसान बाजार के भी जिम्मेदार बुलाए गए। चयनित स्थानों पर रसोई के लिए कमरा, स्टोर, स्नानघर, शौचालय, पानी टंकी, सबमर्सिबल, हैंडपंप, जेनरेटर,

| संस्थान | संख्या |
|---|---|
| महाविद्यालय | 22 |
| माध्यमिक स्कूल यूपी बोर्ड | 23 |
| सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड | 07 |
| आईटीआई/पॉलिटेक्निक | 02 |
| किसान बाजार तिर्वा | 01 |
| बेसिक शिक्षा के स्कूल | 03 |

साफ-सफाई व अन्य बिंदुओं पर व्यवस्था करने के कई निर्देश दिए गए। दूसरी ओर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट व हाईस्कूल परीक्षा को अच्छी तरह से संपन्न कराने व परिणाम भी बेहतर आने पर प्रधानाचार्यों को बधाई दी। एसपी अमित आनंद ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर अन्य राज्यों व जनपदों से आने वाले केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों, पीएसी, नागरिक पुलिस व होमगार्ड के रुकने के लिए व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त कर लिया जाए। उन्होंने बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था करने, वायरिंग, पंखा, बोर्ड, स्वीच, पेयजल व सहयोग के लिए एक-एक स्थानीय कार्मिक तैनात करने को कहा। इस मौके पर एडीएम आशीष सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, जीआईसी उमर्दा प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता व अभिषेक मिश्र मौजूद रहे।

# खत्म हुई सत्ता की पारी, अब आई है जनता की बारी

गुरसहायगंज, कन्नौज। तमाम सरकारें और जनप्रतिनिधि आए और कार्यकाल पूर्ण कर चले गए लेकिन गुरसहायगंज हमेशा उपेक्षा का शिकार हुआ है। जिला वीवीआईपी रहा लेकिन इसके बाद भी कस्बा में बेहतर शिक्षा के लिए कोई राजकीय इंटर या डिग्री कॉलेज की स्थापना हो सकी और न ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कोई कार्य हुआ। युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए यहां न तो खेलकूद का मैदान है और न ही पुस्तकालय। इस बार जनता बात करने वाले को नहीं विकास करने वाले को वोट देने के मूड में है। गुरसहायगंज संवाददाता प्रदीप पाठक ने मतदाताओं से इस संबंध में बातचीत की। पेश हैं कुछ अंश..

### इस बार भी वोट विकास और देश की मजबूती को



अतुल

नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी अतुल गुप्ता का कहना है कि देश का विकास तभी होगा। जब हर मतदाता अपने वोट से लोकतंत्र की रक्षा करेगा। प्रत्याशी कोई भी हो लेकिन ऐसी सरकार का चयन करें, जो नगर के विकास के साथ देश को मजबूती दे। बताया कि वह हर बार वोट डालते है। इस बार भी उनका वोट विकास और देश की मजबूती को जाएगा।

### शिक्षा और विकास के नाम पर करेंगे मतदान



साबिर हुसैन।

मोहल्ला सीमांत नगर निवासी साबिर हुसैन का कहना है कि कस्बा में गरीब छात्र-छात्राओं की शिक्षा के लिए किसी भी सरकार ने अब तक राजकीय इंटर व डिग्री कॉलेज की स्थापना नहीं कराई है। जबकि नगर सहित क्षेत्र में भारी संख्या ऐसे वर्ग कि जो महंगाई के कारण शिक्षा से वंचित है। जो सरकार शिक्षा और विकास पर ध्यान देगी वोट उसी को करेंगे।

### दस साल से ठप पड़े हैं नगर में विकास कार्य



अवनीश यादव।

मोहल्ला सूबेदार नगर निवासी अवनीश यादव ने बताया कि 10 वर्षों से नगर का विकास ठप है। सपा शासन में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मैटरनिटी विंग की स्थापना हुई थी। तब से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कोई कार्य नहीं हुआ। मुख्य चौराहा पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी बंद करा दिया गया है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जो सरकार युवाओं के लिए काम करे उसे ही वोट



मो. नफीस।

मोहल्ला गांधी नगर निवासी मो. नफीस का कहना है कि युवाओं के विकास और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए शिक्षा व खेलकूद के साधनों का अभाव है। इससे युवाओं को बाहर जाना पड़ता है। जो सरकार युवाओं के विकास और उत्थान के क्षेत्र में कार्य करेगी वोट उसी को जाएगा। जब युवा मजबूत होगा तभी देश उन्नति कर सकता है।

### वोट लेने के बाद नहीं दिखते जनप्रतिनिधि



अवधेश।

मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी अवधेश भार्गव बताते है कि वह हर चुनाव में मतदान करते हैं लेकिन चुने जाने के बाद जनप्रतिनिधि न सिर्फ गायब हो जाता है बल्कि जमीनी समस्याओं से मुंह मोड़ लेता है। विकास के नाम पर गुरसहायगंज को हमेशा ठगा गया है। केवल वोट लेने के लिए तो प्रत्याशी यहां आते है और जीतने के बाद समस्याओं की सुध भी नहीं लेते हैं।

### जो श्रमिकों के हित में कार्य करेगा उसी को देंगे वोट



हंसराज अकेला।

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी हंसराज अकेला का कहना है कि गुरसहायगंज में श्रमिकों की संख्या अधिक है लेकिन सरकार ने उनके लिए कुछ नहीं किया है। उद्योग धंधों का अभाव होने से श्रमिक वर्ग एक सीमित क्षेत्र में सिमट कर रह गया है। बड़े उद्योग न होने के कारण रोजगार का अभाव है। जो श्रमिकों के हित में कार्य करेगा, वोट उसी को जाएगा।

# पैरों से दिव्यांग व निलंबित कर्मचारी चुनाव के लिए 'फिट'

## घिसटते-घिसटते कर रहे चुनाव ड्यूटी काटने की मनुहार, अस्पताल व विकास भवन के लगा रहे चक्कर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** घिसट-घिसट कर दिव्यांग इस कार्यालय से उस ऑफिस लोकसभा क्षेत्र के चुनाव ड्यूटी काटने की मनुहार कर रहे हैं लेकिन अफसर-कर्मियों को उन पर तरस नहीं आ रहा है। दिव्यांगों के प्रार्थना पत्र देने पर भी चुनाव की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा रहा है। वह जिला अस्पताल व विकास भवन के चक्कर लगाकर परेशान हैं। निलंबित कर्मियों को भी निर्वाचन की जिम्मेदारी दी गई है।

- गुहार के बाद भी नहीं किया जा रहा चुनाव ड्यूटी से मुक्त

विकास भवन से सरकारी कार्यालयों के लिए दूसरे प्रशिक्षण की ड्यूटियां वितरित कर दी गईं हैं। जब यह ड्यूटी आदेश मतदानकार्मिकों को मिले तो आरोप-प्रत्यारोप और लापरवाही का दौर शुरू हो गया। खास बात यह है कि पूर्व में लिखित में देने के बाद भी पात्रों को निर्वाचन की जिम्मेदारी से दूर नहीं किया जा रहा है। इन दिनों विकास भवन व अन्य अधिकारियों की चौखट पर ड्यूटी कटाने के लिए भीड़ लग रही है। हालांकि कुछ अपात्र भी हैं। कई ऐसे हैं, जिनको निर्वाचन कार्य से मुक्त करना चाहिए पर ऐसा नहीं किया गया है।

### 80 फीसदी दिव्यांग बना दिए गए मतदान अधिकारी प्रथम

**केस 01** विकास खंड सदर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल नरायनपुर्वा के सहायक अध्यापक दीपू वर्मा ने बताया कि वह दोनों पैरों से असहाय हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक 80 फीसदी वह दिव्यांग हैं। उनकी ड्यूटी मतदान अधिकारी प्रथम पद पर छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संख्या 212 में लगा दी गई है। तीन मई को ही उनका दूसरी पाली में प्रशिक्षण लगा है। जिला अस्पताल गए और ओपीडी का पर्चा बनवाया लेकिन कहा गया कि विकास भवन जाओ। वहीं प्रार्थना पत्र दो जाकर। उसके बाद ही कुछ हो सकेगा। इस वजह से वह विकास भवन आए। दीपू ने बताया कि पहली ड्यूटी आने के बाद प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन ड्यूटी नहीं काटी गई और दूसरी बार जारी हो गई। अब फिर आए थे ड्यूटी कटवाने के लिए, लेकिन हुआ कुछ नहीं।



विकास भवन में ड्यूटी आदेश दिखाते दीपू वर्मा।

### विधवा के कूल्हे में दिक्कत, आ गईं चुनाव ड्यूटी करने के लिए

**केस 02** प्राथमिक स्कूल ललईपुर्वा ब्लॉक जलालाबाद में सहायक अध्यापक गायत्री देवी ने बताया कि उनको मतदान अधिकारी द्वितीय पद पर सदर विधानसभा क्षेत्र कन्नौज में तैनात कर दिया गया। ड्यूटी आदेश में पार्टी संख्या 1420 है। आठ मई को पहली पाली में उनका प्रशिक्षण है। गायत्री का कहना है कि पति गोविंद कुमार का 21 अगस्त 2020 को कोरोना संक्रमण के चलते निधन हो गया था। एक अगस्त 2023 को आश्रित अनुकंपा से नौकरी मिली है। घर में एकल अभिभावक व कूल्हे में दिक्कत होने से दिव्यांग हैं। घर पर नाबालिग दो बच्चे हैं। बुधवार को वह डंडे का सहारा लेकर विकास भवन पहुंचीं और दिक्कत बताई। कोई अधिकारी उसकी समस्या के निराकरण को तैयार नहीं है।



डंडे का सहारा लेकर विकास भवन पहुंचीं गायत्री।

### निलंबित शिक्षक मतदान अधिकारी

**केस 03** ब्लॉक हसेरन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लालशाहपुर्वा प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन शुक्ला को तीन अप्रैल को बीएसए उपासना रानी वर्मा ने निलंबित कर दिया था। उसके बाद 18 से 21 अप्रैल तक के पहले प्रशिक्षण में पवन शुक्ला की मतदान अधिकारी प्रथम की चुनाव ड्यूटी जारी हो गई। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी को 18 अप्रैल को प्रार्थना पत्र, ड्यूटी आदेश व निलंबन पत्र दिया तो कहा गया कि बेसिक शिक्षा विभाग में दो वहीं से ड्यूटी काटने के लिए लिखकर आएगा। उसके बाद बेसिक शिक्षा कार्यालय में भी पत्र दिया, लेकिन दूसरी ड्यूटी में फिर से नाम आ गया।

### दिव्यांग अध्यापक पीठासीन अधिकारी

तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बरगावां के **केस 04** सहायक अध्यापक मोहम्मद निजाम भी पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव में लगी पीठासीन अधिकारी की ड्यूटी कटाने के लिए वह कई दिनों से भटक रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। कोई कहता है कि फलां ऑफिस जाओ तो कुछ लोग बोलते हैं कि विकास भवन में ही काम होगा। काम करने की तो दूर की बात सुनने वाले ही कार्यालयों में जल्द नहीं मिलते हैं।

### पात्र भटक रहे, असरदार लाभ ले रहे

जिन मतदानकार्मिकों को लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहिए, उनकी ड्यूटी नहीं काटी जा रही है। असरदार लोग इसका फायदा उठा रहे हैं। दूसरी ओर पात्र दर-दर भटक रहे हैं। कुछ कर्मियों ने आरोप लगाया है कि एक बाबू एनआईसी में लंबी-लंबी लिस्ट लेकर जाते हैं और मनचाही ड्यूटी कटवा लेते हैं, लेकिन कई बार गुहार लगाने के बाद भी उनकी ड्यूटी नहीं काटी जा रही है।


पहली बार चुनाव ड्यूटियों में मिलीं कई खामियां

20 अप्रैल को प्रकाशित खबर।

### नियम विरुद्ध ड्यूटियों से पारदर्शी चुनाव की चाहत

आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने 20 अप्रैल को शीर्षक पहली बार चुनाव ड्यूटियों में मिलीं कई खामियां खबर प्रकाशित की थी। बताया था कि रिटायर, निलंबित, मृतक समेत कई अपात्रों को मतदान कार्मिकों की ड्यूटी दे दी गई है। उसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है।

# मतदानकार्मिकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण कल से

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 14 कक्षों में बैठेंगे 10-10 पोलिंग पार्टियों के 40-40 कार्मिक
- सुबह नौ व दोपहर दो बजे से एक दिन में कुल 1120 लोग आएंगे

**अमृत विचार।** तीन से आठ मई तक पुलिस लाइन के निकट स्थित एक विद्यालय में मतदानकार्मिकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण चलेगा। कुल 14 कमरों में 10-10 पोलिंग पार्टियां बैठेंगी। एक पार्टी में चार कार्मिक शमिल रहेंगे।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि मतदान कार्मिकों के लिए हर कक्ष में पांच-पांच इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भी रहेंगी। कुल 70 वीवीपैट भी प्रशिक्षण से पहले पहुंचा दिए जाएंगे। 10 सफाईकर्मी वाहन से उतारने व प्रशिक्षण स्थल तक ले जाने के लिए लगाए गए हैं। विकास भवन के कर्मी संतोष व मुबारिक की देखरेख में ईवीएम दी जाएंगी। बताया गया है कि एक-एक पाली में 560-560 मतदान कार्मिक शामिल होंगे। पहली पाली का प्रशिक्षण सुबह नौ से दोपहर 12 और दूसरी पाली का दोपहर दो से शाम पांच बजे तक चलेगा।

### 20 प्रश्नों का पेपर तैयार

हर पाली का प्रशिक्षण लेने के बाद मतदान कार्मिकों को इम्तिहान भी देना होगा। बताया गया है कि कुल 20-20 प्रश्नों के पेपर तैयार किए गए हैं। पहले 30 प्रश्न आने थे। सीडीओ राम कृपाल चौधरी के मुताबिक जिन कार्मिकों के अंक 80 फीसदी से कम होंगे, उनको दोबारा से ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण के लिए 6,688 मतदानकार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है।

### 47 अधिकारी-कार्मिकों की लगी ड्यूटी, बैठक आज

मतदानकार्मिकों की हाजिरी व अन्य कार्य के लिए 47 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी भी अलग से लगाई गई है। इसमें रिजर्व में भी कर्मी रखे गए हैं। विकास भवन के जेई, बाबू समेत अन्य कुछ कर्मियों को भी जिम्मेदारी मिली है। तैयारियों को लेकर दो मई को सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार में बैठक भी होगी।

# प्रेक्षक ने परखीं मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर प्रेक्षक संदीप कुमार ने कस्बा गुरसहायगंज व समधन स्थित मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने मतदान केंद्रों पर मौजूद बीएलओ से मतदाताओं के संबंध में पूछताछ कर दिशा निर्देश दिए।

बुधवार को प्रेक्षक ने नगर के गोमती देवी इंटर कॉलेज, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, सरोजनी देवी इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय खाडेद्देवर, समधन स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां भौतिक सुविधाओं को परखा। प्रत्येक मतदान केंद्र पर शौचालय, पेयजल, रैंप, व्हील चेयर, प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी बूथों पर कुल मतदाताओं की संख्या, जेंडर रेशियो, महिला व पुरूष मतदाताओं की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान छिबरामऊ उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, तहसीलदार छिबरामऊ अभिनव कुमार, राजस्व निरीक्षक कौशलेंद्र दुबे, लेखपाल कौशल पांडेय, दिनेश दुबे, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह आदि कर्मी मौजूद रहे।

# कल इंदरगढ़ में अखिलेश की सभा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- चौथे चरण के चुनाव प्रचार में आएंगे राष्ट्रीय नेता, ताकत झोंकेंगे
- पांच मई को बिधूना भरथना रोड पर हुंकार भरेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान की तारीख निकट आने लगी है। अब विभिन्न दलों से जुड़े राष्ट्रीय नेता कन्नौज आकर ताकत झोंकेंगे। शुक्रवार को कन्नौज से सपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इंदरगढ़ में सभा कर वोट की अपील करेंगे तो खबर है कि पांच मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिधूना भरथना रोड के पास भाजपा प्रत्याशी के लिए हुंकार भरेंगे।

मौजूदा समय में कन्नौज से अखिलेश के मैदान में उतर जाने से चुनाव दिलचस्प हो गया है। एक तरफ भाजपा के लिए सीट बरकरार रखने की चुनौती है तो दूसरी तरफ अखिलेश की साख का भी सवाल है। वे हर हाल में गढ़ पर वापस कब्जा करने की मंशा से ही 15 साल बाद पुराने मैदान में लड़ने आए हैं। दूसरी तरफ मुकाबला कहीं न कहीं मुश्किल हो जाने से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी व समर्थकों के भी ताकत झोंकने की खबर है। सपा से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि तीन अप्रैल को अखिलेश यादव इंदरगढ़ क्षेत्र में जनसभा कर जनता से संवाद करेंगे। 10 मई को अखिलेश के साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी केके इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले रोड शो करने की भी खबर मिल रही है।

सूत्र बता रहे हैं कि पांच मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तिर्वा में जनसभा कर सकते हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी के सूत्रों से पता चला है कि नौ मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती कन्नौज में जनसभा को संबोधित करेंगी। फिलहाल सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का प्रोटाकॉल आ गया है। वह तीन मई को तीन बजकर 25 मिनट पर रामलीला मैदान हसेरन पर पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे व 4 बजकर 40 मिनट पर सैफई रवाना हो जाएंगे। इतना जरूर तय है कि चौथे चरण के चुनाव में कन्नौज में गढ़ और घर की लड़ाई में ताकत झोंकने की तैयारी है।

# कॉलेज में कार्यक्रम मतदान की अपील

**छिबरामऊ।** नगर के पूर्वी बाईपास स्थित नेहरू पीजी कॉलेज में बुधवार को मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन कर नवमतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कॉलेज नेहरू प्रबंध समिति की सचिव श्रीमती इंदिरा दुबे ने 13 मई को लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने नवमतदाताओं को मतदान में हिस्सेदारी करते हुए सचेत नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रवि प्रताप सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर साथी एवं जनता इंटर कॉलेज के शिक्षक उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवदी व अन्य।

# बाएं हाथ की तर्जनी पर लगेगी अमिट स्याही

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अपर्याप्त जानकारी से प्रभावित हो सकती है चुनाव की प्रक्रिया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनरों को दूसरे प्रशिक्षण के लिए कई तरह के निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि मास्टर ट्रेनर या मतदानकार्मिकों के अपर्याप्त ज्ञान से लोकसभा क्षेत्र की चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसलिए ट्रेनिंग मन लगाकर लें और दें। 13 मई को बूथ पर वोटर के बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी।

बुधवार को प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बतौर मास्टर ट्रेनर अन्य मतदान कर्मियों को निर्वाचन का प्रशिक्षण देंगे। इसलिए गंभीरता व लक्ष्य जरूरी है। आगे कहा कि ईवीएम को कैसे खोलना और बंद करना है। मॉकपोल पर कितने वोट डालना है और यदि मशीन आदि खराब होने पर वापसी करनी है तो उसकी प्रक्रिया किस तरह पूरी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में हर एक घंटे में मतदान प्रतिशत निकालने में कर्मियों को परेशानी न हो इसके लिए निर्वाचन आयोग ने एमपीएस एप जारी किया है। इससे मतदान का प्रतिशत तुरंत सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि एमपीएस एप का प्रशिक्षण पीठासीन अधिकारियों को अच्छी तरह से दिया जाए। बताया गया कि सभी पीठासीन अधिकारी स्मार्ट फोन का प्रयोग कर इस एप को डाउनलोड करेंगे। साथ ही सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट भी इस एप का प्रयोग करेंगे। मतदान प्रतिशत जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाएगा। पुरुष और महिलाओं का अलग-अलग वोट फीड किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, बीडीओ सदर अमित सिंह, मास्टर ट्रेनर शुचि पांडेय, स्नेहलता द्विवेदी, पूनम पांडेय, गुंजन भदौरिया, पूजा पांडेय, रेनू कमल, शैली मिश्रा, रोहित द्विवेदी, अनुराग शुक्ल, रितम चतुर्वेदी आदि रहे।

### वोटरों से अच्छा व्यवहार करें, प्रतिशत बढ़ेगा

- चुनाव कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) फार्म के जरिए मतदान कर सकेंगे। इसके लिए ड्यूटी में तैनात कर्मी ईडीसी फार्म-12 भरकर देंगे। जिस बूथ पर कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है वहां अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। प्रशिक्षण में बताया गया कि पीठासीन अधिकारी को ईडीसी के विषय में जानकारी दी जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान कार्मिक वोटर्स का सहयोग व अच्छा व्यवहार करें। इससे वोट प्रतिशत भी बढ़ेगा।

**आक्रोश** विकास न होने से मोहल्ला कृष्णा नगर में बैनर लगा कर विरोध जता रहे हैं बाशिंदे

# अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन, लिया मतदान के बहिष्कार का निर्णय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरायमीरा के कृष्णा नगर मोहल्ले में विकास न होने से लोगों ने अर्धनग्न होकर मतदान का बहिष्कार बुधवार को पांचवें दिन भी जारी रखा। मोहल्ले के लोगों ने बैनर लगे स्थान पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया।

मोहल्ला कृष्णा नगर में लोगों ने मतदान बहिष्कार का बैनर लगा कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि एक तरफ प्रशासनिक अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं वहीं दूसरी तरफ सहर के इस मोहल्ले के लोग मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। इससे सरकार की ओर से चलाया जा रहा अभियान बेईमानी साबित हो रहाहै। इस स्थिति में मतदान का प्रतिशत बढ़ने वाला नहीं है।

बुधवार को मोहल्ले में रेलवे रोड के किनारे खड़े होकर मोहल्ले के लोगों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रवीण मिश्रा, गिरीश दुबे, रवि शंकर शुक्ला, श्री कृष्ण सक्सेना, विपिन कुमार, सदन सिंह पाल, सौरभ, लोकेश कुमार त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, गोलू यादव, देव त्रिपाठी रहे।




शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करते लोग।

### मोनोब्लॉक पंपसेट से निकाला जाएगा धीराताल का पानी

**कन्नौज।** गोलकुआं से कलक्ट्रेट व तिर्वा क्रासिंग की तरफ आने वाली सड़क के किनारे धीराताल के पानी की निकास के लिए मोनोब्लॉक पंप की व्यवस्था की जाएगी। हालांकि यह वैकल्पिक व्यवस्था होगी। यह निष्कर्ष एसडीएम सदर अविनाश गौतम व ईओ नगर पालिका श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने मंगलवार देर शाम किए गए निरीक्षण के बाद निकाला है। असल में इस तालाब के आसपास बसे कृष्णानगर के लोग चार दिन से जल निकासी समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर आंदोलनरत हैं, यहां तक कि मतदान का बहिष्कार तक कर दिया है। ईओ ने बताया कि मोहल्ले के लोगों से मिलकर बातचीत की गई है और बिजली की समस्या का समाधान करा दिया गया है। जल निकासी के लिए तालाब से लेकर क्रॉसिंग तक नाले पर अतिक्रमण हटवाना होगा। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था पर काम किया जाएगा। बताया कि मोनोब्लाक पंप की मदद से पानी पुल के पिलर के ऊपर से ले जाकर नाले तक पहुंचाया जाएगा। इस पर एक से दो दिन में काम शुरू कर दिया जाएगा।



जलनिकासी के लिए जीटी रोड किनारे जगह देखते एसडीएम सदर अविनाश गौतम, ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी व मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### महिलाओं ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज के गांव जयसिंघापुर निवासी नरवेंद्र की 33 वर्षीय पत्नी उर्वशी ने गृह क्लेश में कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबियत बिगड़ जाने पर आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी घटना में रिटौल निवासी सुधा पुत्री हरेन्द्र संदिग्ध अवस्था में कीटनाशक का सेवन कर लिया उससे भी इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### ईंट गिरने से बालिका घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर से सटे गांव अताईपुर निवासी सुभाष की 17 वर्षीय पुत्री कोमल के सिर पर ईंट गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के रेफर कर दिया।

### साइकिल से गिरा वृद्ध

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला रेलवे रोड टीचर कॉलोनी निवासी फूल सिंह साइकिल से बाजार जा रहे थे। अचानक से अनियंत्रित होकर गिर गये और गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल अवस्था मे उन्हें आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### कीड़े ने महिला को काटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के काजी मोहल्ला निवासी तसलीम बेगम को जहरीले कीटे ने काट लिया। परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया।

### ईंट मारकर किया घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आरोपितों ने ईंट मार कर ग्रामीण को घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण व इलाज सीएचसी में कराया। क्षेत्र के गांव सत्तारनगर निवासी सत्यभान को पुलिस मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी लाई। जहां इलाज के दौरान घायल के भाई ओमकार ने बताया उसका भाई सत्यभान चारपाई पर लेटा था। तभी आरोपित आए और मारपीट कर ईट मार दी। आरोपितों का उसके भाई के साथ समर पंप पर भी कुछ विवाद हुआ था पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

### उंचाई से गिरा बालक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना नबावगंज के गांव चदनी निवासी राजा हसन का आठ वर्षीय पुत्र मुस्तफा ऊंचाई से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज किया गया।

### महिला को सांप ने डसा जिला अस्पताल में भर्ती

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव कमालुद्दीनपुर निवासी पवन मिश्रा की 20 वर्षीय पत्नी सिया घर में काम कर रही थी। तभी नवविवाहिता सिया के हाथ में सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया गया है। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया ।जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि 108 एंबुलेंस की सहायता से सिया को लाया गया है। घर वालों के मुताबिक सिया को सांप ने काटा है।

### मारपीट कर पिता-पुत्र, पुत्री को किया घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आरोपितों ने पिता-पुत्र व पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। नगर से सटे गांव मेंहदीबाग निवासी रामबाबू को मारपीट के मामले में पुलिस सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण व इलाज के लिए लाई। इलाज के दौरान रामबाबू ने बताया सोमवार की शाम लगभग 6 बजे वह घर के बाहर बैठा था। तभी नगर के प्रेमनगर निवासी आधा दर्जन आरोपितों ने उसके घर में घुस आए व उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उसके साथ मारपीट कर दी।

# सैन्य क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, फैली सनसनी

## शव से बदबू आने पर सेना के अधिकारियों को हुई जानकारी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में आर्मी कैंट सैन्य क्षेत्र में जंगल में अधेड़ युवक का शव फांसी पर लटका मिला।

कैंट की तरफ से बदबू आने पर सैन्य अधिकारियों ने मौके पर जाकर देखा। सैन्य अधिकारियों और सैनिकों को पेड़ पर अर्धनग्न अवस्था में लटकता शव दिखा। सैन्य अधिकारियों की सूचना पर करनलगंज चौकी इंचार्ज नरसिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पेड़ पर लटक रहे अधेड़ के शव को नीचे उतारकर जांच पड़ताल की।

अज्ञात शव की शिनाख्त के लिए पुलिस जांच में जुट गई। वहीं शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी में भेज दिया। सूत्रों की माने तो मृतक का शव करीब चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। संवेदनशील आर्मी कैंट क्षेत्र में लाश मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। सैन्य क्षेत्र में परिंदा भी बिना अनुमति के पर नहीं मार सकता है, तो आखिर शव यहां पहुंचा।



जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

### चार दिन से गायब था अधेड़

- कोतवाली फतेहगढ के मोहल्ला हाथीखाना निवासी 42 वर्षीय युनुफ की सिविल लाइन न्यू जज कॉलोनी में हेयर कटिंग की दुकान है। उनके छोटे भाई चंदा ने बताया कि दुकान को भाई युनुस, इलियास व हम मिलकर चलाते थे। बीते 28 अप्रैल 2024 को युनुस ने सुबह लगभग 8 बजे दुकान खोली थी। लगभग 9 बजे उसके भाई इलियास व चंदा भी दुकान पर आ गए थे। इसके बाद लगभग 10 बजे युनुस कहीं चले गए थे। जब युनुस शाम तक घर पर नहीं पहुंचे। तो परिजनों को चिंता हुई और उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों ने सेना पार्क, स्टेशन आदि जगहों पर उनकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। 29 अप्रैल 2024 को जेएम पोर्टल व फतेहगढ़ कोतवाली में गुमशुदगी की सूचना दी। लेकिन उसके बाद भी यूनुस का कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को उसका शव फंदे से लटका मिला।

# 68 विद्यालय और महाविद्यालय किए जाएंगे अधिग्रहीत

**फर्रुखाबाद।** लोस चुनाव के लिए जिलाधिकारी ने जनपद के 68 विद्यालयों व महाविद्यालयों को आठ से 24 मई तक अधिग्रहण करने के आदेश दिए हैं। माध्यमिक व निजी कॉलेज शामिल हैं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालय अधिग्रहण करवाने के निर्देश दिए हैं। 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए बाहरी जनपदों से पीएसी, सीएपीएफ व सिविल पुलिसबल को ठहराया जाना है। इसके लिए डीएम डॉ. वीके सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजकर 68 विद्यालयों को अधिग्रहित करने के निर्देश दिए हैं। आरपी डिग्री कॉलेज, मेजर एसडी सिंह डिग्री कॉलेज, गिरिजा देवी डिग्री कॉलेज व म्युनिस्पल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ समेत 68 कॉलेजों को अधिग्रहित किया गया है। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि इन कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर कहा गया है कि वह लोग कार्यालय आकर अधिग्रहण आदेश लें।

# मृतक भाई के अभिलेखों से शिक्षक बना युवक !

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- आईजीआरएस पर की गई शिकायत, जांच में जुटा शिक्षा विभाग

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने का एक और मामला सामने आया है। आईजीआरएस के माध्यम से की गई शिकायत में विकास खंड मोहम्मदाबाद क्षेत्र के एक विद्यालय में तैनात शिक्षक पर अपने मृतक भाई के शैक्षिक अभिलेखों से नौकरी करने का आरोप लगाया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी अब गंभीरता से जांच कराए जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। आईजीआरएस पर की जाने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के आदेश शासन के हैं। इसके बाद भी जनपद में इसका पालन नहीं हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि 3 अप्रैल 2024 को आईजीआरएस पर शिकायत की गई कि मोहम्मदाबाद विकास खंड क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय संकिसा बसंतपुर में तैनात शिक्षक के सभी शैक्षिक अभिलेख गलत हैं। आरोप लगाया कि शिक्षक ने अपने मृतक भाई के शैक्षिक अभिलेख लगाकर नौकरी प्राप्त कर ली है।

### दोषी होने पर होगी कार्रवाई

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया है कि आईजीआरएस पर फर्जी शैक्षिक अभिलेखों से शिक्षक की नौकरी करने का मामला संज्ञान में है। लोकसभा चुनाव में थोड़ी व्यस्तता है। वह स्वयं इस मामले की गहनता से जांच कराएंगे। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मोहम्मदाबाद खंड शिक्षाधिकारी भारती शाक्य ने शिक्षक पर फर्जी शैक्षिक अभिलेखों से नौकरी किए जाने की शिकायत मिली थी। जांच रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दे दी गई है।

# राजेपुर अस्पताल का किया निरीक्षण, मिलीं खामियां

अमृतपुर फर्रुखाबाद

- एसीएमओ जांच करते रहे और चले गए चिकित्साधिकारी व कर्मचारी

**अमृत विचार।** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थकेंद्र मे पीने के पानी की समस्या है। अव्यवस्थाओं को देखकर मीडिया के सामने एसीएमओ ने अपनी भड़ास निकाली। प्रसूति कक्ष मे गंदगी देख एसीएमओ ने नाराजगी जाहिर की। स्टाफ नर्स सोनू सिंह, फोर मेन के संबंध एसीएमओ को कोई जानकारी नहीं दे सकी। किसी पर भी रजिस्टर पर रजिट्रेशन नंबर अंकित नहीं पाई गई। एसीएमओ ने बताया न ही रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित करने का प्रयास किया गया। निरीक्षण के दौरान ही स्टॉफ अपनी स्वेच्छा से चला गया। जिसको एसीएमओ द्वारा घोर लापरवाही बताया । एसीएमओ ने बताया कि उनके निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ धीरे-धीरे खिसक गया। चिकित्सा प्रभारी आरिफ सिद्दीकी भी मौके पर उपस्थित नहीं मिले। उन्होंने रजिस्टर चेक किया तो उसमें भी कई कटिंग मिलीं।

# कॉलेज की समस्याओं पर मंथन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** म्यूनिस्पल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में बुधवार को आयोजित शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक में कॉलेज की मूलभूत सुविधाओं के लिए अभिभावकों से सहयोग मांगा गया। इस दौरान समिति का गठन भी किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने विद्यालय की समस्याओं को अभिभावकों के समक्ष रखा। उन्होंने फर्नीचर, विद्युत बिल, सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत, साफ-सफाई आदि समस्याएं रखते हुए अभिभावकों से अधिकतम सहयोग करने की अपील की। बैठक में मौजूद शिक्षकों व अभिभावकों ने सर्वसम्मति से सहयोग करने सहमति प्रदान की। बैठक के दौरान ताहिर हुसैन ने नई कमेटी गठित करने की अनुमति प्रदान की। नवीन कमेटी में वीरेंद्र कुमार बाथम को अध्यक्ष, प्रधानाचार्य को उपाध्यक्ष (पदेन), वरिष्ठ प्रवक्ता मयंक रस्तोगी को मंत्री, श्रीनिवास को उप मंत्री तथा श्री अजय कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार कठेरिया, प्रदीप कुमार जायसवाल, अरविंद कुमार, रामेश्वर दयाल, विश्व प्रकाश दीक्षित, प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, प्रबल प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद अभिभावक, जानकारी देते प्रधानाचार्य। अमृत विचार



बैठक में भाग ले रहे डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

# हर पोलिंग बूथ पर ऑटो-रिक्शा के साथ मौजूद रहेगी बुलावा टोली

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन के लिए लगाए गए विभिन्न प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल पर बुलावा टोली बनाई गई है, यह टोली हर बूथ पर एक ई रिक्शा बुलावा टोली को दिया जाएगा । जनजागरूकता के लिये एक एप विकसित किया गया है जो कि एनआईसी से डाउनलोड किया जा सकता है। जिसमे बी एल ओ के नंबर व बूथ संख्या भी उपलब्ध है । सभी स्पेशल पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियो का गठन हो गया है ।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बूथों पर ओ आर एस का घोल व मेडिकल किट उपलब्ध रहे ।सभी बूथों पर पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था हो। महिलाओं व दिव्यांग वोटर्स की लाइनें अलग से बनाई जाए। सभी बूथों पर पंखों की व्यवस्था की जाये । सभी मतदाता पर्चियों का वितरण 05 मई तक हो जाये व उसकी क्रॉस चेकिंग भी की जाये। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि 12 व 13 मई को जिले में कोई भी विजली कटौती न की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गांव के कई घरों में लगी आग, सामान जला

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा कैलिहाई में बच्चों के खेलते समय अचानक आग लग गई। देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गांव राजवीर पुत्र सेवकराम, संतराम पुत्र छोटे 20 क्विंटल गेहूं 10 क्विंटल सरसों सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। रघुवीर पुत्र मनीराम 15 क्विंटल गेहूं, 5 क्विंटल सरसों गृहस्थी का सामान चलकर राख हो गया। अखिलेश पुत्र मनीराम 10 क्विंटल गेहूं 1 कुंतल सरसों, गृहस्थी का सामान, तेजवीर पुत्र संतराम 40 क्विंटल गेहूं, एक क्विंटल सरसों, गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। धनी राम पुत्र छोटेलाल, रजनीश पुत्र धनीराम भूरे पुत्र संतराम, शिवपाल पुत्र सेवकराम, तुकमान पुत्र सेवकराम, रामरहीस पुत्र धनीराम, सुधीर पुत्र धनीराम, राजीव पुत्र धनीराम का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सीमा पत्नी अखिलेश जो गृहस्थी निकलते समय जल गई। आनन-फानन में ग्रामीणों के सहयोग से महिला को अस्पताल भिजवाया गया। ग्रामीणों ने बताया आग इतनी तेज थी कि तीन फायर ब्रिगेड गाड़ियों के पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका ।वही अमृतपुर थाना इंचार्ज रमाशंकर पांचाल तथा थाना अध्यक्ष शमशाबाद बलराज भाटी घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल तैयार होकर घर आ गई थी वह जल कर राख हो गई।

### आग से कई घरों की गृहस्थी जली

**फर्रुखाबाद।** ब्लाक शमशाबाद क्षेत्र के गांव कहलियाई में भीषण आग लग जाने से कई ग्रामीणों को झोपड़ी व छप्पर व गृहस्थी जलकर खाक हो गए। जिससे ग्रामीणों का बड़ा नुकसान हुआ है। जिसमें हजारों रुपये की नकदी व खाने-पीने का सामान अन्य वस्तुएं जलकर खाक हो गई। इस मौके पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव व जिला महासचिव अमन चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष रवि यादव, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुमित सिंह, अनिल यादव, विनोद सिंह आदि ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने व ग्रामीणों की मदद करने का काम किया है। शासन व प्रशासन से मदद करने का भरोसा दिलाया है।

# दो बूथों में चोरी, लाखों का सामान उठा ले गए चोर

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए दो बूथों पर की गई प्रकाश व पंखों की व्यवस्था चोरों ने ध्वस्त कर दी। चोर बूथों तथा स्कूल का सारा सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम ललई के संविलियन विद्यालय में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने रसोईघर, स्मार्ट रूम, स्पोर्ट रूम व बूथ सं० 103 व बूथ सं० 104 में लगे दो-दो पंखा आदि कमरों के ताले तोड़कर चोरी कर लिए। चोर 2 सिलेंडर किचन का सामान, वेल मशाले, स्मार्ट टीवी, इन्वर्टर बैटरी व अलमारी से कुछ सामान और बूथ वाले कमरों से पंखे व स्पोर्ट रूम से म्यूजिक इन्स्ट्रूमेन्ट में दो छोटे ड्रम बजाने वाले जिनपर विद्यालय का नाम भी लिखा है चोरी कर ले गए।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**निखरेगा हुनर** | महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने ट्रेड का चयन कर रिपोर्ट देने के दिए निर्देश

# अनुदानित विद्यालयों में भी पढ़ाया जाएगा व्यवसाय

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राजकीय के साथ ही अब अनुदानित (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में भी व्यवसायिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाएगा। इससे छात्र-छात्राएं हुनरमंद हो सकेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर राजकीय व एडेड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से छात्र संख्या व स्थानीय आवश्यकतानुसार ट्रेड का चयन कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए सरकार ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिए जाने के आदेश दिए थे। अब शासन ने राजकीय के साथ ही एडेड माध्यमिक विद्यालयों में भी व्यवसायिक शिक्षा का पाठ पढ़ाए जाने को कहा है। इसके तहत कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि वह राजकीय व एडेड माध्यमिक विद्यालयों की छात्र संख्या के साथ ही स्थानीय आवश्यकता के अनुसार ट्रेड का चयन कर 31 मई तक हर हाल में सूचना उपलब्ध करा दें। ट्रेड का चयन छात्र-छात्राओं की रुचि के अनुसार ही किया जाए। गौरतलब है कि जनपद में दस राजकीय व 63 एडेड माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं।

### चयन के लिए बनाई जाएगी समिति



व्यवसायिक शिक्षा में ट्रेड चयन के लिए समिति बनाई जाएगी। समिति में मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्ष व जिला विद्यालय निरीक्षक सदस्य सचिव होंगे। इसके साथ ही महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, राजकीय आईटीआई के प्राचार्य, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक, जिला विद्यालय द्वारा नामित राजकीय माध्यमिक विद्यालय व एडेड कॉलेजों के वरिष्ठतम प्रधानाचार्य सदस्य होंगे।

> अभी तक राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ही व्यवसायिक शिक्षा शामिल थी, लेकिन अब एडेड माध्यमिक विद्यालयों में भी व्यवसायिक शिक्षा दी जाएगी। जल्द ही महानिदेशक के निर्देश से राजकीय व एडेड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अवगत कराया जाएगा।
>
> **- नरेंद्र पाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक।**

## सार-संक्षेप

### चार को कमालगंज आएंगे मुख्यमंत्री

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चार अप्रैल को जनपद में संभावित दौरा प्रस्तावित है। वह नगर पंचायत कमालगंज क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली जनसभा को संबोधित करेंगे। संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम आ गया है। वह चार अप्रैल को कमालगंज स्थित रामलीला मैदान में पार्टी प्रत्याशी मुकेश राजपूत के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। हालांकि अभी मुख्यमंत्री के आने का समय निर्धारित नहीं है।

### मारपीट की रिपोर्ट

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** पेन्ट्स स्टोर मालिक के साथ हुई मारपीट की एनसीआर को पुलिस ने रिपोर्ट में तरमीम कर लिया है। 21 मार्च को नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी पेन्ट्स स्टोर मालिक अलीहसन को चिलौली पठान निवासी इलेक्ट्रानिक दुकानदार इजहार खां ने मारपीट की थी, जिसमें अलीहसन गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया था। मेडिकल रिपोर्ट आने पर पुलिस ने एनसीआर को रिपोर्ट में तरमीम कर लिया है।

### मार्ग दुर्घटना में नौ घायल, एक गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद एटा के थाना अलीगंज के श्यामनगर निवासी नन्ही देवी, विश्वराम, सुशीला देवी, क्षेत्र के गांव घसिया चिलौली निवासी महेन्द्र का पन्द्रह वर्षीय पुत्र शिवकुमार व मोहल्ला झील निवासी मुखिया, अरियारा निवासी सुग्रीव, फर्रुखाबाद के आईटीआई चैराहा निवासी नितिन, जनपद इटावा के कोतवाली चैकी निवासी सादाब, नगर से सटे गांव कुबेरपुर निवासी साइना बेगम गंभीर रुप से घायल हो गए। आस पास के लोगों ने सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सुग्रीव को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



पत्रिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि शिव ओम अंबर व अन्य। अमृत विचार

### 'अभ्युदय' पत्रिका का हुआ विमोचन

**फर्रुखाबाद।** सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर सेनापति में बुधवार को 'अभ्युदय' पत्रिका का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि डॉ. शिवओम अंबर, विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष शिव विलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने अभ्युदय पत्रिका का विमोचन किया। मुख्य अतिथि डॉ. शिवओम अंबर ने कहा कि साहित्यिक गतिविधियों में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। विभाग प्रचारक सर्वेश कुमार ने कहा कि अभ्युदय पत्रिका के प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित चित्र ही भारतीय समाज के जीवन का मूल आधार है। इससे पहले छात्रा वैष्णवी शुक्ला ने नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शौर्य शुक्ला ने गीत सुनाया तो तालियों से छात्रा की हौसलाफजाई की गई। इस अवसर पर विजय अवस्थी, प्रवीण, धर्मेंद्र रघुवंशी, धर्मेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आरोपितों ने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकद्दमे में कहा है उसकी पत्नी की बहन 23 अप्रैल को अपने ससुराल से परिजनों के साथ जनपद कन्नौज के छिवरामऊ के गांव माधौनगर में मेला देखने गई थी। जहां से वह परिजनों को छोड़कर कही चली गई थी। इस संबंध में 25 अप्रैल को उसकी पत्नी अपने परिवार के साथ परिवार के ही आकाश के घर जानकारी करने गई थी। तभी आकाश, उसका भाई बिरजू, उसकी मां बिटोली उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

### बोलेरो की टक्कर से युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव घसिया चिलौली निवासी महेंद्र सिंह का 15 वर्षीय पुत्र शिवकुमार बाजार से सब्जी लेकर घर जा रहा था। तभी दुर्गा टाकीज के पास बोलेरो ने शिवकुमार को टक्कर मार दी। जिसमें शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से शिवकुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने बताया 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल 15 वर्षीय किशोर शिवकुमार को लाया गया है।

### शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफॉर्मर जला

**फर्रुखाबाद।** देर रात ट्रांसफार्मर में शार्ट-सर्किट से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग केबलों में लगी और लपटें उठने लगीं। दमकल आदि की मदद से आग पर काबू पाया गया। थाना कादरीगेट के आवास विकास तिराहे पर प्रयाग नारायण हॉस्पिटल के सामने रखे ट्रांसफार्मर में अचानक देर रात्रि आग लग गयी। देखते ही देखते आग विद्युत पोल पर लगी केबिलों तक आ गयी। आग ने कुछ ही देर में बिकराल रूप ले लिया। मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर थानाध्यक्ष अवध नारायण पाण्डेय आदि पुलिस बल मौके पर आ गया। प्रयाग नारायण हॉस्पिटल में रखे आग बुझाने के सिलेन्डरों से काबू पाने का प्रयास किया गया ।

### रोडबेज बस अड्डा प्रभारी से मारपीट, तीन गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट के रोडवेज बस अड्डा प्रभारी जितेन्द्र सिंह के साथ कादरीगेट के आम्बेडकर नगर निवासी विपिन दीक्षित व उनके सहयोगियों नें उन्हें बस में बंधक बनाकर मारपीट कर दी थी। मामले में विपिन दीक्षित व उनके तीन साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बीते दिन आरोपी बस मालिक विपिन दीक्षित थाना कादरीगेट में पंहुचकर समर्पण किया था ।उसके दो साथी श्याम नगर निवासी अमित कुमार शुक्ला पुत्र रामदत्त व जितेन्द्र अग्निहोत्री पुत्र विजय अग्निहोत्री निवासी कछेलिया पाली हरदोई को पुलिस ने गिरफतार किया। विपिन व उनके साथियों की गिरफ्तारी मसेनी से दिखायी है। तीनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने तीनों को जेल भेज दिया।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या के ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं ।

## संपादकीय

# संघर्ष विराम का समय

गाजा में हर दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। राफा पर इजराइल के सैन्य हमले से संघर्ष में वृद्धि होगी और इसके कारण हजारों फिलिस्तीनी नागरिक मारे जाएंगे। शीघ्र ही अगर युद्ध विराम समझौता नहीं किया गया तो यह युद्ध गाजा में चौतरफा विनाश और भीषण परिणामों के साथ, पूरे क्षेत्र में और भी भयंकर नतीजों के साथ फैल जाएगा। गाजा में युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय भड़का था, जब हमास ने इसराइल के दक्षिणी इलाके में घातक हमला किया था जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे। उसके बाद इजराइली सैन्य हमलों में 34,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं और 73 हज़ार से अधिक घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर इजराइल और हमास से युद्ध विराम के लिए सहमति की अपील की है। गुटेरेस की यह अपील ऐसे समय में जारी की गई है जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए बातचीत चल रही है। उधर युद्ध विराम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बुधवार को इजरायल पहुंच गए हैं। हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से एंटनी ब्लिंकन की यह सातवीं यात्रा है। उन्होंने इजराइली नेताओं से मुलाकात की। क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन इजराइल को गाजा पट्टी के एक हिस्से में बड़ा जमीनी हमला शुरू करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे, जहां फिलिस्तीनियों ने युद्ध के दौरान शरण मांगी थी।

इजराइल ने इजराइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में अपने 33 बंधकों (महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारियों से पीड़ित) को रिहा करने के मध्यस्थों के सुझाव पर सहमति व्यक्त की है। जेलों में बंद इन फिलिस्तीनियों में से कई हत्या के मामलों में आरोपी हैं। ब्लिंकन और बिडेन के अन्य शीर्ष सहयोगी भी हमास से छह सप्ताह के संघर्ष विराम और कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में बंधकों को मुक्त करने के लिए एक समझौते पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं। वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। नवंबर में, हमास ने सात दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान 100 से अधिक बंधकों को मुक्त कर दिया। वास्तव में अब और देरी नहीं कार्रवाई करने का समय आ गया है। क्योंकि कोई अन्य विकल्प नहीं है। अस्थायी संघर्ष विराम से स्थायी संघर्ष विराम हो सकेगा।

# आर्थिक उदारवाद से मध्यवर्ग की आकांक्षाओं को लगे पंख



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी। कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए।

90 के दशक से ही निजीकरण के महिमा मंडन ने मध्य वर्ग को बेहद उत्साहित कर रखा था और दस वर्ष के मनमोहन काल में बढ़ी समृद्धि ने इस वर्ग की आकांक्षाओं को जैसे पंख लगा दिए थे। इन्हीं पंखों पर चढ़ कर कारपोरेट नेशनलिज्म ने अपनी ऊंची उड़ान भरी जिसे जमीन पर रेंगता आर्थिक रूप से निम्न तबका हसरत भरी निगाहों से ताकता रहा।

कारपोरेट नेशनलिज्म इसी तरह आता है जैसे भारत में आया। स्वप्नों को त्रासदियों में बदल देने वाले छद्म राष्ट्रवाद और पुनरुत्थानवाद की आड़ में मुनाफे का निरंकुश खेल, जिसमें राजनीति बंधक बन जाती है और लोकतंत्र जैसे किसी प्रहसन में तब्दील हो जाता है। चल रही व्यवस्था से नाराज लोगों को अच्छे दिनों के ख्वाब दिखाना, बेरोजगारी से त्रस्त समाज को नौकरी के सब्जबाग दिखाना, अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिलाना और जनता की तमाम जहालतों का ठीकरा व्यवस्था पर काबिज लोगों और उनकी नीतियों पर फोड़ना। इस तरह यह अपना रास्ता बनाता है।

इतना ही काफी नहीं होता। कारपोरेट नेशनलिज्म को अपने पांव पसारने के लिए एक ऐसे प्रायोजित नायक की जरूरत होती है जिसके छद्म छवि निर्माण से जनता को भ्रमित और चमत्कृत किया जा सके ताकि उसे लगे कि हमारा उद्धार करने वाला आ गया और कि हमें उसका खैर मकदम करते हुए अपने सिस्टम की चाबी उसे सौंप देनी चाहिए।

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

ऐसा दौर, जिसने भारतीय पत्रकारिता का घोर नैतिक पतन देखा, जिसने मध्य वर्ग की जटिल मानसिकता के भीतर की कुरूपताओं को उजागर किया, तथाकथित सवर्णों के बड़े हिस्से की सांप्रदायिक चेतना को उभारा और जिसने तथाकथित निचली जातियों के कई भ्रष्ट राजनीतिक ठेकेदारों के राजनीतिक चरित्र को खोल कर सामने रख दिया। सबसे महत्वपूर्ण कि इस दौर ने नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की परतों को उधेड़ कर रख दिया और हमें अहसास दिलाया कि अपने मुनाफे के लिए कारपोरेट का एक प्रभावशाली तबका किस कदर जन विरोधी हो सकता है।

कारपोरेट नेशनलिज्म ने निजीकरण को मुक्ति का मार्ग घोषित किया। हमारे देश के बिजनेस क्लास ने साबित किया कि मुनाफे की संस्कृति में अधिकाधिक लाभ कमाने के लिए वह नैतिक रूप से कितना नीचे गिर सकता है। अधिकाधिक मुनाफा कमाना, अधिकाधिक श्रम लेना, न्यूनतम वेतन देना। नीति निर्माण की प्रक्रिया पर अपनी पकड़ को निरंतर सख्त करता यह वर्ग अमानवीयता की हदों से गुजरता गया जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत संरचनाओं पर उसके बढ़ते आधिपत्य ने एक पतित संस्कृति का निर्माण किया।

जब हम नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की बातें करते हैं तो हम इसके चरित्र को यूरोप और अमेरिका से अलग कर देखने की कोशिश करते हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक और पढ़े लिखे देशों में निजी उपक्रमों पर नियामक संस्थानों का कठोर नियंत्रण होता है और वे निर्धारित मानकों की उपेक्षा नहीं कर सकते। हमारे देश में ये उपक्रम तय मानकों को धता बताने में बिलकुल भी गुरेज नहीं करते। ऐसा हर क्षेत्र में है जिस कारण हमारे देश में निजीकरण संगठित लूट का एक माध्यम बन गया है। क्या कोई सोच सकता है कि यूरोप के पढ़े लिखे देशों के डिजाइनर प्राइवेट स्कूल हमारे देश की तरह बच्चों की स्तरीय शिक्षा से अधिक चिंता उनके ड्रेस और उनकी किताबों के माध्यम से अधिकाधिक मुनाफा लूटने पर करें?

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी।

कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए। हेल्थ स्ट्रक्चर में सरकारी निवेश से अधिक तवज्जो करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलाई जा रही बीमा योजनाओं के माध्यम से निजी सेक्टर को मुनाफा के अवसर देना इसी आर्थिक चिंतन का हिस्सा है।

हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका तक में सार्वजनिक हेल्थ बीमा के माध्यम से चिकित्सा प्रणाली की विफलता उजागर हो चुकी है। हमारे देश में तो उस दौर की दुर्दशा की याद अभी भी अधिक पुरानी नहीं पड़ी। लेकिन उस दुर्दशा के बावजूद न नीति निर्माताओं ने कोई सीख ली, न जनता ने।

कोरोना संकट ने साबित किया कि दुनिया के जिस भी देश ने स्वास्थ्य में सरकारी संरचना को मजबूती दी है वही इस महामारी का बेहतर तरीके से सामना कर सका। लेकिन, कॉर्पोरेट संस्कृति इन सीखों पर भ्रम का आवरण चढ़ाने में देर नहीं लगाती। कारपोरेट नेशनलिज्म जब एक बार किसी सिस्टम पर काबिज हो जाता है तो आसानी से इसके तंबू नहीं उखड़ते। जब तक यह बकरों के खून को चूस सकता है, जब तक यह मानवता को तहस नहस कर सकता है, तब तक अंतिम दम तक यह फन काढ़कर खड़ा रहता है। बहुत सारे लोग, जिनमें कुछ नामचीन चिंतक पत्रकार भी शामिल हैं, उम्मीदें लगाए हैं कि 2024 शायद इनका विराम बिंदु साबित हो। लेकिन, यह इतना आसान नहीं। कोई राजनीतिक दल या दलों का समूह तब तक इन्हें अपदस्थ नहीं कर सकता जब तक जनता इनके तंबुओं के बांस उखाड़ने पर आमादा न हो जाए। फिलहाल तो ऐसी अधिक उम्मीद नहीं।

नौकरी और अच्छे भविष्य, अच्छी अर्थव्यवस्था और अच्छे दिनों के आश्वासनों के पुल पर चढ़ कर आया, नेशनलिज्म और ठेठ सांप्रदायिकता को अपने औजारों की तरह यूज करते कारपोरेट राज को असल चुनौती किसी राजनीतिक दल से नहीं, जनता से ही मिलती है और इसके कनात तब उखड़ते हैं जब तक चतुर्दिक त्राहि त्राहि नहीं मच जाती और बिलबिलाती जनता विरोध में मुट्ठियां नहीं कस लेती। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है। हालांकि बिलबिलाती जनता जब विरोध में मुट्ठियां कस लेती है तो झूठे स्वप्नों का आख्यान रचते, देश और जनता को ठगते सिस्टम के अलंबरदारों की कैसी दुर्गति होती है यह भी इतिहास अनेक उदाहरणों से हमें बताता है। लगता नहीं कि भारत के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी उस व्यामोह से बाहर निकल सका है जिसका वितान कारपोरेट नेशनलिज्म के सूत्रधारों ने रचा है। शायद अभी और फजीहतें बाकी हैं।

## प्रसंगवश

# विकास के अग्रदूत: श्रमिक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जब बहुत बड़ा भार होता है, तब पांच-सात मजदूर मिल कर उसे खिसकाते हैं, उठाते हैं, खड़ा करते हैं और यथास्थान ले जाते हैं, तब वे एक स्वर में जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं, वे शब्द मानो उनके जीवन की व्यथा-कथा हैं, विवशता और हिम्मत। निर्धन मजदूर का जीवन मानो इन शब्दों का ही आख्यान है -

पल्ले पर गई हे ईसा।/ कोई बात नहीं है हे ईसा।/ थोरी रह गयी हे ईसा।/ पार पकर लयी हे ईसा। जिन श्रमिकों ने सडकें बनायी हैं, समुद्र को पाटा है, पर्वतों को पीस कर खेत बनाए हैं, खानों में प्रवेश करके संपदा का दोहन किया है, अपनी जान हथेली पर लेकर बहुमंजिले महल बनाए हैं, जिनकी बदौलत उद्योग चल रहे हैं, वे श्रमिक ही विकास के अग्रदूत हैं, देश का असली निर्माण करने वाले तो वे श्रमिक ही हैं। परन्तु यह कैसी व्यवस्था है, यह कैसी विडंबना है कि इतने श्रम के बाद भी वे ही आवासहीन हैं, वे ही धनहीन हैं? उनका जीवन त्रासदियों से आकुल-व्याकुल है।

इन कमेरों के श्रम के बिना वह बाजार और बाजार की नियामक-शक्तियां, वह अर्थव्यवस्था, वे बैंक, वह पैसा उत्पादन नहीं कर सकता। निर्माण नहीं कर सकता। रक्षा नहीं कर सकता। बाजार की नियामक-शक्तियां सब मिल कर के भी बाजार को नहीं चला सकेंगी। श्रम के बिना बाजार नहीं चलेगा। यह अलग है कि श्रम अपने परिवेश और व्यवस्था में कितना सस्ता और कितना महंगा है। बाजार की शक्तियां मनुष्य की इस श्रम-शक्ति का यांत्रिक-विकल्प खोजती रहती हैं। बेरोजगारी जितनी अधिक होगी, श्रम उतना सस्ता होगा। उत्पादक को उत्पादन का लाभ न मिले और बिचौलिया मुनाफ़ा कमाए तो भला उत्पादन कैसे बढ़ेगा? प्राइवेट-स्कूल-कालेज हैं, अध्यापक और अध्यापिकायें पढ़ा रही हैं, उन्हें क्या मिल रहा है? दस हजार-पंद्रह -हजार? बाकी मुनाफा कौन ले रहा है? जो खेती कर रहा है, उसे क्या मिला? कितना मिला? बाकी मुनाफा किसे मिला? श्रमिक आधे पेट रहे और कारपोरेट का पेट फूलता जाय। इस विश्व बाजार-व्यवस्था में मनुष्य की श्रम शक्ति का महत्व दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। मनुष्य की महिमा घट रही है।

# अर्थव्यवस्था की वैश्विक चुनौतियां



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक पंडितों को धता बताते हुए भारत, वैश्विक अपेक्षाओं से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इसी के फलस्वरूप पूरी दुनिया अब भारत को निर्विवाद रूप से तेज़ी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था मान चुकी है। परंतु इसी के साथ अपने प्रतिस्पर्धी एवं पड़ोसी देश चीन के साथ अपनी तुलना करने पर हमें कुछ कठोर यथार्थ का भी सामना करना पड़ता है। आज नहीं तो कल वैश्विक मंच पर चीन को पछाड़ने के लिए हमें कठोर यथार्थ को स्वीकार करते हुए उन सभी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां हम चीन से पीछे रह गए हैं। एक ओर जहां चीन की प्रति कैपिटा इनकम 12 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक है। तो वहीं दूसरी और भारत की प्रति कैपिटा इनकम मात्र 2200 अमेरिकी डॉलर है। एक तरफ चीन ने अपने देश से गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। तो वहीं दूसरी और भारत में गरीबी एक यक्ष प्रश्न है। देश की आजादी के समय भारत की स्थिति चीन से काफी बेहतर थी किंतु भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में हुई कुछ भारी गलतियों के कारण हम चीन से विकास की रफ्तार में बहुत पीछे छूट गए थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है। सभी आयात एवं निर्यात संबंधी गणना को 'बैलेंस ऑफ पेमेंट' के नाम से जाना जाता है। इसमें दो तरह के खाते होते हैं। जिसमें से पहला 'कैपिटल अकाउंट' और दूसरा 'करंट अकाउंट' के नाम से जाना जाता है। 'कैपिटल अकाउंट' में वह सभी ट्रांजैक्शन (लेन-देन) दर्ज होते हैं जो कि किसी दीर्घकालिक संपत्ति (एसेट) या फिर उत्तरदायित्व (लायबिलिटी) से संबंध रखते हैं। उदाहरण स्वरुप कोई कर्ज लेना एक लायबिलिटी है। तो कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एसेट का निर्माण करता है। इसके इतर 'करंट अकाउंट' वह खाता है जहां दर्ज किए गए ट्रांजैक्शन किसी एसेट अथवा लायबिलिटी से संबंध नहीं रखते हैं। यह करंट अकाउंट दो भागों में विभाजित हो जाता है। पहला 'ट्रेड अकाउंट' जिसमें सभी वस्तुएं जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, कृषि संबंधित उत्पाद आदि शामिल रहते हैं। तथा दूसरा 'इनविजिबल अकाउंट' जिसमें सेवाएं, लाभांश, दान, उपहार, ब्याज आदि को दर्ज किया जाता है।

यदि करंट अकाउंट के इन्हीं ट्रेड एवं इनविजिबल खातों का कुल योग ऋणात्मक होता है, तो इसे 'करंट अकाउंट डेफिसिट' बोला जाता है। यही करंट अकाउंट डेफिसिट भारत की लगभग स्थाई समस्या बन चुकी है। आसान शब्दों में इसे समझें तो भारत लंबे समय से आयात की अपेक्षा निर्यात कम कर रहा है। और हम विश्व मंच पर एक आयात प्रधान देश बन कर रह गए हैं। केंद्र सरकार इस क्षेत्र को गंभीरता से लेते हुए अपने दूरगामी लक्ष्य पर जिस प्रकार से कार्य कर रही है, उसी का परिणाम है कि हमारा करंट अकाउंट डिफिसिट कम होने की ओर अग्रसर है। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत का चालू खाता घाटा अप्रैल-सितम्बर 2022 के 48.8 बिलियन डॉलर के मुकाबले आधे से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 17.5 बिलियन डॉलर का हो गया है। परंतु इस घाटे से उबर कर 'सरप्लस अकाउंट' बनने में अभी समय लगेगा।

भारत के साथ अच्छी बात यह है कि साल दर साल हमारे चालू खाते का घाटा देश के कैपिटल अकाउंट के सरप्लस से बैलेंस हो जाता है। और इस तरह से भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व लगातार मजबूत होता रहता है। परंतु कैपिटल अकाउंट को मजबूती विदेशी निवेश तथा कर्ज से मिलती है और इसलिए बहुत हद तक इस पर वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थितियों का नियंत्रण होता है। मंदी की चपेट में आते ही किसी देश का कैपिटल अकाउंट सरप्लस खत्म हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए अत्यंत आवश्यक खनिज तेल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व प्राकृतिक गैस के आयात पर संकट उत्पन्न हो सकता है। और इस संकट का अर्थ है देश में गंभीर स्थितियां पैदा होना। साथ ही कैपिटल अकाउंट का मूल्यवर्धन होने का अर्थ लाभ ब्याज एवं डिविडेंड के रूप में पैसा बाहर जाना भी होता है। इसलिए कैपिटल अकाउंट के बढ़ने से यदि विदेशी मुद्रा कोष बढ़ रहा है, तो इसे स्वस्थ दृष्टिकोण नहीं माना जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला यह उपकरण भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। भारत का बड़ा ऊर्जा आयातक होना इस घाटे में बड़ा रोल अदा करता है।

## सोशल फोरम

# हर मजदूर का एक मालिक

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है?



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हर मज़दूर का एक मालिक होता है। मालिक एक निश्चित तनख़्वाह के एवज में यह तय करता है कि मजदूर क्या करेगा, क्या नहीं करेगा, कब करेगा। मालिक खुद काम नहीं करता वो काम करवाता है। मालिक बात मनवाता है और मज़दूर बात मानता है। मालिक मन की बात करता है, मज़दूर सुनता है। मालिक की मर्ज़ी, चाहे जब उठे, चाहे जब सो जाए। जब मर्ज़ी हो मज़दूरों की तरफ देखे जब चाहे अनदेखा कर दे। पर मज़दूर को इस बाबत बुरा मानने का हक नहीं होता। पर ना मज़दूर की गति मालिक के बिना, और ना मालिक की हैसियत मज़दूरों के बिना। दोनों लड़े झगड़े या शांति से रहें, इन्हें साथ रहना ही होता है।

पर मालिक होता है चतुर। चतुर है इसीलिए मालिक है। बहुत बार वो मजदूर की तरफ़ मुस्कुरा कर निहार लेता है। पीठ थपथपा देता है, हाल चाल पूछ लेता है बच्चों के। मज़दूर इतने भर में निहाल हो जाते हैं और चतुर मालिक इसके एवज़ में मज़दूरों से वो सब भी करवा ले जाता है जिसे बेगार कहते हैं।

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है? उसे क्या चाहिए। इसके बदले में मुस्कुराती है सभी को देखकर और यदा कदा पप्पियों से नवाजती है। मजदूर राजी हैं इस तनख़्वाह से और मजे की बात यह कि काम के घंटे तय न होने के बावजूद राजी हैं। चूंकि मालिक मिलनसार और खुशमिजाज है, इसलिए वो उसकी हर ख़्वाहिश को सिर माथे पर लेने के लिए तैयार बने रहते हैं। मालिक मज़दूर दोनों एक दूसरे से खुश हों ऐसी व्यवस्था अमूमन होती नहीं। पर हमारे घर में है। और इस व्यवस्था के चलते सब राजी खुशी हैं और अमन चैन कायम है।

-फेसबुक वॉल से

# ढंग से जीने की आजादी देता है संविधान



हफीज किदवई
लेखक

इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है।

अगर कोई आपको पकड़ कर कहे कि चलो उठो, तुम्हें फ़लाने नेता को खून देना है। तो आप उसे किस अधिकार से मना कीजिएगा। यही नहीं अगर कोई अधिकारी कह दे कि आपकी किडनी निकालकर फ़लाने को लगा दी जाए। तो आपके पास ऐसी कौन सी ताक़त है, जो यह करने से रोकिए।

अच्छा अगर कोई कहे कि सुबह आपको नाश्ते में पोहा, दोपहर खाने में बाटी चोखा और रात को हल्का खाना ढोकला ही खाना है। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं खाया जा सकता, पीने के केवल दो विकल्प हैं, सत्तू या फिर पानी, बाकी कोई सॉफ्ट ड्रिकन नहीं पी सकते हैं। तो ऐसा करने से मना करने की कौन सी ताक़त है आपके पास। अच्छा यह भी छोड़िए, अगर कोई आपसे कह दे कि आप सिर्फ फ़लाने तरीके की लड़की या लड़के से ही शादी कर सकते हैं। कोई दूसरे से नहीं, या फिर आप प्रेम सिर्फ अपने ही धर्म, मज़हब या फिर कॉलोनी में कर सकते हैं, तो वह कौन सी ताकत है, जिससे आप इस पाबंदी से निपटेंगे। मसला यह है कि आप जो रोजमर्रा की ज़िंदगी जीते हैं, अगर इसमें कोई अपना ज़बरन हस्तक्षेप करे, तो वह कौन सी ताक़त है, जो इसे रोकेगी।

जानते हैं यह ताकत क्या है। यह है हमारे देश का संविधान। इसमें लिखी हमारे अधिकार और कर्तव्यों की वह लाइन है, जो ऐसा हर काम करने से रोकती है यह है हमारी ताक़त। हमारे संविधान ने हमें दैहिक स्वतंत्रता दी है। इसलिए कोई भी,कभी भी, खड़ा होकर हमारी नसों से खून नहीं निकलवा सकता है, हमारी किडनी नहीं छीन सकता है, हमारी गाड़ी नहीं उठवा सकता है, हमारे खानों को सीमित नही कर सकता है, हमारे मनोरंजन पर पहरा नहीं बैठा सकता है।

लोग संविधान को केवल आरक्षण जैसे विषयों पर ही लाकर ख़त्म कर देते हैं। आरक्षण तो सिर्फ़ एक मामूली हिस्सा है, असली बात तो यह है कि हमारा संविधान, हमें, हमारे ढंग से जीने की आज़ादी देता है। अगर यह नहीं होगा, तो कोई भी ताकतवर आपको पकड़कर चार यूनिट खून ले लेगा और कोई अधिकार न होने पर, आप सिर्फ खून देंगे और रोएंगे। इसलिए ज़रूरी है संविधान, इसलिए ही बात हो रही है कि इसे बचा लो। आरक्षण के पन्ने से ज़्यादा यह बात महत्वपूर्ण है, जिसपर बात ही नहीं हो रही।


अभी वैक्सीन का तमाशा बाहर आया है। जानते हैं सुप्रीम अदालत में हुक़ूमत ने क्या कहा है कुछ रोज़ पहले, यही की उसने कभी भी वैक्सीन लगाना अनिवार्य नहीं किया था। यानि वैक्सीन वैकल्पिक थी। यह जानते हैं किस डर से कही गई बात है। संविधान का डर, क्योंकि वह ज़बरदस्ती से रोकता है। जबकि आपको पता है कि हर जगह पर वैक्सीन लगवाना अनिवार्य ही था मगर यह विभागीय स्तर पर हुआ था। हमारा संविधान इतना ही शक्तिशाली है कि उसमें हर कमज़ोर के लिए ताकत रखी गई है।

आपको हमेशा लगता होगा कि आप बड़े ताकतवर हैं। आपको संविधान की ज़रूरत ही क्या है। संविधान हमारी ज़िंदगी मे क्या ही रोल निभाता है। यह तो दलित और अल्पसंख्यक के लिए है। मगर जब कभी आप कमज़ोर पड़ते हैं, डॉक्टर के आगे, वकील के आगे, पुलिस के आगे, अधिकारी के आगे, दबंग के आगे, नेताओं के आगे,तब यही संविधान होता है, जो आपकी ताक़त बनकर इनका मुकाबला करता है। यह सिर्फ कुछ पन्नों की किताब नहीं है, इसकी अहमियत समझिए ।

यहां कोई यह नही कह सकता है कि फलानी कुर्सी पर सिर्फ काले रंग के लोग बैठेंगे। कोई यह नही कह सकता कि इस नल से केवल गोरे लोग पानी पिएंगे। यहां केवल छोटे कद के लोगों का इलाज होगा। यहां सिर्फ लंबे कद के लोगों की सुनवाई होगा। यहां हमारा संविधान हमें रंग, कद, वज़न, लिंग, धर्म, जाति, वर्ग से बराबर करता है और कुछ लोग कहते हैं मसला केवल आरक्षण है।

ज़रा ग़ौर कीजिये। संविधान नहीं रहेगा, तो सिर्फ आरक्षण ही नहीं जाएगा, बहुत कुछ जाएगा और नया क्या आएगा, आपको और हमें नहीं पता। इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है। इस बात की गंभीरता को समझिए। देश के संविधान का सम्मान कीजिए।

# बिहार: सनातन और कानून तार तार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में सनातन धर्म और संस्कृति की झंडाबरदार भाजपा सरकार है। बिहार में कुछ दिन पहले तो उसके मुखिया नीतीशकुमार कथित 'सेकुलर' पाले में थे और विशेष अवसरों पर पल्लेदार मुस्लिम टोपी भी लगा लेते थे, किंतु अब, जैसा कि वे कहते हैं, उनका स्थायी हृदय परिवर्तन हो गया है और वे भाजपाई खेमें में ही हमेशा रहेंगे। ऐसे में बिहार को भी भगवा मान लेना समीचीन होगा। वहां भाजपा का सत्ता में साझा है और उसके दो उप मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसा होते हुए भी वहां हो रही घटनाएं विचलित कर देने वाली हैं, क्योंकि उनसे सनातन धर्म सांसें तोड़ रहा है और कानून की धज्जियां उड़ रही हैं। यहां के बांका जिले के सदर थाना क्षेत्रांतर्गत हिरमोती गांव में एक दामाद का अपनी सास से विवाह संपन्न हो गया। सिकंदर यादव का विवाह ढाई दशक पहले दिलेश्वर और गीता दंपति की बेटी के साथ हुआ था, जो दो बच्चों को जन्म देने के बाद परलोक सिधार गई। सिकंदर ने अन्यत्र शादी कर ली, लेकिन पटी उससे भी नहीं और तलाक़ हो गया। इस बीच सिकंदर का पहले वाली ससुराल आना जाना बना रहा और 45 वर्षीय सास गीता से प्रेम हो गया। प्रेम उभय पक्षीय था। बात बढ़ी और एक दिन ससुर ने दोनों को गलत हालत में देख लिया। पंचायत बुलाई गई। दोनों की पेशी हुई। दोनों ने परस्पर प्रेम प्रसंग को स्वीकारा। तब ससुर सहित सबने दोनों के विवाह का निर्णय लिया। लोग बुलाए गये और डंके की चोट पर दामाद ने सास की मांग में सिंदूर डाला और विदा कराकर अपने घर ले गया। यही नहीं, इस विवाह का प्रशासन तंत्र में पंजीकरण भी हुआ। क्षेत्र में खूब चर्चा हुई।

सनातन धर्म के सिद्धांतों और लोकमान्य संस्कृति के अनुसार यह विवाह घृणास्पद और गर्हित है। सास धर्म-माता होती है। अंग्रेज भी इसे 'मदर-इन-ला' कहते हैं, यानी विधानतः माता। तथ्य यह भी है कि कानून भी ऐसे विवाह की अनुमति नहीं देता। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 को धारा 11 के साथ पढ़ने पर स्थिति साफ हो जाती है। कुछ रिश्तों में शादियां वर्जित हैं, जैसे मां बेटा, भाई बहन, ससुर बहू आदि इनमें सास और दामाद भी है। इसके अलावा जिन दो का विवाह हो रहा हो, यदि उनमें किसी का जीवन साथी जिंदा है, तो बिना तलाक़ हुए विवाह नहीं हो सकता। ज्ञातव्य है यह विवाह अवैध होने के कारण धारा 494 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा से दंडनीय है।

बिहार के सनातन धर्म के ध्वज वाहक कहां हैं? इन दिनों भाजपा 'मंगलसूत्र' को भी चुनावी मुद्दा बना रही है। तो क्या 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मोदी-नीतीश एक एक महिला को दो दो मंगल सूत्रों से सज्जित कर देंगे? यानी जीवित पतियों वाली नारियों के अमर्यादित विवाह होने देंगे?

# संविधान खत्म करना चाहती है भाजपाः अखिलेश

## सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जसवंतनगर में की सभा, वैक्सीन मामले में भाजपा सरकार पर लगाए आरोप

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा



अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह को गदा भेंट करते प्रो. ब्रजेश यादव। अमृत विचार



माला पहनाकर अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** पूरे देश की निगाह मैनपुरी संसदीय सीट पर है। इस क्षेत्र से नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव का यहां की जनता से सदैव ही भावनात्मक जुड़ाव रहा है। जसवंतनगर के लोग नेताजी के पहले दिन के संघर्ष के साथी हैं, मैनपुरी लोकसभा नेताजी की कर्म भूमि से जानी जाती है। इस सीट पर सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को रिकार्ड मतों से जिताकर झूठ फरेब और नफरत फैलाने की राजनीति करने वालों को सबक सिखा देना। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जसवंतनगर क्षेत्र में ताबड़तोड़ जनसभाओं में मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि इलेक्शन बांड में भाजपा की पोल खुल गई। भाजपा वालों ने देशवासियों की जान का सौदा करके वैक्सीन कंपनी से भी कमीशन लेकर सभी की जान को खतरे में डाला। भाजपा के लोग दूसरे चरण के मतदान के बाद 400 पार का नारा भूल गए। अब अमर्यादित बयानबाजी पर उतर आए। अब चाचा शिवपाल सिंह ने इनका वोटों से इलाज करने की ठान ली है। भाजपा ने देश में सब कुछ उल्टा-पुल्टा कर देश को बर्बाद कर संविधान को भी बदलना चाहती है। नोट बंदी करके, अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर दिया। इनको पता था कि फौज में गरीबों के बच्चे ही जाते हैं। किसान भाइयों को भी बर्बाद कर उनकी खाद की बोरी चोरी कर ली।

- बोले-नेताजी की कर्मभूमि मैनपुरी पर देश की निगाह वोट के लिए की अपील

सपा गठबंधन की सरकार आएगी तो अग्निवीर योजना खत्म कर युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी। पेंशन की सुविधाओं का इंतजाम करेंगे। गरीब और किसानों को आटा के साथ डाटा फ्री मिलेगा। किसानों का कर्ज माफ होगा।

राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के साथ उन्होंने रायनगर, बलरई, धनुआं इलाके में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में ताबड़तोड़ चुनावी सभायें की। आयोजक प्रो बृजेश यादव, अनुज मोंटी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू, अनुज प्रताप यादव, अनिल प्रताप यादव व कार्यकर्ता पदाधिकारियो ने तलवार गधा प्रतीक चिन्ह देकर सपा सुप्रीमो और सपा महासचिव का स्वागत किया।

सभा में पूर्व सांसद एसटी हसन, आशु मलिक, प्रदीप शाक्य, मलखान सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव गोपाल यादव, पूर्व प्रधानाचार्य विश्राम सिंह यादव श्री कृष्ण यादव राजेंद्र प्रसाद यादव, महासचिव अनीता यादव, सत्यनारायण शंखवार, अशांक यादव, आशुतोष यादव, राजपाल यादव साहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ऐसा इंजेक्शन देंगे जिसकी गूंज दिल्ली तक जाएगीः शिवपाल

**सैफई।** सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा भाजपा सिर्फ भ्रमित करने का काम करती आई है। अब जनता ने इनके खिलाफ वोट करने का मन बना लिया है। आप लोग दिल्ली की सरकार बदलो तो प्रदेश की सरकार को उखाड़ने में आसानी हो जाएगी। भाजपा सिर्फ पूंजीपतियों की सरकार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले दिनों कपड़े से संत लग रहे एक अज्ञानी लोग यहां आए थे जो मुझे बेचारा बता रहे थे। चूरन वाले बयान पर कहा अच्छे अच्छों का हाजमा ठीक किया है अब इनका हाजमा ठीक करना है। यहां के लोग हार ऐसा इंजेक्शन देंगे जिसकी गूंज दिल्ली तक जाएगी। सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने लोगों से अपील की कि महंगाई और बेरोजगारी से देश के लोग कराह रहे हैं। सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है।

## फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जसवंतनगर।** दो दिन पहले सरे बाजार बाइक सवारों ने फायरिंग करके दहशत फैला दी थी। पुलिस आतिशबाजी के पटाखे चलने की बात कह रही थी। अफसरों ने मौके पर जायजा लेकर कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए तो प्रमुख आरोपी को तमंचा व कारतूस सहित पकड़ लिया। उसके फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

नगर में सिटी प्लाजा पर बाइक सवारों ने बीते सोमवार की शाम एक दुकान पर कहासुनी के बाद फायर करके बाइक से फरार हो गए थे। थाना पुलिस मामले को नकार रही थी लेकिन एसएसपी संजय वर्मा ने एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी से जांच कराई तो असलियत सामने आ गई। इसके तहत उक्त प्लाजा में काम करने वाले मोहल्ला लधुपुरा के रितिक कुमार ने गांव धनुआ के रवि शाक्य व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सीओ जसवंतनगर विवेक जावला ने बताया थाना प्रभारी कपिल दुबे ने फोर्स के साथ बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे यमुना बाग अंडरपास पर घेराबंदी कर रवि शाक्य को पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। उसने अपने साथियों की जानकारी दी है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



मां-बेटे की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

## महिला ने बच्चे के साथ ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

संवाददाता भरथना, इटावा

- मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह एक महिला अपने पांच साल के मासूम बेटे के साथ ट्रेन के सामने कूद गई। हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालीजनों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया और तहरीर दी है।

भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी ओर प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर बुधवार सुबह आठ बजे बनारस से दिल्ली जा रही फेस्टिबल स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर महिला ने पांच साल के बेटे समेत जान दे दी। प्रत्यक्षदर्शियों के बताया कि प्लेटफार्म तीन के किनारे बैठी महिला के आसपास उसका बेटा खेल रहा था। जैसे ही ट्रेन नजदीक आयी तो महिला बेटे को गोद में लेकर रेलवे ट्रैक पर कूद गई।


सूचना पर जीआरपी ने घटना स्थल के पास मिली एक कॉपी में लिखे मोबाइल नंबर पर बात करके शिनाख्त की। उसकी शिनाख्त इसी थाना क्षेत्र में गांव सूजीपुरा की 26 साल की रश्मि यादव पत्नी रिंकू सिंह तथा उसके पांच साल के बेटे आर्यन के रूप में हुई।

परिजनों के आने पर मृतका व बेटे का पंचनामा भरा गया। इसी बीच जिला औरैया के गांव सकरावा (इटेली) में रहने वाले मायके पक्ष के लोग आ गए। ससुरालीजनों के उत्पीड़न से त्रस्त होकर खुदकुशी करने का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया। एसआई धर्मेंद्र कुमार फोर्स के साथ आ गए। जिन्होंने नाराज लोगों को समझाते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया तब तीन घंटे बाद मां बेटे के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

## एक दिन के लिए दुल्हन बन चल बसी नाजरीन

संवाददाता भरथना, इटावा

- नई नवेली दुल्हन के जनाजे को रिश्तेदारों ने दिया कंधा



**अमृत विचार।** मोहल्ला गिरधारीपुरा में शादी वाले परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। शब्बीर का पुत्र शमशाद का निकाह कस्बा सिरसागंज निवासी नाजरीन के साथ धूमधाम से हुआ। वह दुल्हन को घर लेकर आया। ससुराल पहुंचते ही दुल्हन की तबीयत खराब होने लगी। शमशाद और उसके परिजन नाजरीन को मुख्यालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसकी खबर मिलते ही दुल्हन की ससुराल और मायके में मातम फैल गया।

**दोनों पक्षों में हुआ समझौता**

शमशाद की शादी 29 अप्रैल को हुई। दुल्हन नाजरीन की तबीयत खराब होने और इलाज के दौरान मौत की खबर पर भरथना पहुंचे नाजरीन के परिजनों ने पहले तो कई गंभीर आरोप लगाए लेकिन कुछ ही देर में दोनो पक्षों के बीच समझौता हो गया। दोनो पक्षों ने गमगीन माहौल में दुल्हन को सुपुर्दे खाक कर दिया।

## अभियान में लापरवाही, दो कर्मचारियों पर कार्रवाई

**इटावा।** संचारी रोग नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान में लापरवाही बरतने पर दो सहायक विकास अधिकारी पंचायत के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले की प्रगति प्रदेश की औसत प्रगति से कम होने के कारण संबंधित सहायक विकास अधिकारी पंचायत को प्रगति सुधारने के लिए निर्देशित किया गया था। इसके बाद भी उन्होंने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। इसके चलते क्षेत्र के बसरेहर के सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश सिंह तथा ताखा के सहायक विकास अधिकारी पंचायत अशोक कुमार की वार्षिक वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से रोक दी गई हैं। इन कामों गांव में झाडियों की कटाई, नालियों की सफाई, जल भराव की स्थिति तथा उथले हैंडपंप से पानी का उपयोग करने वाले परिवारों की स्थिति कार्य करना था लेकिन इन कामों में प्रगति कम होने पर यह कार्रवाई की गई है।

## जायंट्स पदाधिकारियों ने की सामाजिक योजनाओं पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, इटावा



प्रगति पत्रिका का विमोचन करते जायंट्स पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब में विस्तारित फेडरेशन 5 के संरक्षक मंडल एवं फेडरेशन काउंसिल पदाधिकारियों की बैठक हुई। नगर की प्रख्यात गाइनेकोलॉजिस्ट अध्यक्ष जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा मैत्री डॉ. तृप्ति यादव ने स्वागत किया। डॉ. शिवराज सिंह यादव ने प्रगति पत्रिका के दो अंकों का विमोचन कराया।

फेडरेशन अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल ने नवीन जायंट्स समूह प्रायोजन के लिए योजना गुप्ता, सीमा वार्ष्णेय एवं मीनू कमल के साथ-साथ अपने दायित्वों के सम्यक निर्वहन के लिए यूनिट निदेशक आशा अवस्थी, राखी मित्तल, सौम्या चौहान, सीमा वर्मा, क्षमा अग्रवाल, अनुपम वार्ष्णेय, रजनीश मलिक को मुख्य अतिथि एसपी चतुर्वेदी ने सम्मानित किया।

- अतिथियों ने प्रगति पत्रिका का विमोचन किया

मुकेश अग्रवाल सदस्य केन्द्रीय समिति ने यूनिट निदेशक की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. सुधा चौधरी, अशोक अग्रवाल एवं कृष्ण अवतार गुप्ता ने आयोजन के लिए मंडल को बधाई दी। निवर्तमान अध्यक्ष ऊषा यादव ने उत्तरोत्तर सराहनीय सेवा कार्य सम्पादन के साथ साथ सौहार्द संस्कार सेवा में आत्मिक सुखानुभूति के मूल मंत्र पर चलते रहने का आवाहन किया।

संगीता तिवारी, केपी सिंह शाक्य, विनीता टंडन, शमशुद्दीन शम्स, तिलक सिंह कुशवाहा, विष्णु सिंह कुशवाहा, सीमा यादव, रीना यादव, दीप्ति सिंहल, अंजलि अग्रवाल, नीतू पुरवार, रितु चौहान, रिन्सू दीक्षित, कृष्णा शर्मा का योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### आग लगने से दो बीघा बेझर की फसल जली

**चकरनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुरा में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। दमकल टीम ने घंटों कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। किसान ब्रजभान सिंह का लगभग दो बीघा खेत में खड़ी बेझर की फसल राख में तबदील हो गई। इसके अलावा गजेंद्र सिंह का लगभग 30 क्विंटल भूसा राख हो गया। तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्र के अलावा राजस्व टीम से कानूनगो बलवीर सिंह तथा लेखपाल लक्ष्मी शंकर के साथ मौके पर पहुंचे।

### करंट लगने से भैंस मरी

**बकेवर, इटावा।** थाना बकेवर के ग्राम गोपियापुरा में करंट लगने से भैंस की मौत हो गई। किसान शिवम तिवारी ने उप जिलाधिकारी भरथना सुशांत श्रीवास्तव से मांग की है कि विद्युत विभाग के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिससे न्याय मिल सके।

### सपा के गढ़ में पांच मई को आएंगे पीएम मोदी



**इटावा।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के चुनाव प्रचार को गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 मई को इटावा में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। रैली के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस के नजदीक ककराही गांव के आसपास का स्थल चयनित किए जाने की तैयारी चल रही है। यहां से वे इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद और मैनपुरी समेत आसपास की लोकसभा सीटों पर चुनावी समीकरण साधेंगे। यह क्षेत्र समाजवादी पार्टी के गढ़ के रूप में जाना जाता है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव स्वंय कन्नौज से एवं उनकी पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में सपा के गढ़ में चुनावी चुनौती देने के लिए पीएम मोदी की यह रैली काफी महत्वपूर्णमानी जा रही है। भाजपाइयों में इस रैली को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने बताया कि 5 मई की चुनावी जनसभा का कार्यक्रम आया है। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। स्थल चयन को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



जिला अस्पताल में नि:शुल्क जल सेवा का उद्घाटन करते सीएमएस एमएम आर्या।

### जिला अस्पताल में शीतल जल सेवा शुरू कराई

**इटावा।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा ने जिला अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए नि:शुल्क शीतल जल सेवा की शुरुआत की। सीएमएस डॉ. एमएम आर्या ने सीएमएस (महिला) डॉ. अनिल कुमार, भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत के संरक्षक अशोक कुमार त्रिपाठी एवं पांचाल प्रांत के अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्र शुक्ला मौजूद रहे। शाखा के संरक्षक डॉ. विद्याकांत तिवारी ने परिषद के सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। धर्मार्थ शाखा के अध्यक्ष केके त्रिपाठी, सचिव सुधीर मिश्र, कोषाध्यक्ष महेश कुमार बाथम, संगठन सचिव हरिदत्त दीक्षित, जल सेवा के संयोजक घनश्याम तिवारी, सुधीर कुमार गुप्ता, राकेश चौरसिया के अलावा सदस्यों में राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। जिला अस्पताल के प्रबंधक डॉ. निखलेश, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. सिद्धार्थ, आरडी त्रिपाठी, भजन गायक प्रखर गौड़, अवधेश पचौरी आदि उपस्थित रहे।

### लूट के आरोपी को दो साल की सजा

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम ने दस साल पुराने लूट के मामले में एक आरोपी को दोषी पाया और उसे दो साल की सजा व पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल 2014 को बसरेहर क्षेत्र के गांव छितौनी निवासी योगेंद्र अपनी पत्नी सुनीता के साथ बाइक से जा रहा था। तभी रास्ते में बाइक सवार लुटेरों ने उनकी पत्नी के पास से कुडल लूट लिए और भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर। इस सम्बंध में पुलिस ने प्रदीप उर्फ पिंटू का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसके पास से लूटा सामान भी बरामद कर लिया। बाद में उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद बाद कोर्ट ने उसे प्रदीप उर्फ पिंटू को दोषी पाया और उसे दो साल की सजा सुनाई।

### दुकानों के आगे अतिक्रमण न करें व्यापारीःआलोक दीक्षित

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने व्यापारियों से अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण न करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बीती रात को तिकोनिया पक्की सराय बाजार में एक दुकान मे आग लग गई थी। रात्रि के समय जाम न होने से दमकल दल पहुंच गया। जिससे आग को अन्य दुकानों तक पहुंचने से बचाया जा सका, अगर घटना दिन में होती तो बाजार में अन्य दुकानों में भी भारी नुकसान हो जाता। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि लोगों ने एक दूसरों की देखा-देखी अपनी दुकानों को आगे बड़ा लिया है तथा सड़क के बीच में भी गाड़ियां, ठेले वाले खड़े हो रहे हैं। ऐसा करना किसी आपातकालीन स्थिति में बाजार के लिए घातक हो सकता है। जाम और अतिक्रमण के कारण राहत और बचाव दल समय से नहीं पहुंच पायेंगे जिससे भारी नुकसान हो सकता है।

## लूट के तीन दोषियों को दो-दो वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम ने लूट के एक 14 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को दोषी पाया। कोर्ट ने उन्हें दो-दो साल की सजा सुनाई। उन पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र के गांव नगला पड़आ, हाल पता पुरानी पीएसी गली निवासी सुधीर सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह अपनी मां इंद्रवती को 30 जुलाई 2009 को दवा दिलाने के आगरा गया था। पैसेंजर ट्रेन से करीब रात 10 बजे वापस लौटा। वह लोग पैदल ही घर के लिए चल दिए तभी रास्ते में तीन चार बदमाशों ने तमंचा के बल पर उन्हें रोक लिया और उसकी मां के पास से चेन, कुंडल, पायल व एक हजार रुपये लूटकर भाग निकले। पुलिस की छानबीन के दौरान गब्बर उर्फ दीपांशु निवासी सराय दयानत, बृजेश उर्फ टिल्लू निवासी शीतल पुर व जितेंद्र निवासी बरही पुरा के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर उनके पास से सामान भी बरामद किया। तीनों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वार पोश किए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने गब्बर बृजेश व जितेंद्र का दोषी पाया और दो दो साल की सजा सुनाई।

## एसएन कॉलेज में बच्चों को दी गई प्रोत्साहन राशि

- प्रधानाचार्य राजकुमार वर्मा ने सौंपी बच्चों को चेक

कार्यालय संवाददाता, इटावा



छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देते प्रधानाचार्य राजकुमार वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के गाड़ीपुरा स्थित शिव नारायन इंटर कॉलेज में बच्चों को प्रोत्साहन राशि की चैक सौंपकर उन्हें सम्मानित किया गया। 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि पाकर बच्चे खुश नजर आए।

प्रधानाचार्य राजकुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 9 तक के अनुसूचित वर्ग के मेधावी छात्राओं को केनरा बैंक, इटावा की ओर से विद्यालय को चैक प्रदान की गईं थीं। 04 छात्राओं प्रिंसी, सोनम, कशिश एवं स्वाती को 15 हजार रुपये के चेक दिए गए।

**मताधिकार का अवश्य करें प्रयोग** | होली प्वाइंट एकेडमी के बच्चों ने भाषण एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता के जरिए कराया जिम्मेदारी का एहसास

# मतदान प्रतिशत बढ़ने से मजबूत होगा लोकतंत्र



भाषण प्रतियोगिता का उद्घाटन करते तहसीलदार राज कुमार सिंह। अमृत विचार

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत होली प्वाइंट एकेडमी में भाषण एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता हुई। तहसीलदार राजकुमार सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है। संस्था के निदेशक डॉ. प्रदीप चंद्र पांडेय, प्रधानाचार्य डॉ. आरके पांडेय ने तहसीलदार राजकुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक (अपराध) नरेंद्र मिश्रा का स्वागत किया। अमित श्रीवास्तव, अनुराग दीक्षित अरूण मोटवानी, मनोज त्रिपाठी, आनन्द तिवारी, गोविन्द शाक्य, दीपक सिंह चौहान, निशी पाण्डेय, रीना शर्मा, शानू वर्मा, अनुराधा पाठक, सोनी बानिया, जितेन्द्र सिंह, प्रमोद दुबे, अश्वनी गुप्ता, वरुण शाक्य, गौरव वर्मा आदि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन शुभांग व आयुष ने किया।

### बच्चों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान




मतदाताओं को जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**ताखा, इटावा।** विकास खंड ताखा के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। बाल संसद की बुलावा टोली ने डोर टू डोर संपर्क कर सात मई को मतदान करने के लिए अनुरोध किया। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में बाल संसद के पदाधिकारियों की टोलियां बनाई गईं हैं। ये टोली मतदान के दिन अपने मोहल्ले में जाकर मतदाताओं से मतदान करने का अनुरोध करेगी। उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला पंछी में अंजुल यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय अमथरी में विकास यादव, प्राथमिक विद्यालय कायमपुरा में सोनी राजावत, उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतपुर खुर्द में देवेश त्रिवेदी, प्राथमिक विद्यालय नगला लक्षी में योगेंद्र चौहान, कंपोजिट विद्यालय नगला पछाय में प्रदीप बाबू की देखरेख में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। हरेंद्र सिंह, विनय कुमार, प्रबल प्रताप, आनंद समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

## आरोपी की जमानत याचिका हुई खारिज

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी को 25 दिन पूर्व फुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी की जमानत के प्रार्थनापत्र को जिला जज ने साक्ष्यों के आधार पर खारिज कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि आठ अप्रैल को बकेवर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक अपने रिश्तेदार के साथ एक किशोरी को फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। साथ ही मुहिब उर्फ मेहब पुत्र इदरीश निवासी बाबरी का दास भोमिया जी का चबूतरा सांगानेर, थाना मालपुर, जयपुर राजस्थान व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया था। जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा जमानत का विरोध किया गया और कुछ साक्ष्य रखे। इस पर कोर्ट ने जमानत खारिज कर दी।

# मताधिकार से वंचित न रहें बुजुर्ग व दिव्यांग

## डीएम ने अधीनस्थों के साथ बैठक कर दिए निर्देश, लोगों से मताधिकार का प्रयोग करने का किया आह्वान

**लोकसभा चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने मतदान कार्य में तैनात मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि वह अपनी निष्पक्षता सुनिश्चित करते हुए आवेदन देने वाले मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रयोग हेतु घर-घर जाकर मतदान कराएं। जिससे कोई भी 85 + एवं दिव्यांग (PWD) मतदाता मताधिकार से वंचित न रहने पाए।

बैठक में एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह ने उपस्थित कार्मिकों को अवगत कराया कि 02 एवं 03 मई को मतदान के दिन मतदान के समय मतदाता को मतदाता फोटो पहचान पत्र अथवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटो पहचान पत्र विकल्पों में से कोई एक विकल्प मतदान टीम के समक्ष प्रस्तुत करता है तो उसे अपने मताधिकार का प्रयोग करने दिया जाएगा। पोस्टल बैलेट के माध्यम से दिनांक 02 मई एवं 03 मई को मतदान कराए जाने हेतु 203-दिबियापुर एवं 204-औरैया (अजा) में 8-8 टीमें गठित की गई हैं।



बैठक में दिशा-निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

### दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता आज करेंगे मतदान

**औरैया।** एडीएम / उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु 41-इटावा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट जनपद की 203-दिबियापुर एवं 204-औरैया (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से ऊपर एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से 2 एवं 3 मई को मतदान कराया जायेगा। दिबियापुर में 08 एवं औरैया में 08 टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए तहसील से 02 मई एवं 03 मई को सुबह 8 बजे से प्रस्थान करेंगी। 2 एवं 3 मई को निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार व उनके निर्वाचन अभिकर्ता अथवा नियुक्त मतदान अभिकर्ता मौजूद रह सकते हैं।

### मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण कल से

**औरैया।** एडीएम /उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 3 से 5 मई तक (प्रथम पाली प्रातः 09 :00 बजे से अपराह्न 01 :00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 01 :30 बजे से 5 :30 बजे तक) संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण चौधरी विशम्भर सिंह भारतीय विद्यालय बालिका इंटर कॉलेज दिबियापुर रोड औरैया में आयोजित किया गया है। मतदान में लगे कार्मिकों को 3 मई से 5 मई तक प्रशिक्षण स्थल पर पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराया जायेगा।

### चुनाव में लगे वाहनों के लिए आज से मिलेगी डीजल पर्ची

**ककोर, औरैया।** परिवहन विभाग ने छोटे-बड़े वाहन मालिकों को लोकसभा चुनाव के लिए वाहन संबंधी नोटिस जारी किए थे। इन सभी वाहन मालिकों को अपना वाहन 10 मई को मंडी समिति औरैया में पहुंचाने का आदेश दिया गया है। जहां परिवहन विभाग ने 20 लोडर वाहन, 433 छोटे हल्के कामर्शियल वाहन तथा 332 बड़े कामर्शियल वाहन को नोटिस देकर अधिग्रहण किया है। इन सभी वाहन मालिकों को 2 मई से जिला मुख्यालय ककोर के कार्यालय में लॉग बुक लेकर आना अनिवार्य किया गया है। जहां सभी को डीजल पर्ची मुहैया कराई जाएगी। एआरटीओ अशोक कुमार ने बताया करीब 800 छोटे-बड़े वाहनों का टारगेट निर्धारित किया गया था। 785 वाहन मालिकों को सूचना दे दी गई है। गुरुवार को गाड़ियों के लिए ईंधन खर्च दिया जाएगा। वहीं छोटे वाहनों को 1500 से 2000 रुपये रोजाना तथा ईंधन खर्च। वहीं बड़े वाहन चालकों को 1500 से 2500 रुपये प्रतिदिन के साथ ईंधन खर्च मिलेगा। चुनाव में न आने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सभी वाहन चालकों को पहले से ही नोटिस जारी कर दिया गया था। सभी वाहन चालकों को पहले से ईंधन पर्ची दे दी जा रही है जिससे बाद में कोई भी किसी प्रकार की समस्या ना हो। सभी चालक पर्ची से अपना ईंधन निर्धारित पेट्रोल पंप पर जाकर ले सकते हैं।

## प्रवेश से पहले जांच लें स्कूल की मान्यता

**औरैया।** बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि वर्तमान सत्र 2024-25 शुरू हो गया है। नए सत्र में अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों का नामांकन आस-पास स्थित स्कूलों में में कराने से पहले जानकारी हासिल कर लें कि उक्त विद्यालय को नियमानुसार वि मान्यता प्राप्त है या नहीं और यदि मान्यता प्राप्त है तो इन विद्यालयों को यू-डायस कोड नं. विभाग के द्वारा रजिस्टर्ड है या नहीं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार कक्षा 1 से 12 तक संचालित सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को मान्यता प्राप्ति के एक वर्ष के अन्दर ही यू-डायस कोड रजिस्टर्ड कराना अनिवार्य शर्त है। क्योंकि बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों के फर्जीवाडे पर अंकुश लगाने के लिए ही यू-डायस पोर्टल बनाया गया है। इसके द्वारा अमान्य (बिना मान्यता) के स्कूलों की पहचान कर बच्चों के भविष्य के साथ होने वाले खिलवाड़ पर अंकुश लगाया जा सकेगा। शर्तें पूरी होने पर ही नामांकन कराएं अन्यथा की स्थिति में भविष्य में यदि बच्चे से जुड़ी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं अभिभावक का होगा।

## अस्पताल प्रशासन पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

संवाददाता बिधूना,औरैया

- कस्बे के निजी नर्सिंग होम से रेफर की गई महिला की पीजीआई में मौत का मामला
- पुलिस बोली- तहरीर मिलने पर जांच के बाद की जाएगी आवश्यक कार्रवाई

**अमृत विचार।** बीते दिवस प्रसव के लिए कस्बे के प्राइवेट नर्सिंग होम में प्रसव कराने आयी एक महिला की प्रसव के बाद हालत बिगड़ने पर उसे मिनी पीजीआई सेंफई रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि उसका बच्चा स्वस्थ बताया जा रहा है। मृतका के परिजनो ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने कहा अभी घटना की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर घटना की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूर्वा गुलरिया निवासी सर्वेश वर्मा पुत्र नेकराम की पत्नी आरती को प्रसव वेदना के चलते कस्बे के चंद्रपुर रोड स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था जहां सुरक्षित प्रसव होने के बाद बुधवार को अचानक आरती की हालत बिगड़ गई ।जिसके चलते अस्पताल द्वारा उसे मिनी पीजीआई सेंफई रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान आरती की मौत हो गई। आरती की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतिका का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। जिस पर उसका पोस्टमार्टम कराया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती ने बताया कि अभी कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।बताया जाता है कि आरती के पहले से ही लगभग 10 बच्चे हैं और खून की कमी के चलते उसकी मृत्यु हो गई है। इधर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोग पंजीकृत अस्पतालोंअ में इलाज कराएं।



सम्मानित छात्र के साथ स्कूल स्टॉफ। अमृत विचार

## सत्वेंद्र को विज्ञान ओलंपियाड में प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** वैदिक टेक्निकल एवं औद्योगिक इंटर कॉलेज के इंटर के छात्र सत्वेंद्र सिंह को विज्ञान ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बीते मंगलवार को माँ आर के देवी महाविद्यालय टीकमपुर मे सम्मानित किया गया तथा ग्यारह हजार रूपये प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर वैदिक इ. कॉलेज के अध्यक्ष रामकुमार अवस्थी, प्रबंधक डॉ सुयश शुक्ल, डॉ. अजब सिंह यादव जी ने बधाई दी।

बुधवार को कॉलेज आने पर छात्र सत्वेंद्र सिंह को कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ संतोष शुक्ल ने माला पहनाकर सम्मानित किया एवं प्रशस्ति पत्र दिया। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक जितेंद्र सिंह, अजय मिश्र,अमरेंद्र तिवारी,तथा समस्त शिक्षक मौजूद रहे। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 5 नवंबर को माँ आर के देवी महाविद्यालय, टीकमपुर द्वारा आयोजित की गयी थी जिसमे कक्षा 12 के लगभग 700 छात्रों ने प्रतिभाग किया था प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों मे वैज्ञानिक रूचि तथा अंवेषण की क्षमता का विकास करना है।

## गैंगस्टर, गोकशी में वांछित तमंचे के साथ गिरफ्तार

**अजीतमल,औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बाबरपुर निवासी को थाना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी सद्दाम कटिया पुत्र बजरुद्दीन निवासी इस्लामनगर बाबरपुर थाना अजीतमल को खेतूपुर हजारीपुर तिराहे से कुछ ही दूरी पर आगे सड़क के किनारे से गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी की तलाशी लेने पर एक अदद तमंचा 315 बोर, एक कारतूस बरामद हुआ।

थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। आरोपी सद्दाम कटिया के विरुद्ध थाना स्थानीय पर जनपद के अन्य थानों पर कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि लोग अपराधियों की सूचना पुलिस को दें। कहा कि आगामी दिनों में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## कूड़े के ढेर में आग, धुएं के कारण सांस लेना दुश्वार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नगर के फफूंद चौराहे के पास सुबह पड़े कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। आग के बाद उठे धुंए से स्थानीय लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया।

बुधवार सुबह दिबियापुर नगर के फफूंद चौराहे के पास सुबह कूड़े के ढेर में आग लग गई। धुएं से स्थानीय लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया।आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। धुएं से स्कूली बच्चे, आसपास के दुकानदारों सहित राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत कर्मचारी जगह-जगह कूड़े के ढेर लगाकर उसमें आग लगा देते हैं ताकि उस स्थान पर वे दोबारा कूड़ा डाल सकें। लोगों ने नगर पंचायत अधिकारियों से प्रस्तावित जगह पर कूड़ा न डलवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज के नीचे शिव मंदिर के सामने कर्मचारियों ने दो कूड़े के ढेर लगा दिए हैं। इससे भक्तों को परेशानी होती है। कूड़े के ढेर को सुबह 11 बजे तक मंदिर के बाहर से नहीं उठाया गया जिससे लोगो में आक्रोश व्याप्त है।



मंदिर के बाहर लगे कूड़े के ढेर।



सड़क पर धुएं से परेशान दुकानदार व राहगीर। अमृत विचार

### पहले भी कई बार लग चुकी है आग

**औरैया।** लोगों ने बताया कि नुमाइश ग्राउंड में कूड़े के ढेर में पहले भी कई बार आग लग चुकी है। आसपास के बासिंदो ने नगर पंचायत कर्मचारियों पर ही आग लगाने का आरोप लगाया। कहा कि नगर पंचायत कर्मचारी अपने फायदे के लिए रात में आग लगा देते हैं। उन्होंने पंचायत अधिकारियों से आग लगाने वाले कर्मचारियों को चिह्नित कर कार्रवाई की मांग की है।

### तत्काल सफाई करवाते हैं : विनय पांडेय

**औरैया।** नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी विनय पांडेय ने बताया कि फफूंद चौराहे के पास कूड़े के ढेर में किसी के सिगरेट फेंकने से आग लग गई थी। कर्मचारियों को भेज कर आग को बुझवा कर कूड़े को उठवाया गया। मंदिर के सामने पड़े कूड़े की जानकारी हुई है। कर्मचारियों को भेजकर तत्काल सफाई करवाते हैं। लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- स्वीप अभियान के तहत विद्यालयों में आयोजित किए गए जागरुकता कार्यक्रम
- छात्रों से मोहल्ले के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का किया गया आह्वान

**अमृत विचार।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशों में निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु शतत किए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ ग्रहण, छात्र-छात्राओं की श्रृंखला, मतदाता परिचर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने मताधिकार के मूल को समझने तथा आमजन एवं अपने अभिभावकों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

विद्यालयों में आयोजित कार्याक्रमों में वक्ताओं ने कहा कि आगामी 13 मई को जनपद में मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए एक अच्छे और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में सहभागी बने।

उपरोक्त कार्यक्रम जनपद के जनता इंटर कॉलेज नुन्नारी पुर्वा सुजान, किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर, श्री जन सहयोगी इंटर कॉलेज अमावता, जनता इंटर कॉलेज सल्हापुर, जनता इंटर कॉलेज ककोर, मानस इंटर कॉलेज कंचौसी बाजार, राजकीय हाई स्कूल लखुनो ,राजकीय हाई स्कूल मानपुर में हुए। जहां निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों से कहा गया कि वे अपने मोहल्ले के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापक/अध्यापिकाएं, अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



मतदाता जागरुकता के लिए परिचर्चा करते शिक्षक एवं छात्र। अमृत विचार

## खेत में आग लगने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**औरैया।** अछल्दा थानाक्षेत्र के जमी की मड़िया पैतुआ के महेश सिंह के खेत में आग लगने की सूचना बुधवार दोपहर 3 बजे लगभग पुलिस को मिली। अनान फानन में उपनिरीक्षक अबदेश कुमार मय फोर्स के पहुंचे और फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई। उपनिरीक्षक अबदेश कुमार ने बताया कि किसान महेश द्वारा अपने 3 बीघे खेत की फसल कंपाईंन मशीन द्वारा कराई थी उसके अवशेष खेत पर पड़े थे अज्ञात कारणों से खेत में लग गयी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आ गयी है लेकिन रास्ता न। होने से गाड़ी पहुंच नही सकी। बताया कि सिर्फ अवशेष जले है व मेड पर खड़े बबूल के पेड़ों में भी आग लग गयी थी जिन्हें बुझा दिया गया है।

## करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

संवाददाता,अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांसीपुर गांव के पास करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। डायल 112 पुलिस ने वन विभाग की टीम को सौंप दिया। थाना क्षेत्र के गांव गांसीपुर में बुधवार की दोपहर एक मोर करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौत हो गई।

मोर का शव सड़क पर पड़ा देख गांव के देवा यादव ने मामले की सूचना पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को दी। लेकिन कोई नहीं पहुंचा। सूचना पाकर पहुंचे 112 पुलिस के सिपाही राजकुमार ने बताया कि सूचना पर मोर के शव को वन विभाग को सौंप दिया।



मोर को ले जाती वन विभाग की टीम।

## सडक दुर्घटनाओं में चार लोग हुए घायल

**इटावा।** जिले के विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसो में चार लोग घायल हो गए। पहली घटना बढ़पुरा थाना क्षेत्र के उदी मार्ग पर गांव उधन्नपुरा के पास हुई जहां तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गोरे लाल व उसकी मां अशर्फी देवी निवासी सूरा का पुरा थाना जैतपुर आगरा घायल हो गए। दूसरी घटना पछायगांव के पास हुई जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मीनू पुत्र डब्बू निवासी जमूरा भिंड घायल हो गया। वहीं पक्का बाग के पास स्कूटी व बाइक में हुई भिंडत में अजय पुत्र विशम्भर निवासी तुलसी का अड्डा फ्रेंड्स कालोनी घायल हो गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**वोट जरूर डालें** — सदर ब्लॉक के मिहौली संकुल में खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में बच्चों ने निकाली रैली

## छात्र-छात्राओं ने गांव का भ्रमण कर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रैली, गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान, आमंत्रण पत्र द्वारा लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

सदर ब्लॉक के मिहौली संकुल में खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में बच्चों व अध्यापकों ने रैली निकाली। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदान करने का संकल्प भी लिया गया। विद्यार्थियों ने तरह- तरह के स्लोगन बोलते हुए लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। हाथों में आकर्षक स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ छात्र-छात्राओं के साथ जागरूक ग्रामीणों ने भी गांव का भ्रमण किया। इसके बाद रैली पुनः स्कूल परिसर में जाकर समाप्त हुई। जहां पर मौजूद लोंगो ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया और मतदान करने की शपथ ली। इस दौरान एआरपी अश्वनी त्रिपाठी, अध्यापक/अध्यापिकाएं, छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणजन आदि मौजूद रहे।




रैली निकालते छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण। अमृत विचार




रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीडीओ अमृत विचार

### बच्चों ने रैली से जगाई मतदान की अलख

**फफूंद, औरैया।** कस्बा फफूंद के एक्सिस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।खंड विकास अधिकारी अतुल कुमार यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया की मतदान भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है। चुनाव लोकतंत्र का अहम हिस्सा है। चुनाव के द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है। इसके पश्चात विद्यालय प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह ने बताया की आज जिस वोट के अधिकार का हम इस्तेमाल कर रहे हैं ये बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के कठिन प्रयासों का ही परिणाम है। कहा कि वोट डालकर हम सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, तभी में जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। रैली में देवराज, सुदीप, निशू, विजय, नीरज व सुभाष आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## चार्ट बनाकर श्रमिकों के प्रति जताया सम्मान

**इटावा।** नारायन कालेज आफ सांइस एंड आर्ट्स के सभागार में अर्न्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। छात्र/छात्राओं ने विशेष प्रार्थना सभा में चार्ट के माध्यम से छात्र/छात्राओं ने श्रमिकों के योगदान को दर्शाया। ध्रुविका शर्मा, गौरी सिंह, अनुष्का राजपूत ने अपने संदेश के माध्यम से अन्य छात्र/छात्राओं को समझाया।

प्रधानाचार्य डा धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि किसी भी देश की अर्थ व्यवस्था में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। श्रमिक दिवस उन लोगों का दिन है जिन्होंने अपने खून-पसीने से देश और दुनिया के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. श्रेता तिवारी ने कहा कि हर कार्य क्षेत्र मजदूरों के परिश्रम पर निर्भर करता है। मजदूर किसी भी क्षेत्र विशेष को बढ़ावा देने के लिये श्रम करते हैं। इसलिये हमें श्रमिकों का सम्मान करना चाहिये।

## सार-संक्षेप

### गौशालाओं के लिए भूसा दान करने की अपील

**ककोर, औरैया।** जिले में संचालित हो रही गौशालाओं के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी से भूसा दान करने की अपील की है। जिला औरैया में कुल 55 गोवंश आश्रम स्थल संचालित हो रहे हैं। जिसमें 11294 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। उनके भरण पोषण के लिए भूसा, हरा चारा, खली आदि की आवश्यकता है। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा भरण पोषण हेतु उपलब्ध कराई जा रही अनुदान राशि के साथ-साथ जन मानस से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है। इसलिए मुख्य विकास अधिकारी ने औरैया जिला के किसानो, व्यवसाई,समाजसेवियों से अपील की है। इस कल्याणकारी कार्य के लिए अधिक से अधिक भूसा दान करें।

### घरेलू विवाद में युवती को पीटा, पुलिस से शिकायत

**बिधूना,औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी विद्यावती पत्नी झुन्नी लाल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि घर पर गेहूं को लेकर हुए विवाद के दौरान परिवार की महिलाओं पुरुषों ने एक राय होकर उसकी बेटी ज्योति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डायल 112 पुलिस पहुंची और जांच-पड़ताल की। ज्योति को सीएचसी बिधूना में भर्ती कराया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती ने कहा तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**ककोर,औरैया ।** सब स्टेशन प्लास्टिक सिटी लखनपुर में कल पुराने वीसीबी की जगह नवीन वीसीबी लगाए जाएंगे। जिसके कारण देहात ,कंचौसी फीडर, पीटीडब्ल्यू फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से शाम 07 बजे तक बाधित रहेगी। इस सब स्टेशन से जुड़े करीब एक दर्जन गांव में विद्युत आपूर्ति दिन की प्रभावित रहेगी। वहीं शाम 07 बजे के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू हो जाएगी।इ स आशय की जानकारी अवर अभियंता विवेक खरे ने दी। अतः उपभोक्ताओं से अपील की, कि सुबह टंकी में पानी , अवाश्यकीय विद्युत कार्य से निवृत हो जाएं। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## एक नजर

### प्रियंका गांधी कल फतेहपुर सीकरी में करेंगी रोड शो



**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 3 मई को फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राम नाथ सिकरवार के समर्थन में वोट मांगेंगी। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने बताया कि प्रियंका आगरा के फतेहाबाद में आयोजित रोड शो में शामिल होंगी। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

### 8317 बिना लाइसेंसी शस्त्र सीज, 4694 लाइसेंस निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा की गई कार्रवाई में 16 मार्च से 30 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4694 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,27,735 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस जारी किया गया है, जिनमें से 22,36,435 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8317 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8384 कारतूस, 2900 .32 किलोग्राम विस्फोटक व 455 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3559 केंद्रों पर रेड डाली गई और 157 केंद्रों को सीज किया गया।

### बांदा के छह और आगरा के सीएचसी को मिला बजट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बांदा में ग्रामीण क्षेत्र स्थित आधा दर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अग्निशमन व्यवस्था स्थापित करने के लिए स्वीकृत एक करोड़ 46 लाख बजट के तहत एक करोड़ 28 लाख जारी कर दिये गए हैं। वहीं, आगरा के सीएचसी किरावली में भवन मरम्मत व नवीनीकरण के लिए स्वीकृत 90 लाख रुपये में 61 लाख रुपये जारी कर दिये गये हैं।

# शिक्षकों को इसी माह से टैबलेट पर लगानी होगी हाजिरी

## सभी बीएसए को सिम व डाटा खरीदने संबंधी आदेश जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ क्षेत्र में नेटवर्क के हिसाब से सिम खरीदकर भेजे जायेंगे विद्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित सभी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से अपनी उपस्थिति इसी माह से देनी होगी। टैबलेट के लिए सिम और डाटा की व्यवस्था बीएसए करेंगे।

शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। बीएसए को अपने-अपने जिले में बेहतर नेटवर्क वाली कंपनियों के सिम स्कूलों में खरीदकर देने होंगे। शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से ही कार्य करना होगा। बता दें कि पूरे प्रदेश भर के स्कूलों में सवा दो लाख से अधिक टैबलेट का वितरण पिछले ही सत्र में किया जा चुका है। लेकिन शिक्षक लगातार विभाग से सिम और डाटा की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि इसका बजट नहीं मिलेगा कैसे काम होगा। जब शिक्षा महानिदेशक ने ग्रांट से सिम और डाटा खरीने की अनुमति दे दी तो भी शिक्षकों ने सिम नहीं खरीदे। अब ग्रांट के माध्यम से विभाग ने खुद सिम और डाटा खरीदकर देने का आदेश जारी किया है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों को नामांकन के आधार पर 5 श्रेणी में वर्गीकृत करते हुये कम्पोजिट स्कूल ग्रांट की स्वीकृति दी गयी है।

### गोरखपुर व रूहेलखंड विवि को श्रेणी-1 का दर्जा

**अमृत विचार, लखनऊ:** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर व एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली को यूजीसी मूल्यांकन में श्रेणी-1 का दर्जा दिया गया है। राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने दर्जा प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बीती 16 अप्रैल को आयोजित बैठक में किए गए मूल्यांकन में श्रेणी-1 का दर्जा विश्वविद्यालयों को दिया।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि विश्वविद्यालयों के विविध राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में रैंकिंग उन्नयन कर अब यह उपलब्धि प्राप्त करना प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है।

# आतंक का कारण बनीं कांग्रेस की नीतियां

## योगी बोले- कांग्रेस दिशाहीन थी, अब नेतृत्वविहीन भी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ कांग्रेस के नेताओं ने लगातार सनातन को बदनाम करने के प्रयास किए

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुर्भाग्य से कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद दिशाहीन और आज नेतृत्वविहीन भी हो गई है। उन्होंने कहा, दिशाहीनता का ही दुष्परिणाम है कि कांग्रेस के तमाम नेताओं ने लगातार भारत की सभ्यता, संस्कृति को कोसने, अपमानित करने और सनातन को हर प्रकार से बदनाम करने के कुत्सित प्रयास किए हैं। कांग्रेस की नीतियां देश के अंदर नक्सलवाद और आतंकवाद का कारण बनीं।

मुख्यमंत्री बुधवार को महाराष्ट्र दौरे पर जाने से पहले अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति देश के विभाजन का कारण बनी थी। यह दिखाता है कि कांग्रेस नेतृत्व भारत की सनातन संस्कृति व परंपरा को अपमानित और कठघरे में खड़ा करके उन लोगों के हाथ की कठपुतली बनी हुई थी, जो देश के विभाजन के कारक थे। योगी के मुताबिक, जिन लोगों ने भारत व भारतीयता को हमेशा कोसा है और उसकी अपूर्णीय क्षति की है। कांग्रेस लगातार उनके हाथों में खेलते हुए भारत को अपमानित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश के अंदर सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है। आतंकवाद की जड़ जम्मू-कश्मीर में धारा-370 को प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पूरी तरह समाप्त करते हुए क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया। पूर्वोत्तर के राज्यों के उग्रवाद व अराजकता को नियंत्रित करते हुए उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने में सफलता प्राप्त हुई।





लोकसभा चुनाव को लेकर लखनऊ सीट से इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा जुलूस निकालकर नामांकन करने जाते हुए। अमृत विचार

### लखनऊ व मोहनलालगंज सीट से 11 ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडी गठबंधन से लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र जमा कर दिए। दोनों सीटों के लिए बुधवार को 11 नामांकन किए गए। पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की नंदनी रंजन ने पर्चा भरा। छह अन्य लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे।

इंडी गठबंधन से लखनऊ सीट से प्रत्याशी और मध्य से विधायक रविदास मल्होत्रा ने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को नामांकन पत्र सौंपा। मोहनलालगंज सीट से प्रत्याशी आरके चौधरी ने रिटर्निंग अधिकारी/सीडीओ अजय जैन को नामांकन पत्र सौंपा। इसके अलावा लखनऊ सीट से वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल से पंकज कुमार सिंह, निर्दलीय अविनाश चंद्र जैन, निर्दलीय अखंड प्रताप सिंह, निर्दलीय विवेक कुमार झा, भारतीय सर्व धर्म पार्टी से शालिनी अस्थाना, नव क्रांति पार्टी से मनीष मौर्या आदि ने भी पर्चा भरा।

# नहीं होगी नीट एसएस परीक्षा

## कोविड से प्रभावित 2021 बैच को लेकर एनएमसी ने उठाए कदम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिकित्सा जगत में सुपर स्पेशलिस्ट (एमडी, एमसीएच व डीएनबी) चिकित्सक बनने का सपना देखने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों की उम्मीदें इस साल टूट सकती हैं। इसके लिए पीजी 2021 बैच का हलावा देते हुए एनएमसी ने नोटिफिकेशन जारी कर स्पष्ट किया है कि नीट एसएस 2024 नहीं होगी। हालांकि एनएमसी ने इस साल की परीक्षा को अगले साल 2025 में कराने का आश्वासन भी दिया है। वहीं, कई चिकित्सकों का मानना है कि इसे अंतिम निर्णय नहीं मानना चाहिये।

सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक बनाने के लिए हर साल आयोजित होने वाली नीट एसएस की परीक्षा में पीजी चिकित्सक आवेदन करते हैं। मगर, इस साल नीट एसएस 2024 परीक्षा पर संशय बरकरार है। क्योंकि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने फरवरी 2024 को संपन्न बैठक के हवाले से स्पष्ट कर किया है कि 2021 बैच के चिकित्सकों को प्रवेश मई 2022 में मिला था, इसलिए इस साल नीट एसएस 2024 परीक्षा नहीं करायी जा सकती है। वहीं, प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस विषय पर चुप्पी साध ली है।

बरेली के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल अग्रवाल का कहना है कि एनएमसी को मेडिकल एजुकेशन के पाठ्यक्रमों को गंभीरता से लेना चाहिये। सत्र समय से शुरू करें और जरूर शुरू करें, सत्र शून्य कर देने से देश का नुकसान है, सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर कम हो जायेंगे।

#### सत्र शून्य होने की वजह

केजीएमयू के शिक्षक का कहना है कि 2021 में कोरोना महामारी की वजह से नीट एसएस 2021 परीक्षा काफी देर में संपन्न हुई थी, उक्त बैच के चिकित्सक मई या जून 2025 में उत्तीर्ण होंगे। इसलिए वर्तमान में आयोजित नीट एसएस 2024 में उस बैच के अभ्यर्थी शामिल नहीं हो सकेंगे, इसलिए एनएमसी ने 2024 सत्र को शून्य करने का निर्णय लिया है ताकि 2025 की परीक्षा समय से जून-जुलाई में कराई जा सकें, इसके बाद सत्र स्वतः सामान्य हो सकेगा।

#### नौकरी छोड़ तैयारी कर रहे डॉक्टर होंगे मायूस

सुपर स्पेशलिस्ट पाठ्यक्रम की तैयारी कर रहे चिकित्सक का कहना है कि सुपर स्पेशलिस्ट पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पीजी करने वाले चिकित्सकों के साथ ही तमाम विशेषज्ञ चिकित्सक जो चिकित्सकीय कार्य में सेवारत हैं, चिकित्सक चिकित्सकीय कार्य से विरत रहकर नीट एसएस की तैयारी करते हैं। इसलिए एनएमसी को परीक्षा संपन्न करा देनी चाहिये, ताकि पूर्व के बैच के पीजी चिकित्सकों को मौका मिल सके।

### सपा नेता तनवीर फातिमा रालोद में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी की महिला नेता तनवीर फातिमा ने बुधवार को सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय व राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं का स्वागत करते हुए एनडीए प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया।

महिला विंग नारी शक्ति संगठन की प्रदेश महासचिव शालिनी सिंह ने कहा कि जिलों में मातृशक्ति को पार्टी से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। साथ ही भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम चलाया जाए। संगठन की शक्ति का विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आने से प्रदेश में संगठन को बल मिलेगा तथा महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी।

# पोस्टिंग के इंतजार में दो डीजी, एक एडीजी छुट्टी पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डीजी पीवी रामाशास्त्री और रेणुका मिश्रा हैं डीजी इन वेटिंग

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस में महानिदेशक स्तर पर दो अफसर पोस्टिंग के इंतजार में हैं। इनकी पोस्टिंग कब होगी इसपर कुछ नहीं कहा जा सकता। वहीं प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ नार्थ-ईस्ट के रूप में तैनात रहे एक एडीजी रिलीव होने के बाद लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। उन्होंने अभी तक पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट भी नहीं किया है। ऐसे में उनके आने के बाद ही पोस्टिंग के बारे में विचार किया जाएगा।

1989 बैच के आईपीएस पीवी रामाशास्त्री 28 मार्च से ही डीजी इन वेटिंग चल रहे हैं। डेढ़ महीना बीतने के बाद भी अभी रामाशास्त्री की भूमिका पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। वह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें डीजी सीबीसीआईडी बनाया जा सकता है। इस बारे में शासन मंथन कर रहा है। वहीं, 1990 बैच की आईपीएस रेणुका मिश्रा विगत दो महीने से डीजी इन वेटिंग हैं।

दरअसल, उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद पुलिस भर्ती बोर्ड स्तर पर लापरवाही सामने आने पर पांच मार्च को उन्हें भर्ती बोर्ड के डीजी पद से हटाया गया था। वहीं सीआरपीएफ नार्थ-ईस्ट में बतौर एडीजी तैनात रहे आईपीएस बिनोद कुमार सिंह के ऊपर एक आरोप लगने के कारण उन्हें दो अप्रैल को उनके कॉडर से रिलीव कर दिया गया था। ऐसे में उन्हें यूपी पुलिस मुख्यालय में ज्वाइनिंग देनी थी। एक महीना बीतने को है, लेकिन अभी तक उन्होंने ज्वाइनिंग नहीं दी। बताया गया कि वह लंबी छुट्टी पर हैं।

### बैंक के तीन अधिकारियों को तीन वर्ष कारावास की सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक अधिकारी यथा गुरचरण सिंह, जेपी गुप्ता एवं रामनाथ आर्य को तीन वर्ष की कठोर कारावास तथा 5.40 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सीबीआई ने 28 सितंबर, 2004 को आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप था कि गुरुचरण सिंह एवं जेपी गुप्ता, वर्ष 2002-04 की अवधि के दौरान, पंजाब एंड सिंध बैंक, गडेरियन पुरवा शाखा, कानपुर में क्रमशः शाखा प्रबंधक व अधिकारी के रूप में पदस्थ थे, ने कानपुर स्थित एक निजी कंपनी के मालिक के साथ षड्यंत्र कर चालू खाता खोला। कथित तौर पर वाराणसी एवं गोरखपुर से जारी किए गए 28 जाली आईबीआर के जरिए उक्त खाते में 66.89 लाख रुपये जमा किए गए। सीबीआई ने आरोपियों के विरुद्ध 25 जुलाई, 2007 को आरोप पत्र दायर किया।

# भीषण गर्मी से मतदाताओं को बचाने का करें प्रबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों पर मतदाताओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर मूलभूत सुविधाओं में पर्याप्त छाया, पीने का पानी, पंखे के साथ कतार में लगे बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगजनों के बैठने के लिए कुर्सियां, स्कूल बेंच आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। प्रत्येक मतदान केन्द्र व मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) पर पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं के साथ पर्याप्त ओआरएस व मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएं। इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सेक्टर टीम के पास एक पैरामेडिक कर्मी भी उपलब्ध कराए जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सेक्टर अफसरों के जरिये मतदान प्रक्रिया के दौरान भीषण गर्मी से बचाव से संबंधित बुनियादी ढांचे के प्रावधानों की समीक्षा की जाय। मई के महीने में भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जायं।

जिलों में एनएचएम या अन्य योजनाओं के तहत उपलब्ध आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को अलग-अलग उपयुक्त स्थानों पर रखा जाय।

# चेतावनी के बाद भी प्रशिक्षण में नहीं पहुंच रहे शत-प्रतिशत कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केकेसी कॉलेज में लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में ड्यूटी पर लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी की चेतावनी के बाद भी प्रशिक्षण के लिए शत प्रतिशत कर्मी नहीं पहुंच रहे हैं।

प्रशिक्षण में कर्मियों की शत प्रतिशत उपस्थिति न होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार नाराजगी जता चुके हैं और कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी बुधवार को 3138 कर्मियों में 3067 कर्मी प्रशिक्षण के लिए पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कर्मियों से संवाद किया और उनको जानकारी दी।

## वर्ग पहेली-57

**बाएं से दाएं**

4. साथ चलने या रहने वाला।

5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।

7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।

8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा; प्रबल धनलिप्सा; संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।

2. आपत्तिजनक संवादों

3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है

5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।

6. झींगा मछली।



### वर्ग पहेली-56 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 के | द | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 घूं |
| मा | ■ | 3 पे | 4 प | र | वे | ट |
| ■ | 5 स् | ■ | चे | ■ | ■ | ना |
| 6 अ | व | हे | लि | त | ■ | ■ |
| ■ | यं | ■ | म | ■ | 7 म | ■ |
| ■ | से | ■ | ■ | 8 जू | झ | ना |
| 9 नि | वा | र | ण | ■ | ला | ■ |

## सुडोकू-136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 1 | | 7 | 2 | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 5 | 3 |
| 7 | | | 8 | 6 | | | | |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | 5 | 1 | | | |
| 2 | 9 | | | | | | | 5 |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 7 | 8 |

### सुडोकू-135 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 3 मई 01.52 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-घनिष्ठा 3 मई 01.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उसका परिणाम तुरन्त प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष** — आज युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनन्द ले पायेंगे। कारोबार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। अपने लाभ के लिये स्वार्थी बनना ठीक नहीं है। आज लोगों के प्रति अपना व्यवहार न बिगाड़ें।

**मिथुन** — घर में आज बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में थोड़ी अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। हर विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए।

**कर्क** — आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। कार्यस्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** — आज आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा। किन्तु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल सम्पत्ति के विवाद शांत होंगे।

**कन्या** — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमी जन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है।

**धनु** — आज बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। आज किसी को धोखा न दें। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा करना उत्तम होगा। लम्बी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अङ्ग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**कुंभ** — आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। जोश में आकर कोई गलत निर्णय न लें। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन** — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए बेहद सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09.55
आखिरी गुलाम — रात : 07.11

&pictures
धड़क — सुबह : 10.41
जवानी जानेमन — रात : 08.00

SONY PIX
टैक्सी ड्राइवर — सुबह : 07.11
जर्नी 2 : द मिस्टीरियस आइलैंड — शाम : 05.11

ZEE CINEMA
त्रिमूर्ति — सुबह : 11.50
डार्लिंग्स — रात : 08.45

colors CINEPLEX
777 चार्ली — सुबह : 10.07
भगवंत केसरी — शाम : 06.42

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर : दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट : 50 वर्ष।
टीचर : सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट : मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति : मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी : मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति : मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी : अजवाइन।

बदायूं लोकसभा सीट

# सपा के लिए गढ़ में बाहरी का मुद्दा बन सकता चुनौती

भाजपा तीसरी बार मैदान जीतने के लिए लगा रही पुरजोर ताकत, बसपा अभी तक नहीं खोल सकी खाता इस बार दिया है मुस्लिम प्रत्याशी

**6.5** लाख मुस्लिम-यादव मतदाता सपा का मजबूत वोट बैंक

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं


**अमृत विचार :** सपा का गढ़ कही जाने वाली बदायूं लोकसभा सीट 2019 में भाजपा की झोली में आई थी। इससे पहले 1991 में चिन्मयानंद भाजपा से जीते थे। इसके अलावा भाजपा को बदायूं सीट पर कभी जीत नसीब नहीं हुई है। इस बार के चुनाव में पार्टी तीसरी बार मजबूती से चुनौती दे रही है। संसदीय क्षेत्र के लगभग साढ़े छह लाख यादव व मुस्लिम वोटों को सपा अपने पक्ष में मानती है। इसके मुकाबले भाजपा उम्मीदवार केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं गिनाकर हर वर्ग को अपने पक्ष में करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। बसपा प्रत्याशी ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा के बाद प्रचार तेज कर दिया है। वह सपा के मुस्लिम फैक्टर को प्रभावित कर रहे हैं, जिसे भाजपा अपने लिए जीत का समीकरण मान रही है। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य स्थानीय हैं। वह विकास क्षेत्र समरेर के गांव ब्राह्मपुर के निवासी हैं। उनका क्षेत्र से अच्छा जुड़ाव है। वह स्थानीय भाषा में संबोधित करके लोगों को अपना बना रहे हैं। इसके अलावा भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वह कई बार जिले में आए। वहीं सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव यहां से पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। वह बाहरी हैं। उन्हें क्षेत्र के लोगों से ही यहां की जानकारी मिल रही है। ऐसे में वह पिता के अनुभव से लोगों को साध रहे हैं। बसपा प्रत्याशी मुस्लिम खां विधायक रह चुके हैं। मुसलमानों में उनकी पकड़ अच्छी है।

### स्वामी चिन्मयानंद भी रह चुके हैं सांसद

- बदायूं लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी स्वामी चिन्मयानंद ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 तक लगातार सपा का कब्जा रहा। 2019 में भी सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने 492898 वोट लेकर अच्छी टक्कर दी लेकिन वह 511352 वोट पाने वाली भाजपा प्रत्याशी डॉ. संघमित्रा मौर्य से हार गए। बदायूं सीट पर बसपा अभी तक खाता नहीं खोल सकी है।
- बदायूं लोकसभा क्षेत्र में यादव मतदाता 3 .50 लाख और मुस्लिम मतदाता 3 लाख माने जाते हैं। सपा को इसी यादव और मुस्लिम वोट से आस है। इनकी सबसे ज्यादा संख्या गुन्नौर और सहसवान विधानसभा में हैं। जिसके चलते सपा और भाजपा की इन विधानसभा क्षेत्रों में ज्यादा नुक्कड़ सभाएं हुई हैं। बसपा प्रमुख मायावती भी जनसभा कर चुकी हैं।

### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| बिसौली | 429943 |
| सहसवान | 425200 |
| बिल्सी | 356006 |
| बदायूं | 379964 |
| गुन्नौर | 413591 |



**02** लाख मौर्य जाति के मतदाता भी इस सीट पर निर्णायक भूमिका में होते हैं

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| यादव | 3 .50 लाख |
| मुस्लिम | 3 लाख |
| मौर्य | 2 लाख |
| दलित | 1.8 लाख |
| क्षत्रिय | 1.3 लाख |
| वैश्य | 1.4 लाख |
| ब्राह्मण | 1.6 लाख |
| लोध राजपूत | 75 हजार |
| कश्यप | 55 हजार |
| साहू | 50 हजार |
| पाल | 40 हजार |
| अन्य | 3 लाख |

### मंडल में मुस्लिम प्रत्याशी न होने पर बदल सकता है समीकरण

- मुसलमान और यादवों को अपना बताने वाली सपा ने एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा है। जिससे सपा का जातीय समीकरण गड़बड़ा सकता है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व पांच बार के सांसद सलीम इकबाल शेरवानी और राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने इसे लेकर खिलाफत भी की थी। दोनों नेताओं ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। सपा मुखिया ने आबिद का इस्तीफा नामंजूर कर दिया था। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह की जिले में आमद हुई तो सबसे पहले उन्होंने नाराज नेताओं को पकड़ा। दोनों नेताओं से अपने बेटे के कार्यालय का उद्घाटन कराया। इसके अलावा सपा से नाराज चल रहे अन्य मुस्लिम नेताओं को मना रहे हैं।



दुर्विजय सिंह शाक्य, भाजपा प्रत्याशी।



मुस्लिम खां बसपा प्रत्याशी।



आदित्य यादव सपा प्रत्याशी।

### 17 चुनाव में छह बार सपा दो बार भाजपा की हुई जीत

- 1951 – बदन सिंह , कांग्रेस
- 1957 – रघुवीर सहाय, कांग्रेस
- 1962 – ओंकार सिंह, बीजेएस
- 1967 – ओंकार सिंह, बीजेएस
- 1971 – करन सिंह, कांग्रेस
- 1977 – ओंकार सिंह, लोकदल
- 1980 – असरार अहमद, कांग्रेस
- 1984 – सलीम इकबाल शेरवानी, कांग्रेस
- 1989 – शरद यादव, जनता दल
- 1991 – चिन्मयानंद, भाजपा
- 1996 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा
- 1998 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा
- 1999 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा
- 2004 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा

### सहसवान और गुन्नौर के वोटरों में सेंधमारी की कोशिश

- सपा बदायूं सीट पर जिले की सहसवान विधानसभा क्षेत्र और जिला संभल के गुन्नौर से जीतती आई है। इस बार भी सपा को पूरी उम्मीद है कि इन क्षेत्रों में उसका परचम लहराएगा। वहीं भाजपा इन सीटों पर सेंधमारी की कोशिश कर रही है। पूर्व मंत्री अजीत यादव उर्फ राजू की मां व गुन्नौर की दो बार की विधायक पुष्पा यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान कर चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि यादवों गुमराह मत होना। शिवपाल सिंह यादव के घर के व्यक्ति को वोट मत देना।

### 2009 में कौन जीता

| | | |
|---|---|---|
| धर्मेंद्र यादव | सपा | 2,33,744 |
| डीपी यादव | बसपा | 2,01,202 |

### 2014 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| धर्मेंद्र यादव | सपा | 4,98,378 |
| वागीश पाठक | भाजपा | 3,32,031 |



# रॉबर्ट्सगंज में सपा व अपना दल का चेहरा तय नहीं

- 2019 में भाजपा की सहयोगी अपना दल को मिली थी इस सीट पर जीत
- बसपा ने उम्मीदवार उतारा, सपा कर रही है जिताऊ प्रत्याशी के नाम पर मंथन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** सोनभद्र की चार और चंदौली जिले की एक सीट को मिलाकर बनाई गई रॉबट्सगंज संसदीय सीट पर 2019 में भाजपा की सहयोगी अपना दल एस (अद एस) के पकौड़ी लाल कोल जीते थे। इस बार पकौड़ी लाल को टिकट मिलेगा या नहीं अभी तय नहीं है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पार्टी सपा भी अपना दल के उम्मीदवार का इंतजार कर रही है। वैसे सपा भी किसी कोल जाति के ही चेहरे को मैदान में उतारेगी। वह चेहरा कौन होगा यह पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व ही तय करेगा फिलहाल स्थानीय इकाई ने तीन नामों का पैनल भेजा है। वैसे भी इस सीट पर मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है क्योंकि बसपा भी यहां मजबूत स्थिति में है। पार्टी ने धनेश्वर गौतम को उम्मीदवार बनाया है।

**अपना दल बदल सकती है उम्मीदवार:** इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि अपना दल एस इस सीट से अपने उम्मीदवार को बदल सकती है। हालांकि पार्टी नेतृत्व अभी खुलकर नहीं बोल रहा है। उम्मीदवार की घोषणा कभी हो सकता है। नेतृत्व की ओर से कई नामों पर चर्चा की जा रही है। हालांकि सांसद पकौड़ी लाल कोल भी टिकट को पक्का करने को लेकर संघर्षरत हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि अगर अपना दल उनका टिकट काटती है तो सपा उन्हें फिर से मौका दे सकती है। वह 2014 में भी सपा के टिकट पर लड़े थे लेकिन तीसरे नंबर पर रहे थे तब बसपा को यहां दूसरा स्थान मिला था।

**मतदाताओं ने हर दल को दिया मौका:** इस संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, भाजपा, सपा, बसपा हर दल के उम्मीदवार को सांसद बनाकर दिल्ली भेजा। 1989 की राम लहर में भाजपा ने इस सीट को जीता था लेकिन जब 1991 में प्रचंड राम लहर थी तब यहां से जनता दल को जीत मिली। पार्टी के राम निहोर राय यहां से सांसद बनने में कामयाब हो गये थे। 1977 में जनता पार्टी का भी परचम लहरा चुका है। बसपा ने पहली बार 2004 में इस सीट को जीता था लेकिन 2007 में उप चुनाव हुआ। हालांकि बसपा का उम्मीदवार फिर जीता लेकिन इसके बाद से बसपा को कभी जीत नसीब नहीं हुई। 1989 में हार के बाद कांग्रेस के उम्मीदवारों को भी सांसद बनने का मौका नहीं मिला।

### 2019 का जनादेश

| पार्टी | उम्मीदवार | मिले मत |
|---|---|---|
| अपना दल एस | पकौड़ी लाल कोल | 4,47,914 |
| सपा | भाई लाल | 3,93,578 |

### भाजपा लगा चुकी है जीत की हैट्रिक

- कांग्रेस के बाद भाजपा के उम्मीदवार को ही यहां से हैट्रिक लगाने का मौका मिला। 1962, 1967 व 1971 में कांग्रेस के राम स्वरूप ने हैट्रिक लगाई थी जबकि 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के राम सकल लगातार तीन चुनाव जीते। 2008 में जब परिसीमन बदला तो इस सीट पर सपा के पकौड़ी लाल कोल पहली बार सांसद बने। बाद में वे अपना दल एस में शामिल हुए और 2019 में उन्हें पुन: सांसद बनने का मौका मिला। वैसे तो 2014 में भाजपा ने यह सीट जीती थी लेकिन 2019 में यह सीट उसने अपनी सहयोगी अपना दल को दे दिया था।

रिश्ता जोड़ा



आसाम के ढुबरी में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने जनसभा के दौरान केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। नेताओं ने उनका सम्मान किया।

# भाजपा की हैट्रिक रोकने की तैयारी

इटावा संसदीय सीट

- 2014 में अशोक कुमार दोहरे और 2019 में डॉ. रामशंकर कठेरिया जीते
- सपा ने जितेंद्र दोहरे और बसपा ने पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल पर लगाया दांव

बीरेश मिश्रा, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई काफी रोमांचक है। भाजपा जहां इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब दिख रही है तो बसपा और सपा उसकी जीत को रोकने के लिए पूरा प्रयास कर रही हैं। इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें हैं। इनमें से तीन पर भाजपा और दो पर सपा का कब्जा है। इटावा, औरेया और सिकंदरा सीट पर भाजपा तो भरथना और दिबियापुर सीट पर सपा के विधायक हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस सीट पर जीत के लिए रात दिन एक कर दिया है तो पांच मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां जनसभा कर मतदाताओं को अपनी गारंटी के बारे में बताएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां जनसभा कर चुके हैं। बसपा मुखिया मायावती की भी सभा होने की उम्मीद है।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सांसद अशोक कुमार दोहरे का टिकट काट दिया था और डॉ. राम शंकर कठेरिया को मैदान में उतारा था। तब सपा से कमलेश कुमार मैदान में थे। कांग्रेस ने अशोक कुमार दोहरे को टिकट दिया। सपा- बसपा गठबंधन के बाद भी भाजपा यह सीट जीतने में कामयाब हो गई थी। राम शंकर कठेरिया को 5,22,119 मत तो सपा के कमलेश कुमार को 4,57,682 वोट प्राप्त हुए थे। जबकि अशोक कुमार दोहरे को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। इस बार सपा ने जितेंद्र दोहरे तो बसपा ने पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल को मैदान में उतारा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ ही शिवपाल यादव भी इस सीट को जीतने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। रामशंकर कठेरिया को अपने काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। 1991 के चुनाव में बसपा के संस्थापक कांशीराम यहां से सांसद बने थे। 1998 में भाजपा को पहली बार इस सीट पर जीत मिली थी। तब सुखदा मिश्रा सांसद बनीं थीं। सपा ने 1999 और 2004 के और 2009 में जीत दर्ज की।



विक्ट्री निशान

पूर्वी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ रोड शो करके नामांकन किया। उन्होंने समर्थन की अपील की।

# 'संविधान बचाओ ' का नारा क्या धीरे-धीरे बनने लगा चुनावी मुद्दा

- इंडिया गठबंधन लगातार चुनावी रैलियों और भाषणों में इस मुद्दे को उठाकर आगाह कर रहा
- भाजपा के 400 पार नारे को विपक्ष के नेता संविधान बदलने से जोड़कर कर रहे हमला

राजपुरुष

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 'लोकतंत्र बचाओ' या फलाने को हटाओ और देश बचाओ का नारा काफी पुराना है, जनता से वोट मांगने के लिए इस तरह के नारों का इस्तेमाल चुनावी बयानों, सभाओं और रैलियों में पक्ष-विपक्ष दोनों तरफ से खूब होता रहा है।

इसी तरह सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ प्रचार में लोकतंत्र के साथ संविधान बचाने की बात भी नेताओं द्वारा पहले भी कही जाती रही है। लेकिन इस बार 'संविधान बचाओ' का नारा जिस तरह इंडिया गठबंधन और उसमें शामिल दलों के नेताओं द्वारा एक स्वर में बुलंद किया जा रहा है, वैसा पहले नहीं देखा गया।

इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले ही मोदी सरकार के खिलाफ 'संविधान बचाओ' को मुद्दा बनाने के प्रयास शुरू कर दिए गए थे। वामपंथी दल इसे लेकर पहले ही मुखर थे। कांग्रेस ने संविधान बचाओ मुहिम की अगुवाई की, तो सपा, राष्ट्रीय जनता दल, द्रमुक, शिवसेना उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी शरद पवार और आम आदमी पार्टी जैसे दल भी खुलकर साथ आ गए। यह इस मुद्दे की सर्व व्यापकता का असर रहा कि ममता बनर्जी की तृण मूल कांग्रेस और मयावती की बहुजन समाज पार्टी जो कि इंडिया गठबंधन की हिस्सा नहीं थीं, उन्होंने भी मोदी सरकार से संविधान को बचाने के मुद्दे को धार देना शुरू कर दिया।

बात आगे बढ़ी और भाषणों से होती हुई सोशल मीडिया के माध्यम से डिजिटल प्लेटफार्म तक पहुंची तो एनडीए गठबंधन की तरफ से इसका जवाब आना ही था। अब तो चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ही ओर से संविधान बचाने के नाम पर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच लगातार अपना-अपना नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि दोनों प्रमुख गठबंधनों के घात-प्रतिघात में आम मतदाता अभी यह तक यह बात पूरी तरह से समझने में विफल है कि आखिर वह कौन से कारण हैं, जिनके चलते सत्ता पक्ष से संविधान खतरे में है, और संविधान को बचाना क्यों और कितना जरूरी है। दरअसल, जो कोई राजनीतिक दल विपक्ष में रहता है, उसे चुनाव आने पर संविधान बचाने की चिंता ज्यादा ही सताने लगती है। अब आम चुनाव के तीसरे चरण में पहुंचने के साथ फिलहाल इतना तो नजर आ रहा है कि देश में संविधान बचाने का मुद्दा चुनावी हथियार की शक्ल लेने की तरफ बढ़ गया है। चर्चा दोनों पक्षों में होने लगी है।

एक तरफ इंडिया गठबंधन यह बताने में लगा है कि भाजपा 400 पार का नारा इसलिए लगा रही है कि ऐसा होने पर वह देश में बहुत से कानूनों को बदलने में सक्षम हो सके। साफ नजर आ रहा है कि बाबा साहेब आंबेडकर के बनाए संविधान से छेड़छाड़ की बात फैलाकर दलितों और अति पिछड़े वर्ग को गोलबंद करने की कोशिश की जा रही है।

आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा जिनके मुख्यमंत्री जेल में हैं, उन दलों की आवाज को राष्ट्रीय स्वर देकर यह कहा गया कि ईडी-सीबीआई जैसी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकार मनमानी कर रही है। इस चुनावी अभियान में नैतिकता और अनैतिकता की बात पीछे छूट गई। विपक्ष लगातार यही बात फैलाने में लगा है कि भाजपा सरकार वापस आती है तो कमजोर वर्गों के आरक्षण पर तलवार चल सकती है। उधर, भाजपा भी कांग्रेस के घोषणा पत्र के सहारे हमलावर है कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो अनुसूचित जातियों और पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिम लोगों को भी हिस्सा दे दिया जाएगा। अब ऐसे में जबकि अभी चार चरणों का चुनाव बाकी है, यह देखने वाली बात होगी कि जनता इन बातों और संविधान बचाओ के मुद्दे से कब और कितना प्रभावित हुई है।



### झूठ और भ्रमजाल के सिवाय और कुछ नहीं

- कांग्रेस नेता और राहुल गांधी बार-बार यह बात कह कह रहे हैं कि भाजपा इसीलिए 400 सीट चाहती है ताकि वह संविधान को बदल सके। आरक्षण को खत्म कर सके। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीभी बार-बार कह रहे हैं कि संविधान को कोई माई का लाल बदल नहीं सकता है। कांग्रेस सत्ता में आ गई तो वह जरूर एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी। फिलहाल इस मुद्दे को देश भर में नेता भुनाने में लगे हैं। सवाल यह भी है कि सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना की बात करने वाली कांग्रेस ने यूपीए सरकार में जातिगत गणना नहीं कराई। यहां तक कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उसकी सरकार ने भी कभी इस ओर कदम नहीं उठाया। कर्नाटक में जाति जनगणना हुई पर उसकी रिपोर्ट प्रकाशित नहीं हो सकी है। संपत्ति बंटवारे के लिए सीलिंग एक्ट कांग्रेस के समय में आया। संपत्ति को मौलिक अधिकार से बाहर करने के लिए संविधान संशोधन करने का प्रयास भी कांग्रेस राज में हुआ



### मुद्दे को धार देने के लिए संविधान की प्रति लेकर पर्चा भरा तनुज पुनिया ने

- संविधान बचाने की शपथ और रामनामी का पटका ओढ़कर बाराबंकी सुरक्षित लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी तनुज पूनिया अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंच गए। संविधान बचाओ की मुहिम को लेकर चुनावी मैदान में उतरे तनुज पूनिया पर्चा भरने के लिए अपने साथ संविधान की प्रति लेकर भी आए थे।



### सपा की युवा प्रत्याशी भी भाजपा के खिलाफ संविधान को बना रहीं हथियार

- सपा की सबसे युवा प्रत्याशी प्रिया सरोज मछलीशहर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। यहां उनके पिता और पूर्व सांसद तुफानी सरोज विधायक हैं। कानून में स्नातक पिरया कह रही हैं कि संविधान को बचाना उनके चुनाव अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि वह उस भाजपा से मुकाबला कर रही हैं, जो विपक्ष को ही खत्म करना चाहती है। अगर भाजपा सत्ता में वापस आती है, तो संविधान की बुनियादी संरचना को बदल देगी।

## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस के काल में देश में बम धमाके होते थे और सरकार कुछ नहीं करती थी। हमारी सरकार आई तो आतंकियों को घर में घुसकर मारा। - अनुराग ठाकुर



2014 मोदी लहर ,2019 में मोदी की आंधी, अब मोदी की सुनामी चल रही है। सपा बसपा और कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है। – केशव प्रसाद मौर्य



सपा, बसपा और कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है। इन्हें जनता ने नकार दिया है। देश की 140 करोड़ जनता ने मोदी जी को स्वीकार किया है। –संजय निषाद



जब तक लोग मेरे नजदीक नहीं आते मुझे मरकहवा सांड समझते हैं और करीब आने पर दुधारू गाय पाते हैं। उनकी समस्याएं अपने आप ही खत्म हो जाती हैं। –ओपी राजभर

# एक कदम आगे चलने वाली भाजपा कैसरगंज में क्यों ठिठक गई

**जीतने का दावा तो सभी कर रहे, लेकिन अभी तक पत्ते किसी ने नहीं खोले**

**कल है नामांकन का आखिरी दिन, 20 मई को होगा मतदान**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** आखिर राजनीति में एक कदम आगे चलने वाली भारतीय जनता पार्टी कैसरगंज लोकसभा सीट को लेकर ठिठक क्यों गई है? यहां से अभी तक पार्टी ने प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने भी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा द्वारा मौजूदा सांसद बृजभूषण सिंह को टिकट को लेकर ऊहापोह कि स्थिति ने सभी दलों के दांव को रोक रखा है।

सच पूछिए तो कैसरगंज सीट इस समय देश की सबसे ज्यादा चर्चित बन गई है। जहां जीतने का दावा तो सभी कर रहे हैं लेकिन अभी तक किसी ने पत्ते नहीं खोले हैं। दरअसल, कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पर 3 मई को नामांकन का आखिरी दिन है। वहीं 20 मई को मतदान होगा। अभी तक तीनों दलों की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा न करने से निर्वाचन क्षेत्र की सियासत गर्मा गई है।



इससे पहले तमाम मीडिया में दावा किया जा रहा था कि 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के बाद भाजपा अपने प्रत्याशी का ऐलान कर देगी लेकिन अब जबकि नामांकन में 48 घंटे से भी कम वक्त बचा है। तीनों दलों की ओर से उम्मीदवार को लेकर उहापोह के बीच कुछ लोगों ने कथित तौर पर पर्चे भी खरीद लिए हैं लेकिन वह भी आधिकारिक घोषणा के इंतजार में हैं। सूत्रों के मुताबिक, कैसरगंज के तीन स्थानीय नेताओं और एक बाहरी नेता ने पर्चा खरीद रखा है। सूत्र बता रहे हैं कि, सपा और बसपा को अभी भाजपा के फैसले का इंतजार है। प्रत्याशियों की घोषणा में हो रही देरी से यह सवाल भी उठ रहे हैं कि 3 मई को नामांकन के बाद उम्मीदवार के पास प्रचार के लिए सिर्फ 15 दिन ही बचेंगे। नेता और संभावित उम्मीदवार इस बात को लेकर भी बेचैन हैं कि वह इतने कम समय में पूरे क्षेत्र में कैसे प्रचार कर सकेंगे। अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। दोनों दलों को भाजपा के अगले कदम का इंतजार है। हालांकि दोनों दलों की तरफ से अंतिम वक्त में भी नामांकन दाखिल करने की पूरी तैयारी है।

## किसी को मिला टॉर्च तो किसी को गुब्बारा

**अमृत विचार, लखनऊः** चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिल गए हैं। चुनावी महासमर में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिलते ही प्रचार तेज हो गया है। अब तक अपना नाम के साथ प्रचार कर रहे थे अब चुनाव चिह्न के साथ मैदान में हैं। कोई ट्रक लेकर चुनाव मैदान में दौड़ा तो कोई टार्च लेकर दौड़ा। गैस सिलेंडर, ऑटो रिक्शा, गुब्बारा, कैची, हॉकी आदि चुनाव चिह्न लेकर प्रत्याशी चुनावी महासमर में कूद पड़े हैं। सभी अब दिन रात एक करके मतदाताओं को अपना चुनाव चिह्न दिखाकर वोट मांग रहे हैं। बताते चर्वऽकि प्रत्याशियों के पास चुनाव प्रचार का समय बहुत कम है। मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाएगा। ऐसे में 11 मई की शाम पांच बजे तक ही चुनाव प्रचार कर सकते हैं। शेष बचे 10 दिनों में प्रत्याशी जनसभाएं, गांव-गांव सम्पर्क करने के साथ ही पार्टी के बड़े नेताओं की सभाओं की व्यवस्था में भी लगे हैं, जिससे चुनावी नैया पार हो सके।



राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में जल्द ही दो लड़कों यानि अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी रोड शो करने जा रही है। इससे पहले इंडी गठबंधन से जुड़े दलों ने मिलकर झंडे-बैनर जुटा लिए हैं। इसी क्रम में लखनऊ,कैसरबाग स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर एकत्रित किए गए इंडिया गठबंधन के दलों के झंडे। –अमृत विचार

## दिन में प्रचार करने से बच रहे प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिसका असर चुनाव प्रचार पर दिखाई दे रहा है। अधिकांश उम्मीदवार बड़ी बैठकों से बच रहे हैं और घर-घर जाकर प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चौथे से लेकर सातवें चरण के उम्मीदवारों को तो गर्मी की चिंता सबसे ज्यादा है, क्योंकि इस समय यहां पर गर्मी अपने चरम पर होगी जिससे दिन में चुनाव प्रचार करना आसान नहीं होगा। इसलिए ये प्रत्याशी सुबह और शाम की जनसभा और कार्यक्रम को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# दिग्गजों के चक्रव्यूह को भेदने उतरे राजनीति के नवधा खिलाड़ी

**भाजपा और सपा से मैदान में हैं राजनीति के धुरंधर**

**बसपा और भाकपा के प्रत्याशी पहली बार चुनावी मैदान में**

**अयोध्या में सज गया मैदान सियासत चढ़ रही परवान**

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी चक्रव्यूह रचा जाने लगा है। सियासी दलों के थिंक टैंक नित नए प्रयोग कर रहे हैं। सियासी चक्रव्यूह को भेदने के लिए सूरमा मैदान ले चुके हैं। अयोध्या में राजनीति के धुरंधर, दिग्गज खिलाड़ियों के चुनावी चक्रव्यूह को भेदने के लिए इस बार नवधा खिलाड़ी उतर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने कई बार के विधायक और मंत्री रहे पुराने चेहरों को मैदान में भेजा है तो बहुजन समाज पार्टी और भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने नए खिलाड़ियों को सियासी चक्रव्यूह भेदने का जिम्मा सौंपा है।

यूं तो बदले दौर में अयोध्या की सियासत भी बदली है लेकिन क्रिकेट के खेल और राजनीति में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता है। यह जुमला खेल से राजनीति तक चर्चा में रहता है। अब लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। धर्म के साथ सियासी दृष्टि से अति महत्वपूर्ण मानी जाने वाली अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र) के रण में इस बार पहले की अपेक्षा कुछ नया है। अमूमन अयोध्या के चुनावी रण में ज्यादातर सधे सियासी खिलाड़ी को ही मैदान में उतारा जाता रहा है। साल 2014 के चुनाव में सियासत के मंझे खिलाड़ियों भाजपा से लल्लू सिंह, सपा से मित्रसेन यादव, कांग्रेस से डॉ. निर्मल खत्री, बसपा से जितेंद्र सिंह बब्लू को मैदान में थे। यह सभी कभी न कभी राजनीतिक कौशल दिखा चुके थे।

साल 2019 के चुनाव मे भी सियासी परिदृश्य ऐसा ही रहा। भाजपा से लल्लू के साथ सपा-बसपा गठबंधन से पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव और कांग्रेस से डा. निर्मल खत्री लोकसभा चुनाव के मैदान में थे। यह सभी राजनीति के लड़ाके रहे हैं, लेकिन इस बार तस्वीर अलग है।

भाजपा और सपा ने अनुभवी, राजनीति के खेल में माहिर राजनेताओं को मैदान में उतारा है। लल्लू सिंह और अवधेश प्रसाद, दोनों पुरानी जमात के नेता हैं। यह कांट-छांट से सियासी पैंतरे में माहिर हैं। दूसरे को पटकनी देने के लिए राजनीति के हर दांव की काट उनके पास होती है।

मैदान सज गया है। कदमताल शुरू हो गई है। कप्तान निर्देश दे रहे हैं। मतदाताओं को जगाए जाने का दौर है। नवधा खिलाड़ी चक्रव्यूह में घुस पाएंगे, भेद पाएंगे या उलझ जाएंगे। यह तो समय बताएगा लेकिन पुराने और नए के बीच चाले चली जानी शुरू हो गई हैं।

### 2014 से सांसद हैं लल्लू

सांसद लल्लू सिंह अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से सन् 1991 से 2012 तक विधायक रहे। इस दौरान वह सूबे में ऊर्जा और पर्यटन राज्य मंत्री भी रहे। साल 2004 से अब तक का लोकसभा चुनाव लड़ते आ रहे हैं। 2014 से वह अयोध्या की वीआईपी सीट से सांसद हैं। संगठन से सत्ता प्रतिष्ठान तक ऊंची रसूख रखते हैं। दिल्ली दरबार ने उन पर भरोसा जताया। एक बार फिर फतह के लिए चुनावी मैदान में भेजा है। वह अपनी छवि और अपने पुराने वोट बैंक के सहारे मैदान में है।

### आठ बार विधायक रह चुके हैं अवधेश प्रसाद

सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद समाजवादी पार्टी का पिछड़े वर्ग का चेहरा हैं। अतीत हो चुकी जिले की सोहावल (सु.) विधानसभा क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे। वर्तमान में मिल्कीपुर (सु.) से विधायक हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के करीबी रहे हैं। सपा ने इस बार उन्हें मैदान में भेज नया प्रयोग किया है। कई बार प्रदेश सरकार में समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के मंत्री रहे हैं। अतीत में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। गठबंधन से इतर भी सपा के जनाधार के साथ ही प्रसाद चुनाव मैदान में है। सियासी खेल में माहिर लल्लू और अवधेश दोनों नेताओं को राजनीति में बेदाग छवि का माना जाता है।

### 2014 : लोकसभा चुनाव में दलों की स्थिति

| दल | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 4,91,761 मत |
| सपा | मित्रसेन यादव | 2,08,986 मत |
| बसपा | जितेंद्र सिंह बब्लू | 1,41,827 मत |
| कांग्रेस | डा. निर्मल खत्री | 1,29,917 मत |

### 2019 : लोकसभा चुनाव में दलों की स्थिति

| दल | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 5,29,021 मत |
| गठबंधन | बसपा-सपा - आनंदसेन यादव | 4,63,544 मत |
| कांग्रेस | डॉ. निर्मल खत्री | 53,383 मत |



लल्लू सिंह



अवधेश प्रसाद



अरविंद सेन



सच्चिदानंद पांडेय

### पिता से सीखी है अरविंद ने राजनीति

इस बार राजनीति के इन धुरंधरों को चुनौती देने के लिए नवधा खिलाड़ी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। चुनावी धारा बदलने के प्रयास में हैं। राजनीतिक विचारों की लड़ाई को नए सिरे से परवान चढ़ाने के लिए अरविंद सेन यादव चुनाव मैदान में उतरे हैं। यादव पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। वाम विचारधारा से जुड़े पूर्व विधायक, पूर्व सांसद स्व. मित्रसेन यादव के बड़े पुत्र है। सियासी परिवार का होने के नाते राजनीति का ककरहा उन्होंने अपने पिता के साथ ही सीख लिया था।

### सच्चिदानंद की प्रोफाइल पुरानी नहीं

कभी यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा ने भी राजनीति के नवधा खिलाड़ी सच्चिदानंद पांडेय को दिग्गजों के सामने सियासत में दो-दो हाथ करने के लिए भेजा है। पांडेय पड़ोसी अंबेडकरनगर जिले के रहने वाले हैं। राजनीति में उनकी प्रोफाइल पुरानी नहीं है। पड़ोसी जिले के जिला स्तरीय एक भाजपा नेता के साथ राजनीति में उतरने वाले पांडेय को अंबेडकरनगर में भाग्य आजमाने का मौका नहीं मिला तो उन्होंने राम नगरी से सियासत की शुरुआत कर दी।

## चुनावी चक्कर

**पहचानत हो, हम धनंजय सिंह की मेहरारू हैं**

नाम से पहले डॉन, माफिया, बाहुबली जैसे विशेषण का प्रयोग भले धनंजय सिंह के व्यक्तित्व से कुछ लोगों को सशंकित करता हो, लेकिन उनकी दक्षिण भारतीय पत्नी श्रीकला की छवि इससे बिल्कुल इतर है। श्रीकला बसपा के टिकट पर जौनपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं हैं। वहां, जनसभाओं को संबोधित करते हुए श्रीकला का मजाकिया अंदाज चर्चा का विषय बन गया है। पिछले दिनों उन्होंने एक जनसभा में ऐसा कह दिया कि इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल, क्षेत्र में श्रीकला का प्रचार करने और वोट मांगने का तरीका ही दिलचस्प है। नामांकन से पहले श्रीकला ने जब एक चुनावी जनसभा में खुद को धनंजय की मेहरारू कह कर परिचय दिया तो वहां मौजूद सभी हंस पड़े। इससे पहले, लोगों को उम्मीद थी कि श्रीकला दक्षिण भारतीय भाषा वाले लहजे में ही संभवत: बातचीत करें। लेकिन उन्होंने लगभग सभी को चकित करते हुए ठेठ भोजपुरी भाषा में अपनी बात रखी। उनके बात करने का यह देसी तरीका ही चर्चा में आ गया है। भीड़ में एक उम्रदराज महिला को चाची कहकर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमें पहचानत हो, हम कौन हैं? इससे पहले कि जवाब आता, श्रीकला बोलीं अरे हम धनंजय सिंह की मेहरारू हैं। श्रीकला यहीं नहीं रुकतीं हैं। वह जनसभा में आई महिलाओं से कहती हैं- ''हम आपकी पतोह हैं। अगर वोट ना देबो तो हम आपसे आके झगड़ा करबे। सोच लिहो, हम बड़ी झगड़ालू हैं।'' दक्षिण भारतीय मूल की श्रीकला के बोलने के अंदाज को देखकर वहां मौजूद सभी जोरदार ठहाका लगाते हैं। वहीं, क्षेत्रीय राजनीति की नब्ज पकड़ते हुए श्रीकला प्रचार के दौरान सरेराह कहीं समोसे की दुकान पर रुक जातीं हैं तो कहीं अचानक ठेले पर गोलगप्पा खाने लगतीं हैं। बहरहाल, चुनाव में क्षेत्र के मतदाताओं ने उनके इस अंदाज को कितना पसंद किया यह तो मतदान के परिणाम ही बताएंगे।

# मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ीं प्रत्याशियों की मुश्किलें

**लालगंज लोकसभा क्षेत्र में पिछले चुनाव की तरह नहीं है माहौल**

**भाजपा से नीलम, सपा से दरोगा सरोज व बसपा से इंदू मैदान में**

**बसपा को यहां से चार, सपा को दो और भाजपा को एक बार मिली है जीत**

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां प्रचार-प्रसार जोरों पर है, वहीं मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशी परेशान हैं। कुछ यही स्थिति आजमगढ़, लालगंज सुरक्षित संसदीय सीट की भी है।

इस चुनाव में कहीं विकास तो कहीं स्थानीय समस्याओं को लोग मुद्दा बना रहे हैं। यहां चुनावी मैदान में जहां नीलम सोनकर भाजपा से हैं वहीं इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज ताल ठोक रहे हैं, जबकि बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी पर अपना दांव खेला है। बुधवार को भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों ने नामांकन भी कर दिया।

पिछले कई चुनावों की तरह इस चुनाव में अभी तक चौक-चौराहों व चाय-पान की दुकानों पर प्रत्याशियों का आकलन व हार-जीत के दावे भी अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। गांवों में प्रत्याशियों के पहुंचते ही समर्थक जिंदाबाद के नारे को बुलंद करने लगते हैं। मतदाता भी सभी को जीत का आशीर्वाद दे खुशी-खुशी विदा कर रहे हैं। ग्रामीण अपनी समस्या से अवगत करा प्रत्याशी को वोट का आश्वासन भी दे रहे हैं। प्रत्याशी के जाते ही उसकी चर्चा भी खत्म हो जाती है। जिससे प्रत्याशियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। वोटर दबी जुबान कहते हैं कि इस बार सोच-समझ कर वोट डालना है, वोट बर्बाद नहीं करना है। वोट देने के सवाल पर चुप्पी तोड़ते हुए कहते हैं कि इस बार मतदाताओं का आकलन करना इतना आसान नहीं होगा। हां चुनाव से एक दिन पहले निर्णय जरूर हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर भाजपा की मौजूदा सांसद और प्रत्याशी नीलम सोनकर केंद्र की योजनाओं, राममंदिर के निर्माण के सहारे तथा प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को सामने रख कर जनता से मिल रही हैं और दोबारा जिताने के लिए अपील कर रहीं हैं। इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज पिछड़ी जाति को आधार बताते हुए पीएम मोदी और सीएम योगी को घेरते हुए जनता से वोट मांग रही हैं। बसपा की प्रत्याशी डॉ. इंदू यहां सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से पिछड़े वर्ग के मतदाताओं से जुड़ कर वोट पाने की जुगत लगा रही हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा की साझा प्रत्याशी संगीता आजाद ने भाजपा की प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। संगीता 518,820 मत मिले तो नीलम सोनकर के खाते में 3,57,223 वोट आए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में मोदी लहर के बीच यह सीट भाजपा के खाते में चली गई थी। बीजेपी के टिकट पर नीलम सोनकर ने समाजवादी पार्टी की सरोज को कड़े मुकाबले में 63,086 मतों के अंतर से हराया था। बसपा के डॉक्टर बलिराम तीसरे स्थान पर रहे थे और उन्हें 2,33,971 वोट मिले थे।



नीलम सोनकर



दरोगा सरोज



डॉ इंदू चौधरी



### 1984 के बाद कांग्रेस को नहीं मिली सफलता

1990 के बाद के राजनीतिक परिणामों पर नजर डालें तो यहां पर किसी भी दल का एकाधिकार नहीं रहा। कांग्रेस को 1984 के बाद से यहां पर जीत नहीं मिली है, लेकिन जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी को बारी-बारी से जीत मिल चुकी है। हालांकि बहुजन समाज पार्टी को इस दौरान चार बार जीत मिली तो समाजवादी पार्टी को दो बार, जबकि भारतीय जनता पार्टी को महज एक बार ही जीत मिली है।

### 'राम' नाम वालों को मिली ज्यादातर जीत

लालगंज के चुनावों में एक दिलचस्प बात यह है कि 1962 से 2014 तक हुए 14 लोकसभा चुनावों में यहां से ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी जीते, जिनके नाम में राम लगा हुआ था। 1967 से लगातार 1996 लोकसभा चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों के नाम में राम शब्द लगा हुआ था। 1999 और 2009 में यही हुआ था।


### 1962 में हुआ था पहला चुनाव


लालगंज सीट पर पहली बार 1962 में चुनाव हुए थे, यहां से प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के विश्राम प्रसाद चुनाव जीते थे। उसके बाद 1967 व 71 में यहां से कांग्रेसी उम्मीदवार रामधन राम लगातार जीते थे। इमरजेंसी के बाद देशभर में चुनाव हुए तो रामधन यहां से भारतीय लोकदल के टिकट पर खड़े हुए और जीत दर्ज की। इसके बाद 1980 में भी यह सीट जनता पार्टी के पास रही। यहां से छंगुर राम जीते, 1984 और 1989 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के टिकट पर फिर रामधन राम जीते।

### 1996 में बसपा का खुला खाता

1989 में रामधन पाला बदलकर फिर जनता दल में गए और जीते। 1991 में राम बदन राम यहां से जनता दल से फिर चुनाव जीते। 1996 में इस सीट पर पहली बार बसपा का खाता खुला और पार्टी उम्मीदवार डॉ. बलिराम जीते। 1998 में सपा के दरोगा प्रसाद सरोज, 1999 में डॉ. बलिराम ने फिर जीत हासिल की। 2004 में दरोगा प्रसाद सरोज ने बाजी मारी, 2009 में डॉ. बलिराम फिर जीते।

### लालगंज: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| संगीता आजाद | 5,18,820 |
| नीलम सोनकर | 3,57,223 |
| पंकज मोहन सोनकर | 17,630 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नीलम सोनकर | 3,24,016 |
| सपा | बेचई सरोज | 2,60,930 |
| बसपा | डॉ. बलिराम | 2,33,971 |
| कांग्रेस | बलिहारी बाबू | 21,832 |




| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 7,713 | 5,060 |

### निर्वाचित सांसद


| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1962 | विश्राम प्रसाद | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1967 व 71 | रामधन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | रामधन | जनता पार्टी |
| 1980 | छांगुर राम | जनता पार्टी |
| 1984 | रामधन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | रामधन | जनता दल |
| 1991 | राम बदन | जनता दल |
| 1996 | बलिराम | बहुजन समाज पार्टी |
| 1998 | दरोगा प्रसाद सरोज | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बलिराम | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | दरोगा प्रसाद सरोज | समाजवादी पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | डॉ. बलिराम | 2,07,998 |
| भाजपा | नीलम सोनकर | 1,68,050 |
| सपा | दरोगा प्रसाद सरोज | 1,47,182 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,32,489 |
| पुरुष | - 8,74,236 |
| महिला | - 9,58,229 |
| अन्य | - 24 |



## वोटों के बंटवारे और ध्रुवीकरण से

# खिल सकता कमल

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल में सात मई को तीसरे चरण में मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। इससे पहले राज्य में पहले चरण में कूच बिहार अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी तथा दूसरे चरण में दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में मतदान हो चुका है। तीसरे चरण के चुनाव वाला पूरा इलाका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। यहां के नौजवानों को काम की तलाश में कोलकाता जाना पड़ता है, तो बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने दूसरे राज्य भी जाते हैं। जाहिर है कि गरीबी और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों जिलों में गंदगी और जाम की समस्या भी विकराल है। गंगा नदी मालदा से होकर मुर्शिदाबाद में प्रवेश करती है। यह डेल्टा क्षेत्र है, जिसके कारण नदी तट कटाव भी बड़ी समस्या है। गंगा की कटान में पिछले कुछ वर्षों में कई सौ गांव समा चुके हैं और हजारों लोग विस्थापित होकर बेघर हैं। इस बार भी सभी राजनीतिक दल और उनके नेता पिछले चुनावों की ही तरह नदी कटाव से प्रभावित लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि चुनाव बाद ठोस कदम उठाए जाएंगे। सीएए मुद्दे की गूंज भी यहां कम नहीं है। तृणमूल कांग्रेस नेता कह रहे है कि सीएए का असल उद्देश्य मुसलमानों को शिविरों में भेजना है। तृणमूल ने सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर 2021 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल



### पं. बंगाल : मोदी बनाम ममता के बीच चुनाव

**तीसरा चरण - 04 सीटें**

पिछला परिणाम

- टीएमसी 02
- भाजपा 01
- कांग्रेस 01

### टीएमसी, कांग्रेस और माकपा में मुस्लिम मतों के लिए घमासान, भाजपा कर रही जबरदस्त प्रचार

मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीटों पर मुस्लिमों की आबादी ठीक-ठाक है, यही वजह है कि तृणमूल, वामपंथी और कांग्रेस में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की होड़ है। ऐसे में भाजपा की उम्मीद मुस्लिम वोटों के विभाजन और मतदाताओं के ध्रुवीकरण पर टिकी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन चार सीटों में भाजपा ने मालदा उत्तर का चुनाव जीता था। कांग्रेस मालदा दक्षिण में विजयी रही थी, जबकि तृणमूल को जंगीपुर और मुर्शिदाबाद में सफलता मिली थी। इस बार भाजपा ने चारों सीटों पर जोरदार प्रचार अभियान छेड़ रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मालदा में चुनाव प्रचार किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुर्शिदाबाद में रैलियां की हैं, तो तृणमूल की तरफ से ममता बनर्जी और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी लगातार सक्रिय हैं। कांग्रेस जरूर प्रचार के मामले में थोड़ी पीछे नजर आ रही है।

### मालदा दक्षिण : पिछली बार मामूली अंतर से हारी भाजपा इस बार कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाने के प्रयास में

- भाजपा की श्रीरूपा मित्रा इस बार यह सीट जीतने में पूरा जोर लगाए हैं। पिछली बार वह आठ हजार वोटों के मामूली अंतर से कांग्रेस अबू हासेम खान चौधरी से हार गई थीं। टीएमसी ने यहां शाहनवाज़ अली रेहान को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद की उम्र देखते हुए उनके पुत्र ईशा खान चौधरी पर दांव लगाया है, जो अपनी पारिवारिक विरासत को बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। लेकिन इस बार संघर्ष त्रिकोणीय दिख रहा है। ईशा खान चौधरी के पिता अबू हासेम खान चौधरी पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर जीत रहे थे। इससे पहले उनके चाचा स्व. एबीए गनी खान चौधरी कई बार सांसद चुने गए थे। कांग्रेस प्रत्याशी ईशा खान चौधरी इस लोकसभा क्षेत्र की वैष्णवनगर और सूजापुर सीट से विधायक रह चुके हैं। लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में वह सूजापुर विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस से हार गए थे।

**2019 का वोट शेयर**


| 35% | 34% | 27% |
|---|---|---|
| कांग्रेस | भाजपा | टीएमसी |

### भाजपा ने झोंकी ताकत मोदी की फिर सभाएं

तीसरे चरण के चुनाव के साथ राज्य में चौथे और पांचवे चरण के मतदान का माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। एक दिन पहले उन्होंने मालदा में जोश भरा था। अब अगले दो दिनों में उनकी फिर राज्य में रैलियां हो सकती हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा भी सभाएं करने आएंगे।

### मालदा उत्तर : मुस्लिम वोट बंटने से भाजपा 2019 में पहली बार जीती, इस बार भी जीत का समीकरण वही


भाजपा नेता खगेन मुर्मू मालदा उत्तर से सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। खगेन मूर्मू का इस बार मुकाबला पूर्व आईपीएस अधिकारी टीएमसी प्रत्याशी प्रसून बनर्जी से है। कांग्रेस ने यहां मुश्ताक आलम पर दांव लगाया है। कांग्रेस के इस बार मालदा दक्षिण से प्रत्याशी ईसा खान चौधरी 2019 के लोकसभा चुनाव में मालदा उत्तर से चुनाव लड़े थे, लेकिन जीत नहीं पाए थे। तृणमूल कांग्रेस ने उनकी फुफेरी बहन मौसम बेनजीर नूर को मैदान में उतार दिया था। आपस की लड़ाई और मुस्लिम वोट बंटने से दोनों को हार मिली थी और भाजपा ने पहली बार इस सीट पर कमल खिला दिया था।




### मुर्शिदाबाद : त्रिकोणीय मुकाबले में चौंकाने वाले परिणाम के कयास

मुर्शिदाबाद सीट पर सीपीआई-एम (माकपा) के राज्य सचिव और तेजतर्रार नेता मोहम्मद सलीम, तृणमूल कांग्रेस से मौजूदा सांसद अबू ताहेर खान और भाजपा के गौरी शंकर घोष के बीच तिकोना मुकाबला हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी मुर्शिदाबाद विधानसभा सीट से 2021 में विधायक चुने गए थे, पार्टी ने लोकसभा का टिकट देकर मैदान में उतारा है। सीपीआई-एम का इस सीट पर 1980 से 1999 तक लाल झंडा फहराता रहा है। कांग्रेस ने 2004 और 2009 में जीत हासिल की थी, लेकिन सीपीआई-एम के बद्दरुद्दोज़ा खान ने 2014 में सीट वापस छीन ली थी। 2019 में तृणमूल के अबू ताहेर खान ने जीत हासिल की थी। मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी। यहां वोटों का ध्रुवीकरण होने की आशंका जताई जा रही है, लोग मान रहे हैं कि परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं।


**2019 का वोट शेयर**




### जंगीपुर : प्रणब दा के बेटे मैदान में नहीं, टीएमसी दूसरी जीत की कोशिश में

जंगीपुर को बीड़ी उद्योग के लिए जाना जाता है। लोकसभा सीट से दिगग्ज कांग्रेस नेता पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी ने 2004 और 2009 में चुनाव लड़कर जीता था। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2012 में हुए उपचुनाव में उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी यहां से सांसद चुने गए। 2014 की मोदी लहर में भी अभिजीत यहां से चुनाव जीते थे। 2019 में टीएमसी के उम्मीदवार बीड़ी कारोबारी खलीलुर्रहमान यहां से विजयी हुए थे। उन्होंने भाजपा की माफूजा खातून को तीन लाख से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। अभिजीत को ढाई लाख से ज्यादा वोट मिले थे पर वह तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। इस बार खलीलुर्रहमान फिर टीएमसी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने भाजपा ने संगठन से जुड़े नेता धनंजय घोष को मैदान में उतार है, जबकि कांग्रेस ने अभिजीत मुखर्जी के स्थान पर मुर्तजा हुसैन पर दांव लगाया है।

**2019 का वोट शेयर**




## एनडीए के लिए साख और राजद की नाक का सवाल

**बिहार तीसरा चरण 05 सीटें**

2019 का परिणाम

- एनडीए 05
- इंडिया गठबंधन 00

चुनाव डेस्क



अमृत विचार। बिहार में सात मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में पांच सीटों मधेपुरा, झंझारपुर, सुपौल, अररिया और खगड़िया में वोट डाले जाएंगे। यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन ने प्रचार मे अपनी ताकत झोंक रखी है। इन सभी पांच सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार के चुनाव में एनडीए के सामने जहां इन सीटों पर कब्जा बनाए रखने की चुनौती है, वहीं इंडिया गठबंधन में खासतौर पर राजद जिसका पिछले लोकसभा चुनाव में खाता ही नहीं खुला था, इस बार कुछ सीटें छीनने की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है।

एनडीए में जदयू को तीसरे चरण में पांच में तीन वह सीटें मिली हैं, जिस पर उसके सांसद हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को ही चुनाव मैदान में उतारा है। इस चरण में भाजपा और लोजपा (चिराग पासवान) ने एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं।

इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में राजद तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। एक-एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का उम्मीदवार मैदान में है। इंडिया गठबंधन से चुनावी अभियान में अगुवा तेजस्वी यादव का साथ केवल मुकेश सहनी देते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस और वाम दलों के बड़े नेताओं के दौरे, रैली, रोड शो कुछ भी नहीं हुआ है। बिहार में राहुल गांधी की अब तक केवल एक सभा हो पाई है। इसके मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनसभाएं कर चुके हैं। दो और रैलियों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गृह मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरी ताकत लगाए हैं। इस तरह प्रचार में इंडिया गठबंधन पीछे नजर आ रहा है। लेंकिन पांचों सीटों पर यादव और मुस्लिम समीकरण

### मधेपुरा : जनता यहां यादव सांसद ही चुनती, इस बार मुकाबला बराबरी का

मधेपुरा तीसरे चरण की सबसे चर्चित सीट है। यहां से राजद प्रमुख लालू यादव, शरद यादव और पप्पू यादव चुनाव लड़ चुके हैं। यहां यादव मतदाता ही जीत-हार तय करते आए हैं। 2019 में इस सीट पर जदयू के दिनेश चंद्र यादव जीते थे। 2014 में राजद के टिकट पर पप्पू यादव जीते थे। इस बार जदयू ने मौजूदा सांसद दिनेश चंद्र यादव पर भरोसा जता है, तो राजद ने प्रो. कुमार चंद्रदीप को मैदान में उतारा है। 1998 के बाद से इस सीट पर तीन बार जदयू और तीन बार राजद ने जीत हासिल की है। दिलचस्प बात यह है कि यहां से अभी तक यादव जाति से ही सांसद चुने गए हैं। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार पर जदयू और एक-एक पर भाजपा व राजद का विधायक है।

**2019 में पप्पू यादव को दिया नाकार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिनेश चंद्र यादव | 6,24,334 | 54 .41 |
| राजद | शरद यादव | 3,22,807 | 28 .14 |
| जेएपी | पप्पू यादव | 97,631 | 3 .35 |

### झंझारपुर : बसपा की चुनौती से त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार

झंझारपुर में जदयू ने मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की ओर से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। सुमन महासेठ पूर्व विधान पार्षद सदस्य हैं। विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं लेकिन लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हैं। पिछले चुनाव में जदयू के रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को हराया था। माना जाता है कि यहां की राजनीति पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के सांसद ही करते रहे हैं। 2019 में रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था। 2014 में यहां पहली बार भाजपा जीती थी।

**2019 में बहुत पीछे था राजद उम्मीदवार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | रामप्रीत मंडल | 6,02,391 | 56 .80 |
| राजद | गुलाब यादव | 2,79,440 | 27 .10 |

### सुपौल : अति पिछड़ा ही इस सीट पर तय करेंगे जीत और हार

सुपौल लोकसभा सीट पर सामान्य वर्ग के वोटरों का दबदबा रहता है। राजद ने अनुसूचित जाति के चंद्रहास चौपाल को यहां उम्मीदवार बनाया है, उनकी लड़ाई जदयू के दिलेश्वर कामत से है जो अति पिछड़ा समाज से आते हैं। अब दोनों उम्मीदवार में सामान्य वर्ग के वोट अपने पाले में जंग की छिड़ी है। मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। सुपौल में अति पिछड़ा वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती है, जो चुनाव में जीत-हार तय करते हैं। यहां से 2014 में कांग्रेस की रंजीत रंजन जीती थीं और 2019 में चुनाव हार गई थीं।

**2019 में अति पिछड़ा वर्ग ने दिलाई जीत**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिलेश्वर कामत | 5,97,377 | 53 .78 |
| कांग्रेस | रंजीत रंजन | 3,30,524 | 30 .00 |

**2014** में कांग्रेस की रंजीत रंजन यहां जीती थीं चुनाव

**2019** में जदयू के दिलेश्वर कामत ने दी थी रंजीत रंजन को मात

### खगड़िया : लोजपा को बाहरी उम्मीदवार उतारना पड़ सकता भारी

इंडिया गठबंधन में माकपा को खगड़िया सीट मिली है। माकपा ने यहां से संजय कुमार को उतारा है। बसपा ने डॉ. रवि कुमार पर दांव लगाया है। एनडीए में यह सीट चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को मिली है। पिछले दो चुनाव से लोजपा यहां जीत रही है। लोजपा ने राजेश वर्मा पर दांव लगाया है। राजेश वर्मा भागलपुर से आते हैं। इस कारण 'बाहरी उम्मीदवार' की चुनौती से निपटना पड़ रहा है। इस सीट से लोजपा के महबूब अली कैसर 2014 और 2019 में जीते थे। कहा जाता है कि यहां पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी परिणाम प्रभावित करते रहे हैं। यादव बड़ी संख्या में हैं, पर राजद को सिर्फ एक बार ही जीत मिली है। राजद ने लोजपा के सांसद महबूब अली कैसर को शामिल करके लोजपा को बड़ा झटका दिया है।

**2019 में मुकेश सहनी रह गए बहुत पीछे**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| लोजपा | चौ. महबूब अली | 5,10,193 | 52.8 |
| वीआईपी | मुकेश सहनी | 2,61,623 | 27 .10 |

### अररिया : भाजपा सीट बचाने में जुटी राजद की राह भी नहीं आसान

- अररिया लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार सिंह को फिर चुनावी मैदान में उतारा है। राजद ने शाहनवाज आलम को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के पास जहां अररिया में अपनी साख बचाने की चुनौती है, वहीं राजद की राह आसान नहीं दिख रही है। शाहनवाज पूर्व केंद्रीय मंत्री व मो. तस्लीमुद्दीन के पुत्र हैं। 2018 में तसलीमुद्दीन के निधन के बाद हुए उपचुनाव में राजद के सरफराज आलम और भाजपा-जेडीयू के प्रदीप सिंह में मुकाबला हुआ था। इसमें राजद प्रत्याशी को जीत मिली थी। लेकिन 2019 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप सिंह ने बाजी मारी थी। उन्होंने राजद के उम्मीदवार सरफराज आलम को करीब एक लाख 37 हजार मतों से हरा दिया था।

**2019 में राजद ने खो दी थी यह सीट**

| दल | उम्मीदवार | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप कुमार सिंह | 6,18,434 | 52 .87 |
| राजद | सरफराज आलम | 4,81,193 | 41 .14 |

## शिवसेना उद्धव को यहां मिली राकांपा से चुनौती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित उस्मानाबाद को अब धाराशिव नाम से जाना जाता है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र का नाम अभी उस्मानाबाद ही है। उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर कभी एक-दूसरे के सहयोगी रहे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित पवार के बीच मुकाबला होगा। शिवसेना (उद्धव) ने इस सीट से मौजूदा सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बालकर को राकांपा प्रत्याशी अर्चना पाटिल के खिलाफ मैदान में उतारा है। अर्चना पाटिल का यह पहला चुनाव है। बसपा ने संजय भागवत बाघमारे को टिकट दिया है। एआईएमआईएम से सिद्दीक इब्राहिम बाउदीवाले प्रत्याशी हैं।

उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से 1996 तक कांग्रेस का एकछत्र राज रहा। लेकिन कोई प्रत्याशी दोबारा नहीं चुना गया, कांग्रेस ने हर बार नया चेहरा दिया। 1984 से 1996 तक लगातार तीन बार कांग्रेस के टिकट से अरविंद कांबले सांसद बने। 2009 में एनसीपी के टिकट पर पद्मसिन्हा पाटील चुने गए थे। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के प्रत्याशी ओमप्रकाश भुपाल सिंह राजेनिम्बालकर को जीत मिली थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के राणा जगजित सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे।

उस्मानाबाद सीट पर सात मई को मतदान होगा। इस सीट के अंतर्गत उस्मानाबाद, तुलजापुर, ओमेरगा, लोहारा, कलांब, भूम, परांडा और वाशी विधानसभा सीटें आती हैं।



उद्धव बालासाहेब ठाकरे।

शिवसेना (यूबीटी) नेता के अनुसार राजेनिम्बालकर लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुनकर उनका हल निकालते हैं, जिससे वह लोगों के प्रिय बन गए हैं। राजेनिम्बालकर का कहना है कि उनके पास चीनी कारखाने या कॉलेज नहीं हैं, इसलिए उनका समय पूरी तरह से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित है। पिछले चुनाव में हम (अविभाजित शिवसेना) भाजपा के साथ थे, इसलिए उन्हें लगता है कि मैं मोदी लहर के कारण जीता, लेकिन इन पांच सालों में मैंने लोगों के लिए काम किया है।

राजेनिम्बालकर के मुकाबले में उतरीं राकांपा अजित पवार की अर्चना पाटिल राकांपा से भाजपा में गए तुलजापुर के विधायक राणा जगजीतसिंह पाटिल की पत्नी हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा का महायुति गठबंधन उन्हें जिताने के लिए एकजुट है।

अर्चना पाटिल का कहना है कि एक महिला यहां से चुनाव लड़ रही है और यह लोकसभा सीट देवी तुलजा भवानी का घर भी है। महायुति महिलाओं का सम्मान करती है। महिलाएं बड़ी संख्या में उनके लिए मतदान करने आएंगी




**समर्थन करें** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कोडरमा में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

## इस सीट पर दूसरे चरण में पड़ने थे वोट, बसपा प्रत्याशी के निधन से अब सात मई को तीसरे चरण में होगा मतदान

# हैंडक्रॉफ्ट की नगरी में कांग्रेस को वनवास के खात्मे का इंतजार

**बैतूल संसदीय सीट**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** ग्रीन सिटी के नाम से प्रसिद्ध और हैंडक्राफ्ट उत्पादों के लिए भारत में अलग पहचान रखने वाली बैतूल संसदीय सीट पर कांग्रेस 1996 से वनवास काट रही है। इस सीट से कांग्रेस के अंतिम सांसद प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी असलम शेर खान थे। उन्होंने 1991 में यहां राम लहर के बावजूद जीत दर्ज की थी। इसके बाद यहां के मतदाताओं को भगवा रंग ऐसा भाया कि वे कांग्रेस के हाथ के साथ जाने से परहेज करते रहे। कांग्रेस ने इस बार रामू टेकाम को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने अपने सांसद दुर्गा दास उइके पर दांव लगा दिया है। बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए अर्जुन भलावी के साथ समर में उतरी है। इस सीट पर बसपा ने पहले उनके पिता को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन नामांकन के बाद उनका निधन हो गया था। इस कारण दूसरे चरण में होने वाला मतदान चुनाव आयोग ने रोक दिया था। अब यहां तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

### 2019 में रामू टेकाम को मिली करारी हार

कांग्रेस ने 2019 में भी रामू टेकाम को उम्मीदवार बनाया था तब भाजपा के दुर्गा दास उइके ने उन्हें बड़े अंतर से हराया था। इस चुनाव में बसपा अशोक भलावी तीसरे नंबर में थे। हालांकि बसपा ने उनके निधन के बाद उनके बेटे अर्जुन भलावी को इस चुनाव में मैदान में उतार दिया है। अर्जुन भलावी लगातार पिता की समाजसेवा के सहारे वोट मांग रहे हैं। जबकि भाजपा मोदी की गारंटी के सहारे है तो कांग्रेस लोगों को यही बताने में जुटी है कि अगर भाजपा आई तो संविधान खत्म कर देगी। पांच गारंटी के बारे में भी लोगों को बताकर रामू टेकाम द्वारा वोट मांगने की कोशिश की जा रही है।

- भाजपा ने वर्तमान सांसद दुर्गा दास उइके पर दोबारा जताया है अपना विश्वास
- कांग्रेस से रामू टेकाम दे रहे टक्कर, बसपा ने प्रत्याशी के निधन के बाद पुत्र को उतारा

### विधान सभा चुनाव में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा

विधानसभा की यहां आठ सीटें हैं। भाजपा की कोशिश थी कि सभी सीटों को जीत लिया जाए, लेकिन दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीतने में कामयाब हो गए थे। विधानसभा चुनाव परिणाम पर भी गौर करें तो यहां भाजपा का पलड़ा भारी है।

1952 में जब पहला चुनाव हुआ था तब कांग्रेस के भीकूलाल चांडक जीते थे। इसके बाद पार्टी के नरेंद्र कुमार साल्वे लगातार दो बार सांसद चुने गए। जब 1977 में चुनाव हुआ तो इस सीट को जनता पार्टी ने कांग्रेस से छीन लिया। जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने यहां से मुस्लिम चेहरे के रूप में गुफरान आजम को मैदान में उतार दिया। उन्होंने न सिर्फ इस सीट को कांग्रेस की झोली में डाल दी बल्कि पार्टी अगला चुनाव जब 1984 में लड़ी तो फिर उसे यहां से जीत मिली हालांकि तब कांग्रेस का चेहरा गुफरान नहीं बल्कि असलम शेर खान थे। 1989 में जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन शुरू हुआ तो कांग्रेस के लिए इस सीट पर जीतना मुश्किल हो गया। ऐसी लहर आई की भाजपा के आरिफ बेग ने कांग्रेस के हराया। हालांकि 1991 में राम मंदिर निर्माण आंदोलन की लहर होने के बाद भी भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी थी। तब असलम शेर खान फिर यहां से जीते। यह कांग्रेस के लिए जीत वाला अंतिम चुनाव था। 1996 से लगातार कांग्रेस इस सीट पर हार रही है।

इस सीट पर कांग्रेस हर बार चक्रव्यूह बनाती है लेकिन भाजपा उसे भेद देती है। 1996 में भाजपा के विजय खंडेलवाल जीते थे। उन्होंने इस सीट पर 1998, 1999 और 2004 में भी भाजपा की झोली में डाला। 2008 में उप चुनाव हुआ तो हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा को जीत दिलाई। इसी साल परिसीमन बदला और यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। फिर कांग्रेस ने तगड़ी व्यूह रचना की लेकिन उसका कोई भी दांव काम नहीं आया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880 ।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 11000-11800 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15800-16000 |
| अरहरस्पेशल1 | 13800-14000 |
| चनादाल | 7200-7300 |
| मटरदाल | 4950-5050 |
| मसूरमलका | 7100-7150 |
| मसूरदाल | 7100-7350 |
| उड़ददाल | 9500- 13000 |
| उड़द धोवा | 10700- 13250 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 1000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-5000 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# रियल एस्टेट क्षेत्र में तीन गुना बढ़ा निवेश

## परामर्श कंपनी सीएंडडब्ल्यू के अनुसार जनवरी-मार्च में 5,743 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी



आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों में निवेश मामूली बढ़कर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था। औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था। होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई।

हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। सीएंडडब्ल्यू की मूल्यांकन, परामर्श और पूंजी बाजार खंड के प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा-चालू कैलेंडर की पहली तिमाही में भी रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत पूंजी प्रवाह देखा गया। इसमें नए ग्राहक और निवेशकों के विश्वास के कारण आवासीय क्षेत्र का दबदबा रहा।

### मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण 11 प्रतिशत बढ़ गया

बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में मजबूत आवास मांग के दम पर संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़कर 11,628 इकाई हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुंबई में अप्रैल 2023 में 10,514 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था। नाइट फ्रैंक के अनुसार-पिछले महीने 11,628 इकाइयों का पंजीकरण हुआ। मुंबई के बाजार में मकान खरीदने वालों के सकारात्मक रुख के बीच मुंबई में संपत्ति पंजीकरण 2024 में लगातार चौथे महीने 10,000 से अधिक रहा। कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय इकाइयां हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा-बाजार की सकारात्मक परिस्थितियों ने राज्य के खजाने को काफी बढ़ावा दिया, जिससे अप्रैल में राजस्व संग्रह अब तक का सर्वाधिक रहा। अप्रैल में संपत्ति पंजीकरण में तेजी आई है...यह सकारात्मक गति जारी रहने की उम्मीद है, जो मजबूत आर्थिक वृद्धि व स्थिर ब्याज दरों से प्रेरित है, जिनके स्थिर रहने की उम्मीद है।

## 11 प्रतिशत बढ़ गई बिजली की खपत

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत के साथ-साथ मांग में वृद्धि मुख्य रूप से तापमान बढ़ने और इस्पात तथा बिजली जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण हुई।

## ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करना नई सरकार के एजेंडे में हो सकता है शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक ने निर्यात को लेकर दी जानकारी



ऑनलाइन माध्यम से भारत के निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए देश में ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करने का मुद्दा नई सरकार के लिए वाणिज्य मंत्रालय के 100 दिन के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्त मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालयों के साथ ई-वाणिज्य माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदमों पर काम कर रही है क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बड़े अवसर हैं। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंत्रालयों को नई सरकार के लिए 100 दिन की योजना तैयार करने को कहा गया है। भारत में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए। मतगणना चार जून को होगी। अधिकारी ने कहा कि ये केंद्र ई-वाणिज्य माध्यमों से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे केंद्र में निर्यात मंजूरी को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भंडारण सुविधाएं, सीमा शुल्क मंजूरी, रिटर्न प्रोसेसिंग, लेबलिंग, टेस्टिंग और रीपैकेजिंग की भी सुविधा हो सकती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## विदेशी निवेशकों ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो महीने बाद अप्रैल में एफपीआई फिर हुई बिकवाली

लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। लेकिन अप्रैल में यह रुझान पलट गया और एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली।

वर्ष 2024 के पहले चार महीनों में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का कुल शुद्ध निवेश 2,222 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 44,908 करोड़ रुपये रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने भारतीय इक्विटी से 8,671 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

## जीएंडबी, गोदरेज प्रॉपर्टीज में भूमि विकास पर जारी रहेगी साझेदारी

**नई दिल्ली।** गोदरेज समूह के संस्थापक परिवार द्वारा कारोबारी समूह के सौहार्दपूर्ण विभाजन की घोषणा के अगले दिन बुधवार को गोदरेज एंड बॉयस और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि वे मुंबई के विखरोली में भूमि विकास के लिए सहयोग जारी रखेंगी।

गोदरेज एंड बॉयस (जीएंडबी) और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने संयुक्त बयान में कहा कि जब भी मालिक भूमि विकसित करने के इच्छुक होंगे, तब समय-समय पर दोनों कंपनियां विखरोली में भूमि विकास के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को जारी रखेंगी।

## बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार हुई सुस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं



देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी।

इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाददाताओं से कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है। उन्होंने कहा-हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है... अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। दूसरी ओर हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।



### उच्चतम न्यायालय ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में की टिप्पणी

# आवश्यक रस्मों के बिना हिंदू विवाह वैध नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिंदू विवाह नाचने-गाने, खाने-पीने या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है और वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है। हाल ही में पारित अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है। पीठ ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में अपने आदेश में यह टिप्पणी की। दोनों पायलटों ने वैध रस्मों से विवाह किए बिना ही तलाक के लिए मंजूरी मांगी थी। पीठ ने कहा-शादी नाचने-गाने और खाने-पीने का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और उपहारों की मांग करने का अवसर नहीं है, जिसके बाद आपराधिक कार्यवाही शुरू हो सकती है। शादी कोई वाणिज्यिक लेनदेन नहीं है। यह एक पवित्र बंधन है जो एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध स्थापित करने के लिए है, जो भविष्य में एक विकसित परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं, जो भारतीय समाज की एक बुनियादी इकाई है।

पीठ ने शादी को पवित्र बताया क्योंकि यह दो लोगों को आजीवन, गरिमापूर्ण, समान, सहमतिपूर्ण और स्वस्थ मिलन प्रदान करती है। उसने कहा कि हिंदू विवाह परिवार की इकाई को मजबूत करता है और विभिन्न समुदायों के भीतर भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

### युवा पुरुषों और महिलाओं के चलन की कोर्ट ने की निंदा



पीठ ने कहा-हम उन युवा पुरुषों और महिलाओं के चलन की निंदा करते हैं जो (हिन्दू विवाह) अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैध विवाह समारोह के अभाव में एक-दूसरे के लिए पति और पत्नी होने का दर्जा हासिल करना चाहते हैं और इसलिए कथित तौर पर शादी कर रहे हैं...। पीठ ने 19 अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि जहां हिंदू विवाह सप्तपदी (दूल्हा एवं दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के समक्ष सात फेरे लेना) जैसे संस्कारों या रस्मों के अनुसार नहीं किया गया हो, उस विवाह को हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा।

## निजी संपत्तियों को समुदाय का भौतिक संसाधन कहा जा सकता है या नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इस जटिल कानूनी सवाल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है और क्या 'सार्वजनिक कल्याण' में इस्तेमाल के लिए इसे राज्य प्राधिकार अपने कब्जे में ले सकता है? इस प्रश्न पर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ विचार कर रही है। पीठ 16 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें 1992 में मुंबई स्थित प्रॉपर्टी ऑनर्स एसोसिएशन (पीओए) की ओर से दायर मुख्य याचिका भी शामिल है। पीओए ने महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) अधिनियम के अध्याय आठ(ए) का कड़ा विरोध किया है।




**नई दिल्ली :** एयर मार्शल नागेश कपूर 1 मई को बेंगलुरु में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) ट्रेनिंग कमांड का पदभार संभालने के बाद अन्य लोगों के साथ मार्च करते हुए। ● एजेंसी

## एक नजर

### जम्मू के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि दरमियानी रात को किश्तवाड़ जिले में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 .4 मापी गयी। भूकंप 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कम तीव्रता वाले इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप से अब तक किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### डॉ. अतुल वर्मा हिमाचल के नए डीजीपी नियुक्त

**शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1992 बैच के अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को हिमाचल प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आईपीएस संजय कुंडू की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है। डॉ. वर्मा, जो पहले सीआईडी, हिमाचल प्रदेश के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे, अब जनहित में राज्य पुलिस बल के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। डॉ. वर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा बुधवार यानी एक मई को तत्काल प्रभाव से जारी कर दी गई है।

## भाजपा न तो आरक्षण हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी

कोरबा (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनसभा में विपक्षी दल पर लगाया झूठ बोलने का आरोप



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा न तो अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि चार जून को वह अपनी हार का ठीकरा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फोड़ने वाली है।

शाह कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण करती रही है। शाह ने कहा-कांग्रेस पार्टी का एक सूत्र है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो। वे कहते हैं कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने मेरा एक 'फर्जी वीडियो' प्रसारित किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 10 साल से आपके आशीर्वाद से मोदी जी के पास बहुमत है। मोदी ने ना आरक्षण हटाया, ना हटाएंगे।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेद 370 हटाने, राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाने, सीएए लागू करने, तीन तलाक समाप्त करने और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया। उन्होंने कहा-मैं आपको मोदी की गारंटी देने आया हूं, जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को ना हम हटाएंगे, ना ही कांग्रेस को हटाने देंगे। भाजपा नेता ने कोरबा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सरोज पांडेय को वोट देने की अपील की। इस सीट पर सात मई को मतदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा-खरगे साहब! क्यों एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं? चार जून (चुनाव परिणाम) को हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटने वाला है। आपको नहीं पता ये किसी के नहीं होते।

## दिल्ली की अदालत ने की प्रवर्तन निदेशालय की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा-मजबूत नेता और एजेंसियां जिनकी रक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें ही बनाते हैं शिकार

दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए सख्त पीएमएलए कानून का उपयोग करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना करते हुए कहा कि इतिहास सिखाता है कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आम तौर पर जिनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं उन्हीं को पलटकर निशाना बनाते हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह टिप्पणी अमित कत्याल द्वारा दाखिल एक आवेदन पर फैसला करते हुए की, जिसमें रेलवे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चिकित्सा आधार पर पांच फरवरी को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने 30 अप्रैल को अंतरिम जमानत के विस्तार को यह देखते हुए अस्वीकार कर दिया कि कत्याल स्पष्ट रूप से ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवन शैली का पालन कर सकते हैं। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि कत्याल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने उन डॉक्टरों के बयान दर्ज करने में ईडी द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के उपयोग पर आपत्ति जताई थी।

## कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने छोड़ी पार्टी आप के साथ गठबंधन पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** आप से गठबंधन के विरोध में कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया था। लवली द्वारा आप के साथ गठबंधन का हवाला देकर इस्तीफा देने और राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस उम्मीदवारों के बयानों के बाद पार्टी की दिल्ली इकाई में दरारें उजागर हुई थी। इन घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्रों में नीरज बसोया और नसीब सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता परेशान हैं और आप से गठबंधन के कारण अपमानित महसूस कर रहे हैं।

# कोर्ट ने मिशेल की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

### अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला




दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में नियमित जमानत का अनुरोध करने वाले कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उनका रुख व्यक्त करने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने ब्रिटिश नागरिक की जमानत याचिकाओं पर जांच एजेंसियों को नोटिस जारी किया, जिसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पण के तहत लाया गया था और बाद में कथित घोटाले में भूमिका के लिए उसे गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने 22 अप्रैल को पारित दो अलग-अलग आदेशों में सीबीआई और ईडी के वकील से तीन सप्ताह में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जेम्स फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। शीर्ष अदालत ने जेम्स की उस दलील को खारिज कर दिया था जिसमें कहा गया था कि उसे इस आधार पर रिहा किया जाए कि वह इस मामले में दी जाने वाली अधिकतम कारावास की सजा का आधा हिस्सा जेल में बिता चुका है। इसके पहले उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सीबीआई और ईडी, दोनों से ही जुड़े मामलों में उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से जुड़ा है। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया कि वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 8 फरवरी, 2010 को हस्ताक्षरित सौदे के कारण सरकारी खजाने को लगभग 2,666 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने अदालत के विस्तार की मांग वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा जिसमें अदालत, अदालत कक्षों, वकीलों के कक्षों, पार्किंग स्थान और बुनियादी ढांचे के विस्तार का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने याचिका पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों तथा कानून एवं न्याय मंत्रालय और उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दायर की गई है। इस याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्च न्यायालय के विस्तार के लिए ढांचागत जरूरतों के मद्देनजर यहां बापा नगर की पूरी जमीन का कब्जा सौंप दिया जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा-परेशानी यह है कि उच्च न्यायालय यहीं है। हमें अगल-बगल की भूमि की आवश्यकता होगी। हम इस पर गौर करेंगे और देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं। वस्तुतः आज हमारे पास कोई जमीन नहीं है। मामले मे अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। इस मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व स्थायी वकील अनुराग अहलूवालिया ने किया, वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासन पक्ष का प्रतिनिधित्व वकील रावी बीरबल ने किया।

# चुनाव के दांव-पेच सीखने भारत आए 10 देशों के दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया, रूस समेत 18 राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया को समझने भारत दौरे पर आए

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आए हैं। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार 10 देशों के कई राजनीतिक दल भाजपा के निमंत्रण पर एक से पांच मई तक भारत दौरे पर रहेंगे।

लोकसभा चुनाव का शुरुआती अनुभव लेने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के निमंत्रण पर 10 देशों के 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारत की यात्रा पर आए हैं। इस दौरान यह लोग भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भाजपा के कई नेताओं से बातचीत करेंगे। डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल, रूस, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और वियतनाम सहित 10 देशों से आने वाले प्रतिनिधि भारतीय चुनावी प्रक्रिया के साथ-साथ भाजपा की चुनाव अभियान रणनीतियों को समझने के लिए नई दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की लिबरल पार्टी, वियतनाम की वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी, बांग्लादेश की अवामी लीग, इजराइल की लिकुड पार्टी, युगांडा की नेशनल रेसिस्टेंस मूवमेंट, तंजानिया की चामा चा मापिनदुजी और रूस की यूनाइटेड रशिया पार्टी उन राजनीतिक दलों में शामिल हैं।



## अमेरिका : प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

न्यूयॉर्क, एजेंसी

फिलिस्तीनी समर्थक छात्र अमेरिका भर के विवि में प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कैंपस में तंबू लगाकर कई दिनों से छात्र विरोध प्रदर्शन करने में जुटे हुए हैं। पुलिस बार-बार छात्रों से अपील कर रही है कि वे तत्काल कैंपस से हट जाएं। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय पर छात्रों ने कब्जा कर लिया था, इसके बाद छात्रों को निलंबित करना शुरू कर दिया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान कई छात्रों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने कैंपस को खाली करने के लिए कई कड़े कदम उठाए हैं। छात्रों द्वारा प्रदर्शन कर रहे बने तंबुओं को भी उखाड़ दिया। बता दें, इस महीने की शुरुआत में कोलंबिया में विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत हुई जो अब कैलिफोर्निया से लेकर मैसाचुसेट्स तक फैल चुका है। जैसे-जैसे मई के शुरुआत में होने वाले समारोह नजदीक आ रहे हैं, प्रशासकों को अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

# एआई की रेस में भारतीय कंपनियां सबसे आगे

**60%** अग्रणी देशों में कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं

### कौनसा देश किसी स्थिति में

- भारत : 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं।
- सिंगापुर : 57% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट।
- अमेरिका : 53% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट से लैस हो चुकी हैं।
- जापान : 19% कंपनियां ही एआई प्रोजेक्ट पर चला रही हैं।

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने दुनिया को अग्रणी और पिछड़े देशों में विभाजित कर दिया है। डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेटएप की रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की रेस में भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन और अमेरिका अग्रणी हैं। स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी पिछड़े देशों में से हैं। अग्रणी देशों में 60% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। जबकि भारत में 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं। पीछे रहने वाले ने देशों में 36% कंपनियों के पास ही ऐसे प्रोजेक्ट हैं नेटएप ने यह रिपोर्ट सवंता के साथ साझेदारी में की गई स्टडी से तैयार की है।*

### अपनाने में कौन आगे

- 70 फीसदी टेक्नोलॉजी
- 55 फीसदी बैंकिंग और फाइनेंशियल
- 50 फीसदी मैनुफैक्चरिंग
- 38 % हेल्थकेयर
- 25% मीडिया और एंटरटेनमेंट

- 10 देशों के 1,300 से अधिक अधिकारियों से सवाल पूछे गए। रोचक बात यह है कि भारत की 91% कंपनियों की योजना एआई प्रोजेक्ट को ट्रेन्ड करने के लिए अपना डेटा इस्तेमाल करने की है। वैश्विक स्तर 20/ भारतीय कंपनियों का 53% भारत कि वे आईटी की जगह एआई की मदद लेंगी।



### इससे क्या होगा नुकसान

फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा नौकरी कॉल सेंटर्स में मिलती है लेकिन अगले दो साल में यह नजारा कुछ और होने वाला है। तमाम कॉल सेंटर्स में एआई का इस्तेमाल बड़े स्तर पर होने लगेगा और इंसानों की जरूरत नहीं होगी। ऐसे में अगले दो साल में यानी 2025 तक दुनियाभर में कॉल सेंटर्स के लाखों लोग बेरोजगार होंगे। उन्होंने कहा कि एआई इनकमिंग कॉल को आसानी से हैंडल कर सकते हैं और उनके जवाब दे सकते हैं। कॉल सेंटर में इंसानों की जरूरत नहीं होगी।

### कई क्षेत्रों में हो रहा एआई का इस्तेमाल

आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आज कई क्षेत्रों में हो रहा है। मोबाइल से लेकर टीवी तक में एआई का सपोर्ट मिल रहा है। एआई का इस्तेमाल तब खतरनाक हो जा रहा है जब यह इंसानों को रिप्लेस करने लग रहा है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अगले दो साल में कॉल सेंटर्स में इंसानों की जरूरत नहीं होगी। लोगों की जगह एआई काम करेंगे। यह बात टीसीएस के प्रमुख के कृथिवासन ने कही है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की लेखिका को डॉक्टरेट की उपाधि

**लंदन।** कोलकाता में जन्मी इतिहासकार-लेखिका श्राबणी बासु को साहित्य तथा साझा ब्रिटिश भारतीय इतिहास के अध्ययन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लंदन विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। सर्वाधिक बिकने वाली जीवनी संबंधी पुस्तकों की लेखिका बासु ने मंगलवार को एक दीक्षांत समारोह में 'डॉक्टर ऑफ लिटरेचर' की अपनी मानद उपाधि ग्रहण की। विक्टोरिया एंड अब्दुल : द ट्रू स्टोरी ऑफ क्वीन्स क्लोजेस्ट कॉन्फिडेंट' पर एक फिल्म भी बनी है जिसे ऑस्कर के लिए नामित किया गया था और उसमें डेम जूडी डेंच ने अभिनय किया था। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय की बहन प्रिंसेज रॉयल ने विवि की कुलाधिपति के तौर पर बासु को यह डिग्री प्रदान की।

### अमेरिका में मेट्रो ट्रेन-बस की टक्कर में 55 लोग घायल

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में मंगलवार को मेट्रो ट्रेन और एक बस की टक्कर में 55 लोग घायल हो गए। लॉस एंजिल्स अग्निशमन विभाग ने कहा कि दोपहर के आसपास, लॉस एंजिल्स मेट्रो ट्रेन शहर के एक्सपोज़िशन पार्क क्षेत्र में दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की बस से टकरा गई। बस में गंभीर रूप से घायल हुए दो लोगों के अलावा, 16 लोगों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया और 37 लोगों का घटनास्थल पर ही इलाज कर दिया गया। ट्रेन में करीब 150 यात्री सवार थे।

### कोलंबिया में हजारो गोले और 37 मिसाइलें सैन्य अड्डे से हुईं चोरी

**बोगोटा।** एक मई (एपी) कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने मंगलवार को कहा कि देश के दो सैन्य अड्डों से हजारों गोलों (ग्रेनेड) और गोलियों की चोरी हुई है। पेट्रो ने कहा कि सेना ने इस माह निरीक्षण किया और पाया कि हजारों गोलियां, हजारों गोले और तोप रोधी 37 मिसाइलें सैन्य अड्डों से चुराई गई हैं। इन सैन्य अड्डों में से एक देश के मध्य भाग में जबकि दूसरा कैरेबियाई तट के निकट स्थित है। राष्ट्रपति ने कहा कि हो सकता है कि ये गोला-बारूद कोलंबियाई विद्रोही संगठनों के हाथ लगे हों या उन्हें अन्य देशों में आपराधिक समूहों को अवैध रूप से बेच दिया गया हो जिनमें हैती के विद्रोही भी शामिल हैं।

### तमिलनाडु: पत्थर खदान में बड़ा धमाका, चार की मौत, आठ घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुद्धनगर जिले में करियापट्टी इलाके में एक पत्थर खदान में हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल पर राहत और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर घटना पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। इससे पहले तमिलनाडु में मंगलवार शाम को हुए एक अन्य सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 15 लोग घायल हुए थे। दरअसल एक निजी बस यात्रियों को लेकर यरकौड से सेलम जा रही थी। सेलम में यरकौड घाट रोड पर बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

# भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल 10 खालिस्तानियों पर होगी कार्रवाई

## अमेरिका में मार्च 2023 में सैन फ्रांसिस्को स्थित दूतावास पर हुआ था हमला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पिछले साल मार्च में सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए खालिस्तान समर्थकों के हमले को लेकर अब अमेरिकी सरकार एक्शन में आ गई है। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) दूतावास हमले में शामिल 10 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया है कि, लुकआउट नोटिस यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिकी एजेंसियां सक्रिय रूप से हमले में शामिल 10 आरोपियों को हिरासत में लेगी। अमेरिकी अधिकारियों और बाद में भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उनसे पूछताछ, पहचान और गिरफ्तारी की तैयारी में लग जाएंगी। गौरतलब है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला 18 और 19 मार्च 2023 की मध्यरात्रि को हुआ था। जब कुछ कथित खालिस्तान समर्थकों ने अवैध रूप से वाणिज्य दूतावास में प्रवेश किया और आग लगाने का प्रयास किया। दूतावास की इमारत को क्षतिग्रस्त कर दिया और दूतावास के अधिकारियों को घायल कर दिया था। इसके अलावा 18 जून 2023 को कनाडा के सुरीं में अलगाववादी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद 1 और 2 जुलाई 2023 की मध्यरात्रि में कुछ आरोपी फिर से वाणिज्य दूतावास में घुस गए और उसे जलाने की कोशिश की थी।

### खालिस्तानी प्रदर्शनकारी नहीं, अब इन्हें अपराधी माना जाएगा

खालिस्तानी समर्थकों के लेकर अमेरिका जांच एजेंसियों के रुख में बड़ा बदलाव आया है। एफबीआई



के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल खालिस्तानी संगठनों को अब प्रदर्शनकारी नहीं माना जाएगा, बल्कि इन्हें अपराधी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। एफबीआई कथित तौर पर ऐसे समूहों के खिलाफ आपराधिक कानूनों के अनुसार कार्रवाई की योजना बना रही है और उसने कई लोगों के नाम भी तय कर लिए हैं। इससे पहले, ऐसे खालिस्तानी समर्थक संगठनों की गतिविधियों को अमेरिका के द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में रखा जाता था।

### खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग पर लगेगी रोक

खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग को ट्रैक कर इस पर रोक लगाई जाएगी एफबीआई खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग की भी जांच कर रही है। अमेरिका ने इन संगठनों की वित्तीय सहायता को ट्रैक करने और रोकने प्रयासों को तेज कर दिया है। एफबीआई और एनआईए की जांच में यह भी पता चला कि खालिस्तानी संगठनों के कई समर्थक ऑनलाइन कट्टरपंथ से प्रभावित थे और तस्करी जैसे अपराधों में शामिल हैं। एफबीआई अधिकारियों ने एनआईए से कहा है कि खालिस्तानी अपराधियों के नाम और पासपोर्ट के अलावा बायोमेट्रिक्स भी प्रदान करें। भारतीय एजेंसियां इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस का अनुरोध करते समय आरोपी का नाम, पासपोर्ट विवरण साझा करती हैं। एफबीआई के मुताबिक बायोमेट्रिक्स डेटा से अपराधियों का तलाश आसान होगी।

## जेल में बंद नेताओं को डिजिटल प्रचार की नहीं मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** जेल में बंद नेताओं को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने जेल में बंद नेताओं को लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि यह अर्जी बहुत ही दुस्साहसिक और कानून के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतें नीतिगत निर्णय नहीं लेती हैं और ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेना संसद का काम है।

पीठ ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार करने की अनुमति नहीं दे सकते जो हिरासत में है। अन्यथा, सभी बलात्कारी, हत्यारे चुनाव से महज पहले राजनीतिक दल बनाने लगेंगे। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। अदालत विधि छात्र अमरजीत गुप्ता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। गुप्ता निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा किए जाने के बाद नेताओं, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, की गिरफ्तारी के समय को लेकर आहत हैं।

# जज को तो शनिवार-रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालतों और हाईकोर्ट के जजों की छुट्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की छुट्टी को लेकर एक टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो लोग न्यायालय और न्यायाधीशों की लंबी छुट्टियों को लेकर आलोचना करते हैं, उन्हें यह नहीं पता कि न्यायाधीशों को तो शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती।

छुट्टी का मुद्दा तब सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के एक मामले में दलीलों के लिए गुरुवार का दिन तय किया। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 20 मई से गर्मियों की छुट्टियों पर जाने से पहले दलीलें पूरी कर ली जाएं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई पर राज्य से पूर्व अनुमति लिए बिना जांच करने का आरोप लगाया गया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, 'जो लोग यह आलोचना करते हैं कि शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट लंबी छुट्टियां लेते हैं, उन्हें नहीं पता कि न्यायाधीश कैसे काम करते हैं।' उन्होंने केंद्र का पक्ष रखते हुए पीठ से कहा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश रोजाना 50 से 60 मामले देखते हैं और वह छुट्टियों के हकदार हैं।

### सिंध में जबरन हो रहा हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी हिंदू नेता और सीनेट के सदस्य दानेश कुमार पलयानी ने सिंध प्रांत में गंभीर मानवाधिकार संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि हिंदू समुदाय की लड़कियों को जबरन इस्लाम में परिवर्तित किया जा रहा है। दानेश कुमार पलयानी ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा हिंदू लड़कियों से जबरन इस्लाम धर्म कबूल करवाया जा रहा है। जिन इलाकों में हिंदू बसे हुए हैं, वहां लड़कियों का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। सीनेट में अपनी बात रखते हुए पलयानी ने कहा कि पाकिस्तान हमें यह अधिकार देता है कि कोई भी किसी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर नहीं कर सकता। कुरान में भी इस बात का जिक्र किया गया है कि धर्म में कोई जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए।

### बर्फ हटाने में जुटे सैनिक



**चमोली :** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के पैदल यात्रा मार्ग से सैनिकों ने बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। 25 मई से शुरू हो को लेकर सेना के जवान प्रतिकूल मौसम के बीच घांघरिया और लोकपाल साहिब के रास्ते से बर्फ हटाने में जुटे हुए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा मार्गों पर पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ● एजेंसी

## चीन के ग्वांगदोंग में राजमार्ग ढहा, वाहन फंसे, 24 की मौत

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन में बुधवार को राजमार्ग का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कई वाहन फंस गए और 24 लोगों की मौत हो गई। चीनी मीडिया के अनुसार, राजमार्ग का 17.9 मीटर (58.7 फीट) हिस्सा ढह गया 18 वाहन नीचे गिर गए।

अधिकारियों ने बताया है कि, बीते दो हफ्तो में ग्वांगदोंग प्रांत के हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हो रही है, जिससे बाढ़ जैसे हालात हैं। मीझोऊ के कुछ गांवों में अप्रैल में बाढ़ आई और हाल के दिनों में शहर में भारी बारिश हुई है। स्थानीय मीडिया को बताया कि बचावदल मौके पर पहुंच गया है। फंसे लोगों में निकाला जा रहा है, 30 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# ब्रिटेन में छात्र वीजा के बदलाव से आश्रितों की संख्या घटी

लंदन, एजेंसी

- सख्त नियमों का दिखा असर, 80 प्रतिशत तक दर्ज हुई गिरावट



ब्रिटेन में छात्र वीजा को लेकर इस साल सख्त नियम जारी किए गए हैं। ऐसे में अब विदेशी छात्रों के साथ जाने वाले आश्रितों की संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट देखने को मिली है, जिसका ब्रिटेन सरकार ने स्वागत किया है। ब्रिटेन के गृह विभाग का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से लेकर मार्च के महीने में छात्रों के साथ आने वाले आश्रितों की संख्या में 80 प्रतिशत तक गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा दुनियाभर से 26,000 से कम छात्रों ने वीजा के लिए आवेदन किया है। बीते कुछ वर्षों में वीजा आवेदन के मामले में भारतीय छात्र अगृणी रहे हैं लेकिन इस बार के आंकड़े कुछ अलग कहानी बयां कर रहे हैं। वीजा आवेदन में गिरावट का मतलब है कि इस बार कम भारतीय छात्रों ने यूके के विश्वविद्यालयों को चुना है।

जनवरी से प्रभावी नियमों के तहत रिसर्च कोर्स करने वाले छात्रों को छोड़कर अधिकांश छात्र अपने परिवार के सदस्यों को स्टूडेंट वीजा पर साथ नहीं ला सकते। इसके अलावा वे अपना कोर्स पूरा करने से पहले वीजा नहीं बदल सकते।

## ताइवान से तनाव के बीच चीन का उन्नत विमानवाहक पोत लांच

**बीजिंग।** चीन ने अपने सबसे उन्नत और तीसरे विमानवाहक पोत फुजियान का समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। फुजियान के चीनी सेना में शामिल होने के बाद ड्रैगन की ताकत काफी ज्यादा बढ़ जाएगी। ताइवान और दक्षिण चीन सागर में जारी विवाद के बीच चीन ये परीक्षण कर रहा है।

बुधवार से शुरू हो रहे परीक्षण में पोत के स्थायित्व, और इलेक्ट्रिक सिस्टम का प्राथमिक तौर पर परीक्षण किया जाएगा। चीन ने साल 2022 में फुजियान विमानवाहक पोत को लॉन्च किया था। अभी तक फुजियान पोत अपने मूरिंग परीक्षण और अन्य तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर चुका है। विमानवाहक पोत के परीक्षण के चलते चीन ने यांग्जी नदी में यातायात परिवहन रोक दिया है।

# साइफर मामले में इमरान के विरुद्ध ठोस सबूत नहीं: कोर्ट

इस्लामाबाद, एजेंसी

- गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में पूर्व पीएम को राहत



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि जेल में बंद खान के पास गोपनीय दस्तावेज (साइफर) था और यह उनके पास से गायब हुआ।

इमरान और तत्कालीन विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने साइफर मामले में आरोप सिद्ध होने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर मंगलवार को फिर से सुनवाई शुरू हुई। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की खंडपीठ ने सवाल किया कि क्या एजेंसी के पास कोई सबूत है, जो साबित कर सके कि पूर्व पीएम के पास गुप्त दस्तावेज थे। साल 2022 मार्च में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले एक जनसभा के दौरान पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने जेब से एक कागज निकालकर लहराया था और दावा किया था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। आरोप है कि साल 2022 में वाशिंगटन से पाकिस्तान स्थित दूतावास में एक केबल भेजा गया था, जो लीक हो गया और इमरान खान ने कथित तौर पर उसे ही जनसभा के दौरान लहराया था।

**विज्ञान** तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने में मील का पत्थर साबित होगी यह तस्वीर

# कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** स्याह अंधकार के बीच चमकती निहारिका की भीतरी संरचना को कैमरे में कैद करने की सफलता जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने हासिल की है। इस निहारिका का नाम हॉर्सहेड नेब्यूला है, जो हमसे 13 सौ प्रकाशवर्ष दूर है।

तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने के लिए यह तस्वीर मील का पत्थर साबित होगी। नासा के अनुसार यह निहारिका धूल और गैस की अशांत लहरों का विशाल समुद्र है। जिसे बरनार्ड 33 के नाम से भी जाना जाता है। इस निहारिका की तस्वीर में नई रोशनी नज़र आती है। जिससे निहारिका के एक क्षेत्र की जटिलता को आसानी से समझा जा सकता है। नई जानकारी के अनुसार यह निहारिका विभिन्न पदार्थों के ढहते अंतरतारकीय बादल से बनी है और बेहद चमकती है। साथ ही यह भी पता चलता है कि इसके आसपास के गैस के बादल समाप्त हो चुके हैं। जैसे ही प्रकाश धूल के बादल को वाष्पित करता है, धूल के कण गर्म गैस के साथ बादल से दूर चले जाते हैं।

इससे निहारिका बादलों के नेटवर्क का पता लगाया है। साथ ही धूल के अवरुद्ध होने और प्रकाश उत्सर्जन की जानकारी मिलती है। इसके अलावा नेबुला के बहुआयामी आकार को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। इतना ही नही इससे निहारिका में मौजूद सामग्री के भौतिक और रासायनिक गुणों के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। जिस कारण यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में यह शोध गत दिवस प्रकाशित हुआ है।



हॉर्सहेड निहारिका।

### करिश्माई है वेब टेलीस्कोप

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप वास्तव में करिश्माई है। जिसने खगोल विज्ञान को अंतर्दृष्टि दी है। यह टेलीस्कोप अभी तक ब्रह्मांड के अनेक पदार्थों का रहस्य उजागर करने में बेहद मददगार साबित हुई है। खगोल वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस टेलीस्कोप के जरिए निकट भविष्य के ब्रह्मांड के अनेक राज उजागर हो सकेंगे।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को 27 देशों के सैन्य कमांडर एकजुट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोजित सम्मेलन में शामिल हुए सीडीएस, सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा



27 देशों के वरिष्ठ सैन्य कमांडर हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर वर्चुअल सम्मेलन में शामिल हुए। इस आयोजन में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी भाग लिया।

मंगलवार को अमेरिका की इंडो पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो समेत अन्य ने सैन्य सहयोग बढ़ाने, साझा सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग, हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उद्देश्यों की पूर्ति संबंधी समीक्षा भी की गई।

हिंद प्रशांत महासागर का क्षेत्र अमेरिका की सामरिक रणनीति का केंद्र है और अमेरिका इस क्षेत्र में भारत के साथ व्यापक सहयोग का हिमायती है। हिंद प्रशांत महासागर में चीन का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से अमेरिका इस क्षेत्र के देशों के साथ लगातार सहयोग बढ़ा रहा है। वर्तमान में हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में 38 देश शामिल हैं, जो दुनिया के कुल सतह क्षेत्र का 44 प्रतिशत हैं। यहीं पर दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी रहती है और आर्थिक तौर पर बात करें तो दुनिया की कुल जीडीपी में से 62 प्रतिशत हिस्सा हिंद प्रशांत क्षेत्र से ही आता है।